फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 1, वर्ष 12, अंक 287, पृष्ठ 12, मूल्य: 5.00

प्रयागराज, सोमवार, 6 फरवरी, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news





अंदर - सलाम! सावित्री बाई!!

अन्दर : झूलन गोस्वामी बनीं मुंबई इंडियंस महिला टीम की मेंटोर चार्लोट एडवर्ड्स मुख्य कोच नियुक्त

# वोट बैंक के लिए नहीं होती योजनाएं, समाज को स्वावलंबी बनाना सरकार की मंशा: सीएम योगी

## सीएम योगी ने भाऊराव देवरस सेवा न्यास के महामना शिक्षण संस्थान बालिका प्रकल्प के भूमि पूजन कार्यक्रम को किया संबोधित, बोले-सरकार और समाज जब अनुशासन के साथ आगे बढ़ता है तो परिणाम भी उसी रूप में सामने आते है, उन्होंने संत रविदास की 646वीं जयंती की दी बधाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार की योजनाएं वोट बैंक के लिए नहीं होती हैं। सरकार की योजनाओं की मंशा समाज के स्वावलंबन की होती है। समाज को स्वावलंबी बनाने के लिए डबल इंजन की सरकार प्रदेश में कई तरह की योजनाएं चला रही है। हमारी सरकार ने ऐसी कई स्कीम प्रारंभ की है जो छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने में बड़ी मदद कर सकती है।

बालिकाओं के लिए प्रदेश के अंदर कन्या सुमंगला योजना चालू की गई है। बालिका के जन्म लेने के समय यदि उसका रजिस्ट्रेशन हो गया तो उसके नाम पर उसके परिवार के पास सरकार की तरफ से एक निश्चित राशि पहुंच जाती है। उन्होंने कहा कि अक्सर बालक और बालिकाओं के बीच में भेद किया जाता है, बालिका के साथ भेदभाव ना हो इसके लिए हमने मिशन इंद्रधनुष शुरू किया। इसके माध्यम से एक साल में सभी प्रकार के टीके बालिकाओं को लगे यह सुनिश्चित किया जाता है।



***कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप की अपार संभावनाएं***

सीएम योगी रविवार को भाऊराव देवरस सेवा न्यास के महामना शिक्षण संस्थान बालिका प्रकल्प के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने संत रविदास की 646वीं जयंती की बधाई दी। उन्होंने कहा कि बालक और बालिकाओं के लिए हमने अभ्युदय कोचिंग का शुभारंभ किया, जिससे बच्चों को फिजिकली और वर्चुअली फ्री में कोचिंग मिल रही है, जिसमें हमारे कम्पटीशन से निकले योग्य अभ्यर्थी पढ़ रहे हैं। इस बार यूपी लोकसेवा आयोग में 43 बच्चे ऐसे थे, जो अभ्युदय से जुड़े थे और उनका चयन हुआ। हम गरीब बच्चों को टेबलेट और स्मार्टफोन भी दे रहे हैं।

सीएम योगी ने कहा कि शिक्षण संस्थानों और समाज को जागरूक होना होगा। यूपी में कृषि क्षेत्र में स्टार्टअप की अपार संभावनाएं हैं, हमें युवाओं को तैयार करना है। एमएसएमई यूपी का सबसे बड़ा बेस रखता है, यूपी के निर्यात को शासन ने थोड़ा प्रोत्साहन दिया और आज वह फिर से चलने लग गया और अब 1.60 लाख करोड़ रुपए का सालाना निर्यात यूपी से हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री स्किल मिशन का चतुर्थ चरण प्रारम्भ होने जा रहा है, हमें अपने युवाओं को इसके लिए तैयार करना होगा। सारी योजनाओं को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाना अनिवार्य है ताकि डिग्री लेने के बाद युवाओं को यहां वहां भटकना ना पड़े।

***गुलामी के कालखंड में हमारे स्वाभिमान को कुचला गया***

सीएम योगी ने कहा कि भारत की परम्परा सदैव स्वावलंबन की रही है। इसके पीछे यहां का समाज रहा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज की बात वास्तविकता है। पहले हमारे गांव और समाज आत्मनिर्भर थे। शासन पर उनकी निर्भरता न्यूनतम थी, जब समाज आगे चलेगा और सरकार उसके पीछे होगी तो समाज आत्मनिर्भर और स्वावलंबी होगा। वहीं जब सरकार आगे और समाज पीछे होगा तो समाज परावलंबी बनेगा। सरकार से हर चीज के लिए उम्मीद करेगा।

उन्होंने कहा कि गुलामी के कालखंड में हमारे गौरव के बोध को समाप्त करने के प्रयास किए गए। यही कारण थे कि हमारे बड़े-बड़े आस्था और शिक्षण के केंद्र तोड़े गए। भारतीय समाज खुद पर गौरव की अनुभूति न कर सके इसके लिए हमारे स्वाभिमान को कुचला गया। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव पहला ऐसा राष्ट्रीय पर्व है जिसे पूरे देश ने मनाया और उसके साथ जुड़ा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक आह्वान पर देश की 140 करोड़ की आबादी ने इस महोत्सव पर अपने-अपने घर पर तिरंगा लगाया और भारतीयता का एहसास दिलाया। यही भारतीयता का एहसास सदी की सबसे बड़ी महामारी कोविड के दौरान भी देखने को मिली, जब इतनी बड़ी आबादी ने टीमवर्क के रूप में कार्य किया, दुनिया का सबसे अच्छा कोरोना प्रबंधन का उदाहरण भारत ने दिया।

***अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की दी सलाह***

सीएम योगी ने कहा कि सरकार और समाज जब अनुशासन के साथ आगे बढ़ता है तो परिणाम भी उसी रूप में सामने आते है। उदाहरण के रूप में आज दो महापुरुषों से जुड़े पवित्र संस्थान के भूमि पूजन के कार्यक्रम के साथ हम जुड़े हैं। पहले डॉक्टर भाऊराव देवरस जिन्होंने लखनऊ में रह कर छात्रसंघ की राजनीति में सक्रिय हुए और देश की आजादी के आंदोलन में अपना योगदान एक युवा और नागरिक के रूप में किया। उसके उपरांत समाज के साथ जुड़ कर उसके लिए काम किया, जो आज भी हमारा मार्गदर्शन करता है। दूसरा नाम है भारत रत्न पंडित महामना मदन मोहन मालवीय का है, जो स्वतंत्र संग्राम सेनानी थे। वह आजादी के आंदोलन के दौरान न्यायालय जा कर क्रांतिकारियों की पैरवी भी करते थे। महामना मालवीय एक समाज सुधारक भी थे। पवित्र गंगा को रोकने का प्रयास जब हुआ तब उन्होंने गंगा महासभा के माध्यम से आवाज उठाई। उन्होंने भारतीय परंपरा के अनुसार एक स्वतंत्र भारत में कैसा भारत हमें चाहिए उसके लिए कार्य किया और काशी हिंदू विश्वविद्यालय जैसा संस्थान प्रारम्भ किया।

***शिक्षकों और विद्यार्थियों को किया सम्मानित***

कार्यक्रम में सीएम योगी ने संस्थान के तीन शिक्षकों और 12वीं के बाद उच्च शिक्षा के लिए अपने पहले प्रयास में प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। इस दौरान सीएम ने शिक्षकों को शाल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। वहीं छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाया। उसके बाद सीएम योगी ने प्रकल्प की प्रथम स्मारिका का विमोचन किया। महामना मदन मोहन मालवीय के जीवन पर आधारित इस स्मारिका में देश के मूर्धन्य विद्वानों के लेख हैं। न्यास की अर्धवार्षिक पत्रिका सेवा चेतना का भी सीएम योगी ने विमोचन किया।

## सबका साथ, सबका प्रयास और सबका विकास वाला है यह बजट: भूपेन्द्र यादव

**लखनऊ।** भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने आज रविवार को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पार्टी मुख्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि केंद्र सरकार के इस बजट में कोविड महामारी के बाद भी निरंतर अर्थव्यवस्था का बढ़ना ये दिखाता है कि भारत की अर्थव्यवस्था बढ़ रही है। इसका साथ ही उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एमएसएमई और सभी क्षेत्र में बढ़त दिखता है। यह बजट सबका साथ सबका प्रयास और सबका विकास वाला है।

अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को आगे बढ़ाने वाला बजट है। इन्फ्रा और इन्वेस्टमेंट के साथ ग्रोथ को बढ़ाने वाला बजट है। इस दौरान उन्होंने कहा कि कुछ लोग समाज में विद्वेष की भावना फैलाना चाहते हैं, हम सबका साथ सबका विकास के साथ काम कर रहे हैं। अखिलेश यादव के शुद्र वाले बयान पर उन्होंने कहा कि बीजेपी ऐसा नहीं मानती।

# केंद्रीय कर्मचारियों को होली पर मिलेगा तोहफा! महंगाई भत्ते में चार फीसदी की बढ़ोतरी कर सकती है सरकार

## प्रस्ताव को मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा, महंगाई भत्ते में वृद्धि एक जनवरी, 2023 से लागू होगी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार अपने एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते (डीए) को मौजूदा के 38 प्रतिशत से चार प्रतिशत अंक बढ़ाकर 42 प्रतिशत कर सकती है। इस उद्देश्य के लिए एक फॉर्मूले पर सहमति बनी है। कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते की गणना हर महीने श्रम ब्यूरो द्वारा जारी औद्योगिकी श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई-आईडब्ल्यू) के आधार पर की जाती है। श्रम ब्यूरो श्रम मंत्रालय का अंग है। ऑल इंडिया रेलवेमेन फेडरेशन के महासचिव शिव गोपाल मिश्रा ने पीटीआई से कहा, दिसंबर, 2022 के लिए सीपीआई-आईडब्ल्यू 31 जनवरी, 2023 को जारी की गई थी। महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी 4.23 प्रतिशत बैठती है।



लेकिन सरकार डीए में दशमलव को नहीं लेती। ऐसे में डीए में चार प्रतिशत अंक की वृद्धि हो सकती है। इसे 38 प्रतिशत से बढ़ाकर 42 प्रतिशत किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्रालय का व्यय विभाग डीए में वृद्धि का एक प्रस्ताव बनाएगा। इसमें इसके राजस्व प्रभाव के बारे में भी बताया जाएगा।

इस प्रस्ताव को मंजूरी के लिए केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखा जाएगा। महंगाई भत्ते में वृद्धि एक जनवरी, 2023 से लागू होगी।

# भारत सरकार ने चीन को फिर दिया झटका, एक साथ ब्लॉक किए 232 मोबाइल ऐप्स


## सभी ऐप्स सट्टेबाजी, जुआ और अनाधिकृत ऋण सेवा में शामिल थी जिन्हें चीनी सहित विदेशी संस्थाओं द्वारा चलाया जा रहा था

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने एक बार फिर कड़ा रुख अपनाते हुए 232 मोबाइल ऐप्स को ब्लॉक कर दिया है। गौरतलब है ये सभी ऐप्स सट्टेबाजी, जुआ और अनाधिकृत ऋण सेवा में शामिल थी जिन्हें चीनी सहित विदेशी संस्थाओं द्वारा चलाया जा रहा था।

भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय ने गृह मंत्रालय के निदेशों के बाद इन ऐप्स को ब्लॉक करने के आदेश जारी किए हैं। सट्टेबाजी, जुआ और मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गलत कामों में शामिल 138 ऐप्स को ब्लॉक करने का आदेश तो 4 फरवरी की शाम को ही जारी हो गया था। लेकिन इसके साथ ही अनधिकृत ऋण सेवा में लगी 94 ऐप्स को भी अब ब्लॉक करने का आदेश जारी कर दिया गया है।

***क्यों बंद की गई ऐप्स***

इन सभी ऐप्स को चीन के साथ कई अन्य विदेशी संस्थाएं भी चला रही थी। सरकार के अनुसार इन ऐप्स को इसलिए बंद किया गया है क्योंकि ये देश की आर्थिक स्थिरता के लिए खतरा पैदा कर रही थी। हालांकि सरकार ने कौन सी 232 ऐप्स को ब्लॉक किया है अभी उसकी जानकारी नहीं मिली है।



***सरकार ऐप्स ब्लॉक कर चीन को दे रही है पटखनी***

भारत सरकार चीन जैसे देशों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए लगातार उसे हर मोर्चे पर कमजोर कर रही है। सरकार ने पिछले साल चीन सहित विभिन्न देशों द्वारा बनाई गई 348 मोबाइल ऐप्स को ब्लॉक किया था। इन ऐप्स को नागरिकों की प्रोफाइलिंग के लिए यूजर की जानकारी एकत्र करने और इसे गलत तरीके से विदेशों में भेजने के लिए दोषी पाया गया है। इसके अलावा सरकार ने सितंबर 2020 में डेटा सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए 117 चीनी ऐप्स को ब्लॉक कर दिया था। बता दें इस ब्लॉक की गई ऐप्स की सूची में लोकप्रिय पबजी भी शामिल थी। इसके अलावा सुरक्षा कारणों से ही सरकार ने कैम्सक्रैर जैसी लोकप्रिय ऐप को भी ब्लॉक कर दिया। ***एजेंसी***

# यूपी में इंवेस्टर्स समिट और जी-20 की बैठकों के दौरान सख्त रहेगी सुरक्षा व्यवस्था, अलर्ट मोड पर रहेंगे एसटीएफ और एटीएस

## प्रतिनिधिमंडल में शामिल उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, पुलिस महानिदेशक डॉ. डीएस चौहान की मौजूदगी में हुई बैठक में इंवेस्टर्स समिट और जी-20 की बैठकों को लेकर सुरक्षा की रणनीति तैयार हुई

**लखनऊ।** लखनऊ में 10 से 12 फरवरी तक होने वाले ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट और लखनऊ, आगरा, वाराणसी और नोएडा में आयोजित होने वाले जी-20 की बैठकों के मुद्देनजर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के प्रबंध किए गए हैं। संबंधित सभी शहरों में बैठक स्थलों के अलावा एयरपोर्ट, मेहमानों के ठहरने के स्थानों, आवागमन के मार्गो और भ्रमण वाले स्थानों पर सुरक्षा और यातायात के लिए विशेष प्लान तैयार किया गया है। इसके तहत सभी स्थानों को जोन व सेक्टर में बांटकर पुलिस की तैनाती की रणनीति तैयार की गई है। पुलिस महानिदेशक डॉ. डीएस चौहान की मौजूदगी में हुई बैठक में इंवेस्टर्स समिट और जी-20 की बैठकों को लेकर सुरक्षा की रणनीति तैयार की गई है। यह जानकारी देते हुए



अपर पुलिस महानिदेशक कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि बैठकों के दौरान एटीएस और एसटीएफ जैसी विशेष यूनिटों को अलर्ट मोड में रखने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही दुर्दांत अपराधियों, माफियाओं और अराजक तत्वों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने को कहा गया है। कुछ महत्वपूर्ण स्थानों पर एटीएस स्पॉट टीम को भी तैनात किए जाने का फैसला किया गया है। उन्होंने बताया कि डीजीपी ने अधिकारियों को सुरक्षा प्रबंधन के लिए माईक्रो प्लान तैयार करने के साथ खुफिया तंत्र को अभी से सक्रिय करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, समिट और बैठकों के दौरान सुगम यातायात व्यवस्था के संचालन के लिए ऑपरेशनल कमांड कंट्रोल सेंटर स्थापित करने, रूट प्रबंधन और ट्रैफिक प्लान तैयार करने को कहा गया है। एडीजी ने बताया कि कार्यक्रम स्थलों से लेकर मेहमानों के ठहरने के स्थान व आवागमन वाले मार्गों पर सुरक्षा की व्यवस्था सीसीटीवी कैमरे और ड्रोन के जरिए भी की जाएगी। इसके लिए जरूरत के मुताबिक कुछ स्थानों पर नए कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। डीजीपी ने कार्यक्रम स्थलों के आसपास हॉट-स्पॉटस चिह्नित करते हुए वहां सादे वर्दी में पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए हैं। ***एजेंसी***

# सरकारी जमीन हथियाने में बीजेपी सांसद बृजभूषण के भतीजे पर केस

## गोंडा में तीन एकड़ नजूल भूमि पर कब्जा कर बनाई थी बाउंड्री, धोखाधड़ी से बेची जा रही थी जमीन

**गोंडा।** तीन एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा करने के मामले में गोंडा प्रशासन ने बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के भतीजे सुमित भूषण सिंह समेत नौ लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। विगत 13 जनवरी को इसी जमीन पर जब कब्जे की शिकायत मिली थी तो प्रशासन ने बाउंड्री ढहा दी थी। पूरे मामले की जब जांच शुरू हुई थी तो उस दिन कोई जमीन पर दावा करने नहीं आया लेकिन जांच में चौंकाने वाले तथ्य उजागर हुए। प्रारंभिक जांच में यह पता चला कि शहर के सिविल लाइंस में कलेक्ट्रेट के निकट नजूल की इस बेशकीमती जमीन को आपसी साठगांठ और धोखाधड़ी करके खरीदा और बेचा जा रहा था। जांच में यह बात भी सामने आई कि भूमि का कभी भी किसी के पक्ष में पट्टा भी नहीं हुआ। नगर पालिका परिषद के संरक्षित रजिस्टर में स्पष्ट रूप से यह भूमि नजूल के नाम दर्ज है। नजूल निरीक्षक रघुनाथ तिवारी की तहरीर पर नगर कोतवाली में कैसरगंज सांसद के भतीजे व मेसर्स दक्षायनी इंटरप्राइजेज के प्रोपाइटर सुमित भूषण सिंह पुत्र शशी भूषण सिंह, सदानंद, अर्जुन प्रसाद, अयोध्या प्रसाद, काशीराम, उमादेवी, जगदीश प्रसाद, जगदेव व वासुदेव के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई। नगर कोतवाल राकेश सिंह ने बताया कि शनिवार शाम को धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तवेज तैयार कर सरकारी जमीन पर कब्जे का केस दर्ज किया गया है। ***एजेंसी***



# नोटबंदी पर फैसले की समीक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के 2016 के नोटबंदी के फैसले को सही ठहराये जाने संबंधी निर्णय की समीक्षा के लिए उच्चतम न्यायालय में रविवार को एक पुनर्विचार याचिका दायर की गयी। पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने दो जनवरी को 4:1 के बहुमत के फैसले में नोटबंदी के फैसले पर अपनी मुहर लगाते हुए कहा था कि 1000 रुपये और 500 रुपये के नोट को चलन से बाहर करने की निर्णय प्रक्रिया न तो त्रुटिपूर्ण थी और न ही जल्दबाजी में लिया गया फैसला। पुनर्विचार याचिका वकील एम एल शर्मा द्वारा दायर की गई है, जो उन 58 याचिकाकताओं में से एक थे, जिन्होंने आठ नवंबर, 2016 को घोषित नोटबंदी को चुनौती देते हुए शीर्ष अदालत का रुख किया था। शर्मा ने अपनी पुनर्विचार याचिका में दलील दी है कि पीठ ने विभिन्न याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाते वक्त उनकी लिखित दलीलों पर विचार नहीं किया, जिसके कारण उचित न्याय नहीं हो सका है। याचिकाकर्ता ने कहा है, इसलिए, संबंधित निर्णय की समीक्षा का अनुरोध किया जाता है। इस बात पर गौर करते हुए कि आर्थिक नीति के मामलों में न्यायिक समीक्षा का दायरा संकीर्ण है, न्यायमूर्ति एस ए नजीर की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने कहा था कि आर्थिक नीति के मामलों में बहुत संयम होना चाहिए और अदालत सरकार की वैसी किसी भी राय में हस्तक्षेप नहीं करेगी, यदि वह प्रासंगिक तथ्यों और परिस्थितियों पर या विशेषज्ञों की सलाह पर आधारित हो। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना ने, हालांकि असहमति का फैसला दिया था और कहा था कि 500 रुपये और 1,000 रुपये के नोट का विमुद्रीकरण गैरकानूनी था।

# पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ का निधन 79 की उम्र में दुबई के अस्पताल में ली अंतिम सांस

## अमाइलॉइडोसिस बीमारी से जूझ रहे थे, पाकिस्तान ले जाया जाएगा पार्थिव शरीर, दिल्ली में हुआ था जन्म, 1998 में परवेज मुशर्रफ जनरल बने, मुशर्रफ पर लगा था राजद्रोह का आरोप, मिली थी मौत की सजा

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ का निधन हो गया है। पाकिस्तान मीडिया के हवाले से यह खबर सामने आई है। मुशर्रफ लंबे समय से बीमार चल रहे थे और दुबई के अस्पताल में उनका इलाज किया जा रहा था। उन्होंने 79 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। मुशर्रफ अमाइलॉइडोसिस बीमारी से जूझ रहे थे।

इस बीच, जानकारी मिली है कि पूर्व सैन्य शासक जनरल परवेज मुशर्रफ के पार्थिव शरीर को दफनाने के लिए पाकिस्तान ले जाया जाएगा। जियो न्यूज के मुताबिक, परवेज मुशर्रफ के परिजनों ने उनके पार्थिव शरीर को पाकिस्तान ले जाने के लिए दुबई में





पाकिस्तानी वाणिज्य दूतावास में एक आवेदन दायर किया है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुशर्रफ के पार्थिव शरीर को वापस पाकिस्तान लाने के लिए एक विशेष सैन्य विमान नूर खान एयरबेस से दुबई के लिए उड़ान भरेगा। दुबई में पाकिस्तान के महावाणिज्य दूतावास ने उनके शरीर को पाकिस्तान वापस भेजने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी किया है। महावाणिज्यदूत हसन अफजल खान ने बताया कि 'हम उनके परिवार के संपर्क में हैं और वाणिज्य दूतावास हर संभव मदद करेगा।

बता दें कि पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति और सेना प्रमुख परवेज मुशर्रफ का जन्म 11 अगस्त 1943 को दिल्ली के दरियागंज इलाके में हुआ था। 1947 में भारत विभाजन के कुछ दिन पहले ही उनका पूरा परिवार पाकिस्तान जाने का फैसला किया था। उनके पिता पाकिस्तान सरकार में काम करते थे।

बता दें कि साल 1998 में परवेज मुशर्रफ जनरल बने। उन्होंने भारत के खिलाफ कारगिल जैसे युद्ध की साजिश रची। लेकिन भारत के बहादुर सैनिकों ने उनकी हर चाल पर पानी फेर दिया। अपनी जीवनी ह्यइन द लाइन ऑफ फायर - अ मेमॉयर' में जनरल मुशर्रफ ने लिखा कि उन्होंने कारगिल पर कब्जा करने की कसम खाई थी। लेकिन नवाज शरीफ की वजह से वो ऐसा नहीं कर पाए। 1999 से 2008 तक पाकिस्तान पर शासन करने वाले 78 वर्षीय जनरल मुशर्रफ पर उच्च राजद्रोह का आरोप लगाया गया था और 2019 में संविधान को निलंबित करने के लिए मौत की सजा दी गई थी। बाद में उनकी मौत की सजा को निलंबित कर दिया गया था। 2020 में लाहौर उच्च न्यायालय ने मुशर्रफ के खिलाफ नवाज शरीफ सरकार द्वारा की गई सभी कार्रवाइयों को असंवैधानिक घोषित कर दिया था, जिसमें उच्च राजद्रोह के आरोप पर शिकायत दर्ज करना और एक विशेष अदालत के गठन के साथ-साथ इसकी कार्यवाही भी शामिल थी।

1998 में रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने परवेज मुशर्रफ को सेना प्रमुख बनाया था। लेकिन एक साल बाद ही 1999 में जनरल मुशर्रफ ने नवाज शरीफ का तख्तापलट कर दिया और पाकिस्तान के तानाशाह बन गए। उनके सत्ता संभालते ही नवाज शरीफ को परिवार समेत पाकिस्तान छोड़ना पड़ा था। ***एजेंसी***

# मुझे मरने पर मजबूर होना पड़ रहा है: नोट में लिखा प्रेमिका ने जाल में फंसाया...सगाई के 5 दिन बाद युवक ने दी जान

**लखनऊ।** लखनऊ के मोहनलालगंज कस्बे के उत्तरगांव के एक बाग में शनिवार सुबह युवक दिलीप कुमार (24) ने फांसी लगा ली। पुलिस ने जब उसके कपड़ों की तलाशी ली तो सुसाइड नोट बरामद हुआ। खुलासा हुआ कि युवक ने अपनी गर्लफ्रेंड व उसके दोस्तों की ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर जान दी है। दुष्कर्म के फर्जी केस में जेल भिजवाने की धमकी देकर रकम वसूलते थे। युवक की पांच दिन पहले ही सगाई हुई थी। इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे के मुताबिक, बिजनौर के शिवगुलामखेड़ा गांव निवासी दिलीप के पिता भंडारी लाल की तहरीर पर गर्लफ्रेंड सोनम व उसके साथियों के विरुद्ध ब्लैकमेल करने, धमकाने व आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। भंडारी लाल ने बताया कि बड़ा बेटा दिलीप कुमार बढ़ई था। शनिवार सुबह दिलीप सरोजनीनगर में काम पर जाने की बात कहकर निकला था। कुछ ही देर बाद उसका शव मोहनलालगंज के उत्तरगांव के पास आम के बाग में फंदे से लटकता मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की पैंट की जेब में मोबाइल, पर्स व पिछली जेब में एक सुसाइड नोट मिला। इंस्पेक्टर ने बताया कि सुसाइड नोट के आधार पर जांच की जा रही है। बरामद सुसाइड नोट में दिलीप ने लिखा है कि गर्लफ्रेंड ने मुझे जाल में फंसाया। उसकी तीन सहेलियां व तीन अन्य पुरुष दोस्तों ने मुझे ब्लैकमेल करना शुरू किया। पांच महीने से मुझसे रकम वसूल रहे हैं। धमकी दे रहे हैं कि शादी नहीं करने देंगे। दुष्कर्म का केस दर्ज करवाकर जेल भिजवाएंगे। लगातार रकम की मांग कर रहे हैं। इन सभी ने गैंग बना रखा है। तमाम लोगों को इसी तरह से अपने जाल में फंसाकर रकम वसूलने का खेल करते हैं। मैं त्रस्त हो चुका हूं। मुझे मरने पर मजबूर होना पड़ रहा है। छोटे भाई अंकित ने बताया कि दिलीप की शादी तय हो गई थी। बीते सोमवार को सगाई हुई थी। 20 फरवरी को तिलक था। इसकी तैयारी में पूरा परिवार जुटा था, पर हादसे से खुशियां मातम में बदल गईं। पिता भंडारी लाल व मां सुभाषिनी, भाई संदीप व अंकित और बहन मौके पर पहुंची तो कोहराम मच गया। ***एजेंसी***

लखनऊ के मोहनलालगंज कस्बे के उत्तरगांव के एक बाग में युवक दिलीप कुमार (24) ने गर्लफ्रेंड की ब्लैकमेलिंग से तंग आ कर फांसी लगा ली



## संक्षेप

### पुलिस ने दो वाहन चोरों को किया गिरफ्तार

**मेजा ।** कोतवाली पुलिस ने रविवार को दो शातिर वाहन चोरों को चोरी की दो मोटरसाइकिल के साथ मदरा गंगा घाट के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर रही है। गौरतलब हो कि मुखबीर की सूचना पर चौकी प्रभारी जेवनियां प्रदीप अस्थाना ने रविवार की दोपहर ओम प्रकाश पटेल पुत्र हरीलाल पटेल निवासी मिश्रपुर और रिषभ सिंह पुत्र शमशेर सिंह निवासी बिसेनपुर परानीपुर को दो चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया । मदरा गंगा घाट के पास से गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से चोरी की दो मोटरसाईकिल भी बरामद की गई। बताया गया कि एक मोटरसाईकिल कुछ महिने पहले चौकठा तेवरियान से चोरी हुई थी और दूसरी मोटरसाईकिल तीन दिन पूर्व कुंवरपट्टी में हो रही शीतला कृपा महोत्सव से चोरी की गई थी। इंस्पेक्टर मेजा ज्ञानेश्वर मिश्र ने बताया कि दोनों अपराधी प्रवृत्ति के हैं, और इनके खिलाफ कोतवाली में विभिन्न धाराओं में कई मुकदमा भी दर्ज है।

# अज्ञात जंगली जानवर के हमले में 27 भेड़ों की मौत

**बारा।** जनपद के घूरपुर थाना क्षेत्र के जसरा गांव में अज्ञात जंगली जानवर के हमले में 27 भेड़ों की मौत हो गई। इस घटना से पूरे गांव में हड़कंप मचा हुआ है और पशुपालकों में दहशत का माहौल है। इस मामले की जानकारी रविवार की सुबह जैसे ही हुई घटना स्थल पर ग्रामीणों का मजमा लग गया।

जानकारी के मुताबिक जसरा गांव निवासी राजाराम भेड़ पालन कर परिवार की रोजी-रोटी चलाता है। रात में उसने अपनी 27 भेड़ों को बारे में रखा था। रात के वक्त किसी अज्ञात जंगली जानवर द्वारा बाड़े में घुसकर पेड़ों पर हमला कर दिया गया, जिसमें सभी की मौत हो गई।

राजाराम पुत्र शिवमंगल पाल ने बताया कि वह लगभग 4 वर्षों से घर से लगभग 50 मीटर दूरी पर लकड़ी का टट्टर बनाकर उसके अंदर भेड़ों को पाल रखा था और दिन में उसको खेतों में घास चराकर शाम को उसी घेरे में बांध दिया करते थे। इसी तरह वह शनिवार की रात भेड़ों को चराकर शाम को उसी घेरे में ले जाकर बांध दिया। रात में किसी जंगली जानवर द्वारा उस घेरे में घुसकर 27 भेड़ों को मार दिया और दो भेड़ के बच्चों को उठा ले गया और कई भेड़ों को घायल कर दिया है। अगल बगल रह रहे लोगों को व राजाराम को रात में घटना की जानकारी नहीं हो पाई कि किस तरह से भेड़ों को मारा और जब सुबह राजाराम द्वारा अपनी भेड़ों को देखने के लिए गए तो भेड़ों की हालत देख हक्का बक्का रह गए और रोने लगे। आस पास के लोग पहुंचकर भेड़ों की हालत देख वे लोग भी हक्का-बक्का रह गए। राजाराम के अनुसार लगभग डेढ़ लाख का नुकसान हुआ है।



मृत पड़ी भेड़े

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की गई जान

**सहसों।** हंडिया कोखराज नेशनल हाईवे पर बगई कला गांव के सामने रविवार की सायं काल लगभग 5:00 बजे सहसों की तरफ आ रहे बाइक सवार युवक ट्रक की चपेट में आने से जान चली गई।मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी सहसों दयाराम ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार सरायममरेज थाना क्षेत्र के मखदुमपुर गांव निवासी 35 वर्षीय दिनेश भारतीय पुत्र हीरा भारतीय बाइक से हंडिया कोखराज हाईवे पर सहसों की तरफ आ रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही युवक ने दम तोड़ दिया । सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी दयाराम ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेज दिया तथा जानकारी हासिल करते हुए घटना की सूचना परिजनों को दी।

## कादिरी कप क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ भव्य समापन



पुरस्कृत होते विजेता टीम के खिलाड़ी

**कमेटी ऐनुल रासिद व मुख्य अतिथि आकिब टंकी द्वारा टूर्नामेंट का समापन किया गया**

**मांडा।** भारतगंज कस्बें में शनिवार रात में रात्रिकालीन फाइनल मैच पठान एवं कादिरी टीम के मध्य खेला गया। कादिरी ने टॉस जीता तथा फील्डिंग करने का निर्णय लिया। पठान ने बल्लेबाजी कर 9 विकेट के गिरने पर पर 57 रन बनाए। कादिरी क्रिकेट क्लब ने बल्लेबाजी कर मात्र 2 विकेट गिराकर 8 ओवर में 58 रन बना लिए और 8 विकेट से धुंआधार जीत दर्ज कर प्रतियोगिता पर कब्जा कर लिया। मैन ऑफ द मैच अजहरुद्दीन ने 58 रन बनाकर झंडा गाड़ दिया। कमेटी ऐनुल रासिद व मुख्य अतिथि आकिब टंकी द्वारा समापन किया गया। विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कार प्रदान किया गया।




ऊर्जा निगम द्वारा निःशुल्क शिविर में मरीजों की जाँच करते डॉक्टर

## मेजा ऊर्जा निगम ने किया निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**परियोजना से जुड़े छः गाँवों में लगाये जायेंगे निःशुल्क चिकित्सा शिविर**

**मेजा।** "सभी के लिए स्वास्थ्य" अभियान के तहत मेजा ऊर्जा निगम द्वारा झड़ीयाहि गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में लगभग 110 लोगों ने हिस्सा लिया। स्वास्थ शिविर में विभिन्न नियमित चिकित्सा परीक्षण किया गया और लाभार्थियों को चिकित्सा सलाह दिया गया। इसके अलावा लाभार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य हेतु मुफ्त दवाएं भी वितरित की गईं। शिविर का उद्घाटन डॉ संदीप गुप्ता, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आरोग्यम अस्पताल) ने अखिल केपी पट्टनायक, अपर महा प्रबंधक (मानव संसाधन) के उपस्थिति में किया गया। केदार रंजन पांडु, मुख्य कार्यकारी अधिकारी (मेजा ऊर्जा निगम) ने स्वास्थ्य और कल्याण के साथ-साथ सामुदायिक विकास की दिशा में की गई पहल की सराहना की। इसके अलावा, उन्होंने मेजा ऊर्जा निगम के " "सभी के लिए स्वास्थ्य अभियान " को प्रोत्साहित किया और बताया कि निकट भविष्य में लाभार्थियों के लिए ऐसे छह और चिकित्सा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### बच्चों के बीच हुए झगड़े में दलित महिला को पीटा गया, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** एक दलित महिला का आरोप है कि बकरी चराने को लेकर बच्चों के बीच हुए झगड़े में उसे जाति सूचक गालियां देते हुए मारा पीटा गया। महिला ने तीन नामजद एक अज्ञात के खिलाफ एस सी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज करा दी है। मऊआइमा के महमदपुर (तिलई) गांव निवासनीय कुसुम देवी पत्नी राम सिंह का कहना है कि उनका पुत्र नन्दन और पडोस के रोशन लाल के साथ बकरी चरा रहे थे। कुसुम देवी का आरोप है कि बच्चों के झगडे को लेकर पडोस के सार्थक, कल्लू, गौरव एंव दो अज्ञातों ने उसे मारे पीटे और जाति सूचक गालियां दी। कुसुम देवी ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर एस सी एस टी एक्ट एंव मार पीट का मुकदमा दर्ज करा दी है।

# शिक्षा से ही समाज और परिवार में आता है बदलाव : गुरू प्रसाद

**वार्षिकोत्सव**

**सेंट जॉन्स पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में बोले फाफामऊ विधायक**

**नन्हें मुन्नें बच्चें की विविध रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति ने मचाया धमाल**





वार्षिकोत्सव में उपस्थित अभिभावकगण व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

**लालगोपालगंज।** शिक्षा ही एक एसी कुंजी है जिसके ग्रहण मात्र से ही परिवार एवं समाज में बदलाव आता है। बच्चे प्रत्येक दिन पढ़ाई कर अपना भविष्य बनाएं। आज के बच्चे हीं कल के भविष्य हैं। यह बातें शनिवार को लालगोपालगंज कस्बा में संचालित सेंट जॉन्स पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में राधा रानी गेस्ट हाउस में आयोजित बच्चों के वार्षिकोत्सव समारोह को संबोधित करते हुए फाफामऊ विधायक गुरू प्रसाद मौर्य ने कही।

उन्होंने कहा कि यह युग शिक्षा का है, अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वह अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाएं। शिक्षा से ही जीवन में बदलाव आता है। उन्होंने स्कूल प्रबंध समिति को बधाई देते हुए कार्यक्रम की सराहना किया। इससे पूर्व विधायक गुरूप्रसाद मौर्य ने दीप प्रज्वलित कर वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। स्कूल की प्रधानाचार्य आर. जायसवाल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वगत किया। तत्पश्चात स्कूल की छात्राओं ने सरस्वती व गणेश वंदना प्रस्तुत किया। स्वागत गीत के साथ बच्चों द्वारा एक के बाद एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। स्कूली बच्चों द्वारा कोरोना महामारी के दौरान सरकार द्वारा लगाए गए लॉकडाउन, स्वच्छ भारत मिशन, हरे वृक्षों की कटाई से हो रहे दूषित वातावरण और ऑक्सीजन की कमी पर आधारित मंचन को दर्शकों ने खूब सराहा, पंडाल में तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चें का उत्साहवर्धन होता रहा। वार्षिकोत्सव में प्रतिभाग किए सभी बच्चों को स्कूल प्रबंध समिति की ओर प्रशस्ति पत्र व उपहार भेंट कर सम्मानित भी किया गया। कुशल संचालन गौरवराज अग्रवाल द्वारा किया गया। जबकि आभार सेंट जॉन्स पब्लिक स्कूल के प्रबंधक प्रवीण कुमार (रानू जायसवाल) ने आए हुए अभिभावकों व अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर जगदीश पटेल, रमेश केसरवानी, संदीप केसरवानी, राजेश केसरवानी, आशीष सोनी, प्रदीप विश्वकर्मा, फूलचन्द्र चैरसिया, राकेश पुष्पाकर, मो. असलत, मो. माहसिन, लाले तिवारी, राज कुमार केसरवानी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी : लक्ष्मी नारायण

**लालगोपालगंज।** कस्बा के राधा रानी गेस्ट हाउस में सेंट जॉन्स पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक समारोह को विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे जायसवाल गुरूप ऑफ एजुकेशन के निदेशक लक्ष्मीनारायण जासवाल ने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी जरूरी है, ताकि जब बच्चा अपने पैर खड़े हो तो अपने माता पिता की उसी प्रकार सेवा करें, जैसे अभिभावकों ने बच्चों की परवरिश कर ऊंचा मकाम दिलाया। कहा कि इस नए परिवेश में देखा जा रहा है कि बच्चें अपने बूढ़े मां-बाप को विद्याश्रमों में छोड़ रहे हैं। इस हमारे संस्कार नहीं हैं। काचर्यक्रम को पूर्व चेयरमैन प्रदीप केसरवानी, विजय भास्कर त्रिपाठी, विवेक तिवारी, सीमा मौर्या, दनिश देशबंधू आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर मो. आजम फारूकी, आशीष सोनी, रवि मौर्य आदि लोग उपस्थित रहे।

# संविलियन विद्यालय गोझवार में शिक्षक संकुल की बैठक हुई सम्पन्न

**लालापुर।** क्षेत्र के न्याय पंचायत - मानपुर विकास खंड-जसरा की शिक्षक संकुल स्तरीय मासिक बैठक संविलियन विद्यालय गोझवार के प्रांगण में पूर्ण निर्धारित एजेण्डे के अनुसार संपन्न हुई। बैठक में निम्न एजेंडा बिंदु रहे - निपुण विद्यालय बनाने की योजना, शिक्षक संदर्शिका का कक्षा शिक्षण में प्रयोग, प्रिंट मैटेरियल का कक्षा कक्ष में प्रदर्शन, शिक्षण योजना निर्माण हेतु दीक्षा का प्रयोग, होमवर्क व उसकी नियमित जांच, निपुण तालिका पर कार्य, निपुण बालक की पहचान, पुस्तकालय की सक्रियता, दीक्षा एप के क्यूआर कोड को स्कैन करते हुए ब्लूटूथ से कनेक्ट करके कक्षा शिक्षण में प्रयोग, छात्र उपस्थिति बढ़ाने की योजना, निपुण लक्ष्य ऐप से आकलन व अभिलेखीकरण आदि। इस बैठक में एस आर जी सुनील तिवारी, समस्त शिक्षक संकुल व न्याय पंचायत के प्रत्येक विद्यालय से शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में मेजबान विद्यालय के बच्चों के द्वारा गतिविधि के साथ कविताएं प्रस्तुत की गई।बैठक के अगले सत्र में एजेंडा बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित सभी शिक्षक साथियों ने मेजबान विद्यालय के द्वारा निपुण विद्यालय बनाने हेतु किए जा रहे प्रयासों को देखा व सराहा। बैठक का संचालन संतोष कुमार के द्वारा किया गया। शिक्षक संकुल लक्ष्मी नारायण पाण्डेय, अजय कुमार, अंकिता शुक्ला, व स्वाती सिंह द्वारा बैठक में तय एजेंडा बिंदुओं पर बारी बारी से विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।अंत में एसआरजी सुनील तिवारी द्वारा बैठक में शामिल सभी बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई व विद्यालय को निपुण विद्यालय बनाने की कार्ययोजना पर जरूरी दिशा निर्देश प्रदान किया गया।बैठक के अंत में मेजबान विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका कनकलता ने सभी उपस्थित प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। बैठक में एसआरजी सुनील तिवारी सभी शिक्षक संकुल, न्याय पंचायत मानपुर के सभी विद्यालय के प्र. अ./स. अ./शि.मि.उपस्थित रहे।



बैठक में शामिल शिक्षकगण

## छात्र के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म दो आरोपी हिरासत में

**बारा।** घूरपुर थाना क्षेत्र के एक कान्वेंट स्कूल में प्राइमरी के छात्र के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने पहले तो काफी ना-नुकुर किया, लेकिन परिजनों के हंगामे के बाद मुकामी पुलिस को होश आया और पुलिस ने केस दर्ज कर दो आरोपी छात्रों को हिरासत में लेकर तफ्तीश शुरू कर दी है। इस मामले में दो को नामजद करते हुए एक अज्ञात के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। दूसरी तरफ विद्यालय प्रबंधन के मुताबिक आरोपी छात्रों को तत्काल प्रभाव से विद्यालय से निष्कासित कर दिया गया है।

जिस विद्यालय का यह मामला है, वह स्कूल घूरपुर थाना क्षेत्र के गौहनिया में स्थित है। आरोपित है कि विद्यालय में पढ़ने वाले इंटरमीडिएट के कुछ छात्रों ने कक्षा पांच के एक छात्र को स्कूल के बाथरूम में कैदकर अप्राकृतिक दुष्कर्म किया। इसकी जानकारी होते ही परिजनों के होश उड़ गए। आक्रोशित परिजन विद्यालय पहुंचे और मामले की शिकायत स्कूल प्रबंधन से की, लेकिन स्कूल प्रबंधन से भी कोई सहयोग नहीं मिला। इस पर पुलिस ने थाने जाकर हंगामा किया। इस मामले में पुलिस ने पहले स्कूल का फेवर करते हुए सुलह-समझौते की बात दोहराई, लेकिन जब परिजन कार्यवाही की मांग पर अड़ गए, तब पुलिस को केस दर्ज करना पड़ा। फिलहाल इस मामले में घूरपुर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अश्विनी कुमार ने बताया कि पीड़ित के परिजनों की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। मामले में दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। स्कूल प्रिंसिपल ने बताया कि विद्यालय के सीसीटीवी फुटेज में घटना नहीं दिख रही है। आरोपी छात्रों को स्कूल से निष्कासित कर दिया गया है।

# ईशा पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**फूलपुर।** आज के इस बदलते परिवेश में बच्चों में नैतिकता की कमी आई है। आज के बच्चे कल का भविष्य है इसलिए उनमें संस्कारों की कमी न हो इस बात का ध्यान शिक्षक के साथ अभिवावक को भी देना चाहिए। उक्त बातें रविवार को बाबूगंज स्थित ईशा पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में अभिवावकों को सम्बोधित करते हुए सीएमपी डिग्री कॉलेज के प्रोफेसर चिरंजीव पाल ने बतौर मुख्य अतिथि कही। उन्होंने कहा कि ईशा पब्लिक स्कूल क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाए हुए हैं जिसका श्रेय विद्यालय प्रबंधन को जाता है। समारोह के विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता अशोक चौधरी ने कहा कि शिक्षण कार्य के साथ ही नैतिक संस्कारों की बदौलत ही इस विद्यालय पर अभिवावकों का भरोसा कायम है। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के द्वारा सरस्वती पूजन करने के बाद हुआ। समारोह में बच्चों ने विविध सामाजिक, देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बागबान फिल्म के गीत बागों के हर फूल को अपना समझें बागबान...... पर बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुती से सबकी आंखें नम हो गई। कार्यक्रम का निर्देशन ईशा पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती नीलम पाल ने व कुशल संचालन आर डी पाल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य अजय कुमार पाल ने किया। विद्यालय के प्रबंधक विजय पाल ने समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य बच्चों को उच्च व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ ही उनमें नैतिकता का विकास करना है। मौके पर सपा के जिला उपाध्यक्ष रामसुमेर पाल,अरविंद पाल, नागेन्द्र मोहन मिश्रा के साथ ही सैकड़ों की संख्या में छात्र एवं अभिवावक मौजूद रहे।



ईशा पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव में देश भक्ति गीत पर नृत्य करते छात्र

### जाम के झाम से जूझ रहा कोरांव, प्रशासन बेखबर

**कोरांव।** नगर पंचायत कोरांव बाजार में जाम की समस्या विकराल बनी हुई है, सब्जी मंडी तिराहे से ड्रमंड गंज रोड पर गोपाल विद्यालय तक भारत गंज लेडियारी मार्ग पर एसबीआई से लेडियारी स्टैंड तक स्थानीय दुकानदारों द्वारा दुकान पटरियों तक बढ़ा लेने व सड़क पर आड़े तिरछे वाहन खड़ा कर देने के साथ ही, वाहन स्टैंड मार्केट के अंदर होने के कारण बाजार गुजरने वाले जाम में परेशान होते है, आलम यह है की आमने सामने अगर दो बड़े वाहन आ गए तो मार्केट क्रॉस करने में घंटो का समय लग जाता है, स्थानीय प्रशासन द्वारा कभी कभार पटरियों पर अतिक्रमण हटवा कर कर्तव्य से इति श्री कर ली जाती है। स्थानीय लोगो की मांग है की पटरियों पर अतिक्रमण स्थाई रूप से हटवाया जाए, वाहन स्टैंड नगर के किनारे किए जाए साथ ही बेतरीब ढंग से खड़े किए गए वाहनो पर कार्यवाही की नियमित रूप से ही किए जाए तो ही नगरवासियों के साथ ही नगर से गुजरने वाले राहगीरों को जाम से निजात मिल सकती है।

## कोरम पूरा न होने के बावजूद सम्पन्न हो गई बैठक



बैठक में खाली पड़ी कुर्सियां

**कोरांव।** साधन सहकारी समिति साजी की बैठक कोरम न पूरा होने के बावजूद सम्पन्न मान ली गई। बैठक में दो तिहाई सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से होनी चाहिए थी लेकिन बहुत कम सदस्यों ने बैठक में हिस्सा लिया। आरोप है कि जो लोग सदस्य नहीं थे उनके भी फर्जी हस्ताक्षर करवा लिए गए जिससे कि बैठक को सम्पन्न दिखाया जा सके। उल्लेखनीय है कि शनिवार को साजी सहकारी समिति में एजीएम की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई थी जिसमें दो तिहाई पदेन सदस्यो की मौजूदगी अत्यावश्यक थी। समिति की बैठक शुरू कर दी गई जबकि सदस्य नदारद थे।बैठक में जो कुर्सियां रखी गई थी सभी खाली पड़ी हुई थी। जितेंद्र प्रताप सिंह ने आरोप लगाया कि कोरम पूरा नहीं था बावजूद इसके बैठक पूरी मान ली गई है जो विधिक नहीं है।बैठक में महज खानापूर्ति हुई है। फर्जी लोगों के हस्ताक्षर कराये गए हैं जो जांच का विषय है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से उक्त मामले में कार्यवाही करने की मांग की है।

### कोटेदार को दौड़ा-दौड़ा कर युवक ने मारा पीटा, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** अनाज न देने पर एक युवक ने कोटेदार को दौड़ा दौडा कर मारा पीटा, कोटेदार ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसई सिपाह निवासी अजय कुमार पुत्र छोटेलाल गांव का कोटेदार है। अजय कुमार के मुताबिक गांव का एक युवक नशे में धुत होकर दो बोरी अनाज मांगने लगा न देने पर उसे दौडा दौडा कर पीटा और जान से मारने की धमकी दी। अजय कुमार ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर गांव के रवि कुमार पुत्र राजेन्द्र कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# प्रभारी निरीक्षक द्वारा सफाई कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

**सम्मान**

**माघ मेले में प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र यादव ने सफाई कर्मचारियों को माला पहनाकर और अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित**

**प्रयागराज।** जिले के अंतर्गत माघ मेला क्षेत्र अरैल में साफ सफाई का कार्य कर रहे और मेले को साफ बनाने में अपना पूरा योगदान देने वाले सफाई कर्मचारियों को प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र यादव द्वारा सम्मानित किया गया आपको बताते चलें कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सभी सफाई कर्मचारियों को माला पहनाकर और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया धर्मेंद्र यादव ने बताया कि सफाई कर्मचारी ही उनकी ताकत है और अरैल में जितनी भी साफ-सफाई दिख रही है वह सब सफाई कर्मचारियों की देन है हमारे सभी कर्मचारी हैं दिन-रात जाकर मेहनत कर के मेला क्षेत्र को साफ बनाने में हमारा सहयोग किया है इसीलिए यह सब बधाई एवं सम्मानित होने के पात्र हैं इनका सम्मान करना हमारे लिए गौरव की बात है धर्मेंद्र यादव ने कहा कि आस्था के इस पावन प्रांगण में जिस तरह से लोग लापरवाही बरतते हैं गंदगी फैलाते हैं और साफ सफाई का ध्यान नहीं रखते वही हमारे कर्मचारी रात दिन मेहनत करके अरैल को साफ बनाने में अपना पूरा योगदान दिया है इनकी जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है धर्मेंद्र यादव ने सभी को माला पहनाकर और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और उनके काम की सराहना कर उन्हें सम्मानित किया सभी कर्मचारियों ने धर्मेंद्र यादव का धन्यवाद देते हुए उनका आशीर्वाद लिया और आगे भी अपना काम पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा से करने का प्रण लिया धर्मेंद्र यादव की इस मुहिम से सभी कर्मचारियों में खुशी की लहर देखने को मिली।




सम्मानित सफाई कर्मचारी



माघ मेले में चल रहे भण्डारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु

# प्रयागराज



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 24.00 |
| न्यूनतम : | 12.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

### क्लीन साधना पीठ मैं विशाल भंडारे का आयोजन

**प्रयागराज।** ओल्ड जीटी मार्ग स्थित क्लीन साधना पीठ शिविर में रविवार को विशाल भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ। गुरु मां साध्वी हेमा आनंदमई ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया । साथ ही अपने शिष्यों को आशीर्वाद प्रदान किया। भंडारे में मां हेमागिरी के शिष्य रविवार की सुबह से ही लगे रहे। प्रसाद वितरण देर शाम तक हुआ। भंडारे का संचालन अधिवक्ता उच्च न्यायालय राजमणि सिंह अतुल सिंह हेमन्त सहित काफी संख्या में भक्त शामिल रहे।

# 37 लाख श्रद्धालुओं ने लगाई संगम में डुबकी

**माघी पूर्णिमा स्नान**

**37 लाख से अधिक स्नानार्थियों के माघी पूर्णिमा पर संगम में डुबकी लगाने का मेला प्रशासन ने किया दावा**

**प्रयागराज।** आस्था, भक्ति, विश्वास के संगम तट पर रविवार को भक्ति भावों का मिलन हर किसी को धन्य कर गया। मौका था माघी पूर्णिमा के स्नान पर्व का। आधी रात से ही पुण्य की डुबकी लगाने के लिए आस्था की लहरें उठने लगीं। एक तरफ स्नान और दूसरी तरफ अन्न-वस्त्र के दान की बहती गंगा में हाथ धोकर कल्पवासी निहाल होते रहे। देर शाम तक मेला प्रशासन ने 37 लाख श्रद्धालुओं के संगम में स्नान का दावा किया।

माघी पूर्णिमा पर संगम में डुबकी लगाकर तटों पर दीप जलाने, रेती पर हल्दी-चंदन के टीके लगाकर मां गंगा की आरती के साथ समूहों में स्तुति करने का सिलसिला भोर में तेज हो गया। कहीं मुंडन संस्कार होते रहे तो कहीं ढोल-नगाड़े के साथ डुबकी लगती रही। शिविरों से संतों-भक्तों की टोलियां निशान लेकर आखिरी स्नान शोभा यात्राएं निकालकर संगम पर पहुंचती रहीं। मां गंगा के जयकारे चहुंदिश गूंजते रहे। कल्पवास का आखिरी दिन होने के साथ ही संगम जाने वाली सड़कों पर रेला उमड़ता रहा।

पौ फटने के बाद काली मार्ग, त्रिवेणी मार्ग से लेकर दारागंज और अरैल के घाटों पर कहीं तिल रखने की जगह नहीं बची। माघ मेला क्षेत्र के स्नान घाटों पर माघी पूर्णिमा की डुबकी इसी तरह के अनंत भावों के साथ लगती रही। दूर-दराज के इलाकों से आए श्रद्धालु मां गंगा की आराधना के साथ तिलक-त्रिपुंड लगाकर निहाल होते रहे। बहुएं स्नान के बाद परिवार के बड़े-बुजर्गों का आशीष लेती रहीं, तो बच्चों के दीघार्यु के लिए पुरोहितों की चौकियों पर मां गंगा और वेणी माधव से मनौती की जाती रही।

मागी पूर्णिमा स्नान पर्व के उत्सव में घाटों पर ढोल-नगाढ़े भी खूब बजे। घाटों के आसपास रेती पर चूल्हे जलाकर पूड़ी-खीर का भोग भी लगता रहा। मां गंगा के तट पर कामनाओं के दीप आंचल फैलाकर इसी तरह जलाए जाते रहे। संगम के अलावा कल्पवासी शिविरों में, कड़ी-चावल के भोग साथ सत्यनारायण भगवान की कथाएं भी होती रहीं।



माघी पूर्णिमा पर संगम में डुबकी लगाने को उमड़े श्रद्धालु



कल्पवास के बाद अपने घर को रवाना हुए कल्पवासी

# पांच दिन से गायब किशोर की तलाब में मिली लाश

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के अजबइयां गांव से बुधवार की शाम लापता हुए किशोर का पांच दिन बाद घर के पास स्थित तालाब में शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर सीओ फूलपुर, सरायइनायत व फूलपुर थाने की फोर्स के साथ मौके पर पहुचे और शव को तालाब से निकाल पीएम के लिए भेजा है। तत्काल कार्यवाही की मांग करते हुए भारी संख्या में लोग थाने पर जुटे रहे। पुलिस ने कुछ लोगो को हिरासत में भी लिया है।राजकुमार भारतीय श्रमिक है उसके दो बेटों व एक बेटी में बड़ा बेटा पांच वर्षीय सत्यम बुधवार की शाम घर के बाहर खेलते समय अचानक लापता हो गया। परिजनों ने हर संभावित स्थान पर बच्चे की खोजबीन के बाद पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। किसी अनहोनी की आशंका से कलेजे के टुकड़े के लिए तड़प रही उसकी मां सुषमा और राजकुमार की हालत दयनीय हो गई है। परिजन बच्चे की खोजबीन के लिए तांत्रिक का भी सहारा ले रहे हैं। रविवार की सुबह राजकुमार के घर से कुछ दूर पर स्थित एक तालाब में बच्चे का शव मिला। जिससे घर में कोहराम मच गया। माँ सुषमा और पिता राजकुमार तो बेसुध हो गए। मामले की सूचना मिलते ही सीओ फूलपुर मनोज सिंह कई थानों की फोर्स के साथ मौके पर शव तालाब से निकाला गया बच्चे के शरीर पर चोट के निशान भी मिले है पुलिस ने मामला बिगड़ता देख आनन फानन में शव पीएम के भेज दिया। सूत्रों की माने तो परिजनों ने जिस पर बच्चा गायब करने का शक जाहिर किया था उसे पुलिस ने उठाया था दो दिन पूछताछ के बाद शनिवार को छोड़ दिया। जिसकी वजह से नाराज लोग आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए थाने पर घंटों हंगामा करते रहे। सत्यम गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा 1 का छात्र था।



माघी पूर्णिमा पर संगम स्नान को घाटों पर उमड़ी भारी भीड़

# स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ महिला संत साध्वी और साधुओं ने खोला मोर्चा



हिंदू ग्रंथों पर हो रही टिप्पणी और स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ मोर्चा निकालते साधु संत

**विरोध**

**माघ मेले में सैकड़ों की संख्या में एकजुट होकर भरी हुंकार, निकाली यात्रा**

**समाजवादी पार्टी से राष्ट्रीय महासचिव पद से हटाने की मांग**

**कहा किसी भी धार्मिक आयोजन में स्वामी प्रसाद मौर्य की नहीं होगी एंट्री,**

**माघ मेले के सफल आयोजन के लिए भी निकाली शोभायात्रा**

**प्रयागराज।** रामचरितमानस को लेकर विवादों में घिरे स्वामी प्रसाद मौर्य और उनके समर्थकों पर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। संगम तट पर लगे माघ मेले में देश के कोने-कोने से आए साधु-संत बयान के खिलाफ एकजुट होते नजर आ रहे हैं। मेला क्षेत्र में महिला संत, साध्वी और सैकड़ों की संख्या में साधु संत ने हिंदू ग्रंथों पर हो रही टिप्पणी और स्वामी प्रसाद मौर्य के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। महिला संत और साध्वी भी इसके विरोध में आगे आने लगे है।इसी कड़ी में मेला क्षेत्र में सैकड़ों साधु संत एकजुट होकर मेला क्षेत्र में संकल्प यात्रा निकाली। इस संकल्प यात्रा में सभी साधु-संतों ने एक स्वर में कहा कि जिस तरीके से स्वामी प्रसाद मौर्य ने बयान दिया है उससे वह काफी आहत हैं और अब वह मांग कर रहे हैं कि समाजवादी पार्टी ऐसी बयानबाजी पर स्वामी प्रसाद मौर्य को निष्कासित करें साथ ही पूरे देश से स्वामी प्रसाद मौर्य और उनके समर्थक माफी मांगे। ऐसा नहीं करने पर स्वामी प्रसाद मौर्य और उनके समर्थकों को किसी भी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित नहीं होने दिया जाएगा। वृंदावन से आई महामंडलेश्वर राधा सरस्वती ने कहा है कि स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा दिया गया बयान से पूरा संत समाज आहत है। स्वामी प्रसाद मौर्य को अपना बयान वापस लेना होगा नहीं तो आने वाले समय में वह जिस भी पार्टी मे रहेंगे उसको काफी नुकसान होगा। उधर महामंडलेश्वर स्वामी विष्णु दास महाराज का कहना है कि समाजवादी पार्टी ने हाल ही में उन्हें महासचिव पद से नवाजा है ऐसे मे उनको तुरंत पार्टी से निष्कासित किया जाए क्योंकि हिंदू ग्रंथों के खिलाफ कोई भी टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।आपको बता दे यात्रा लेटे हुए बजरंगबली से शुरू हुई और संगम नोज से होते हुए मेला क्षेत्र के कई रास्तों से होकर गुजरी ।यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को भी जागरूक रहने की साधु-संतों ने अपील की । इसके साथ माघ मेले के सफल आयोजन और आगामी कुंभ को लेकर के भी एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

# तालाबों के संरक्षण के लिए जागरूक करेंगे गंगादूत

**प्रयागराज।** नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज क्रियान्वित नमामि गंगे में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत 2 दिवसीय ग्रामस्तरीय 50 गंगा दूतो का प्रशिक्षण का आयोजन आर के यदुवंशी इंटरमीडिट कॉलेज प्रयागराज में किया गया। प्रथम दिवस पर कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने युवाओ नमामि गंगे परियोजना मे युवाओ की सहभागिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी, एवं गंगा संरक्षण हेतु की जा रही जगरूकता गतिविधियों से अवगत कराया। मौके पर प्रधानाचार्य वीर सिंह ने गंगा को स्वच्छ रखने हेतु युवा शिक्षित पीढ़ी को भी जागरूक होकर कंधे से कंधे मिलाकर चलने का आवाह्न किया' तथा शास्वत सिंह यादव, अंकित कुमार चौधरी, अमित द्विवेदी मौजूद रहे। गंगा में प्रशिक्षक नुक्कड़ नाट्य अभिनय संस्थान से नीतीश कुशवाहा ने नुक्कड़ नाटक, कहानी वचन के माध्यम से गंगा स्वच्छता के विषय पर बहुत ही रचनात्मक तरीके से गंगा दूतों को बताया। इसके पश्चात वृहद जगरूकता हेतु सोशल मीडिया का सही उपयोग और उसके माध्यम पर गंगा दूतों से चर्चा करी। द्वितीय दिवस जिला युवा अधिकारी जागृति पांडे ने सभी गंगा दूतों को परियोजना से जुड़ने हेतु बधाई दी और अच्छे और जिम्मेदार नेतृत्वकर्ता बनने के लिए प्रोत्साहित किया। तालाब बचाओ अभियान के संयोजक एवं शोध छात्र रामबाबू तिवारी ने जल के प्राकृतिक स्त्रोत तालाबों व कुओं के संरक्षण-संवर्धन पर चर्चा करी। सभी गंगा दूतों द्वारा गंगा संरक्षण जागरुकता हेतु रैली का आयोजन भी किया गया। अन्त में सभी गंगा दूतों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्वयं सेवक अमन कुमार, रोहित मानी तिवारी, गंगा दूत अमन गुप्ता का खास सहयोग रहा।



प्रशिक्षण प्रमाण के साथ गंगादूत

### इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन की ओर से खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

**प्रयागराज।** प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी रविवार को इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन की ओर से वार्षिक इंडोर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। केपी कम्युनिटी हॉल में आयोजित इस प्रतियोगिता में शहर के नामचीन डॉक्टरों ने हिस्सा लिया। बैडमिंटन, टेबल टेनिस एवं लान टेनिस जैसे खेल को विभिन्न आयु वर्ग के बीच कराया गया। इसमें लान टेनिस डबल पुरुष (20 वर्ष से 50 वर्ष ) प्रतियोगिता में शहर के जाने माने रेडियोलाजिस्ट डॉ. पंकज कामरा और विपुल खरबंदा को प्रथम पुरस्कार मिला। एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सुबोध जैन ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया। प्रतिभागियों का स्वागत सचिव डॉ. आशुतोष गुप्ता ने किया। विजेताओं में डॉ. धनेश अग्रहरि, डॉ. शरद जैन, डॉ. अनुभा वर्मा, मास्टर सौरिश जैन, मिस आनया श्रीवास्तव, डॉ. राजीव मेहरा, डॉ. अभिषेक सरन, राघव सरन, कृतिका सिंह, अरूष दुबे, डॉ. आशुतोष पाठक, डॉ. कचना वर्मा, अमोघ गुप्ता, अनुशा वर्मा, निकेस गुप्ता, डॉ. सुबोध जैन, अनन्या वर्मा और अविरल को विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान मिला है।

# अरैल संगम घाट पर तीर्थ पुरोहितों को श्रीरामचरितमानस महाकाव्य का वितरण'

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ अरैल संगम घाट पर तीर्थ पुरोहितों को महाकाव्य श्री रामचरितमानस सप्रेम भेंट कर आह्वान किया कि गंगा स्नान को आए हुए श्रद्धालुओं को श्रीरामचरितमानस महाकाव्य ग्रंथ के बारे में बताएं कि परिवार, समाज को अपने ग्रंथों, पौराणिक चरित्रों को सीखना चाहिए व्यापकता से देखें,तो तुलसीदास का योगदान लोगों को जोड़ने में है तोड़ने में कतई नहीं। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने आह्वान किया कि तुलसी को बख्शिए,तुलसी का पूरा साहित्य सद्भावमयी समाज और राजनीति की संकल्पना है काश,हम अपनी दृष्टि व्यापक कर पाते, तो रामचरितमानस में जातिवाद नहीं, बल्कि त्याग और लोकतंत्र देख रहे होते! एजाजुद्दीन ने कहा कि ग्रंथ के प्रति दुर्भावना फैलाना अक्षम्य अपराध है। इस अवसर पर पं दामोदर प्रसाद तिवारी, विजय प्रकाश, राजेश थापा, कन्हैया मिश्रा, आर्यन तिवारी, अंकित, हरमनजी सिंह, दलजीत कौर, एजाजुद्दीन, सरदार पतविंदर सिंह सहित कई स्वयंसेवक, राष्ट्रभक्त उपस्थित रहे।

# वर्तमान भारत उभरता हुआ भारत : पंजाब सिंह

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से सीनेट हाल में आयोजित एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में बोलते हुए काशी हिंदू विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. पंजाब सिंह ने कहा कि वर्तमान भारत उभरता हुआ भारत है, आर्थिक गतिविधियों की तेजी ही इसे गौरवपूर्ण स्थान दे सकती है । उन्होंने प्रदेश सरकार की योजनाओं और इस दिशा में उठाये जा रहे भारत सरकार के कदमों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बोलते हुए डीन कॉलेज डेवलपमेंट प्रो पंकज कुमार ने कहा कि आज जब निजी क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है ऐसे में अधिक से अधिक रोजगार सृजन की चिंता किसी भी शासन प्रशासन की महत्वपूर्ण चिंता होती है। निजी क्षेत्र का सहयोग विकास ढांचे में आवश्यक है। इलाहाबाद के मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि ने कहा कि आज हम युवा देश हैं। हमारा समय इंटरप्रोन्योरशिप और स्टार्टअप का समय है। टेक्नालाजी, एग्रीकल्चर और मेडिसिन सहित सभी क्षेत्रों में हम सबकी सहभागिता होनी चाहिए। प्रयागराज विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री अरविंद कुमार चौहान ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं। हमारा प्रदेश बदलता हुआ प्रदेश है।

कार्यक्रम का संचालन एवं आयोजन इस कार्यक्रम के नोडल अधिकारी तथा इलाहाबाद विश्० ।विद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. राजेश कुमार गर्ग ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव इलाहाबाद विश्वविद्यालय प्रो. नरेंद्र कुमार शुक्ल जी ने किया ।इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी का आडियो वीडियो संदेश भी प्रसारित किया गया।विश्वविद्यालय के सीनेट हाल में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों सहित एक हजार से अधिक छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे।

प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर तक बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 को ध्यान में रखकर तथा राज्य के समावेशी विकास, व्यापार के अवसरों का अन्वेषण तथा सहभागिता स्थापित करने हेतु उद्योग एवं वाणिज्य जगत से जुड़े उद्योगपतियों, निवेशको, व्यापारियों, प्रबंधशास्त्रियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों, कॉरपोरेट नेतृत्व, विचारको, बुद्धजीवियों, शिक्षाविदों, नीति निर्धारकों हेतु एक मंच उपलब्ध कराने की दृष्टि से यह आयोजित था। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के आयोजन से पूर्व विश्वविद्यालयों के छात्रों को इन योजनाओं को जानने समझने की दृष्टिबोध हेतु भी यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में डॉ. रुचि दुबे, डॉ. अनूप कुमार, डॉ. रवींद्र प्रताप सिंह, डॉ. अभय पांडेय, डॉ. ज्ञान प्रकाश यादव, डॉ. मनीष गौतम, डॉ. पंकज त्रिपाठी, डॉ. शिव कुमार यादव, डॉ. अर्चना शाक्य, डॉ. मीनाक्षी जोशी, डॉ. राघवेन्द्र मिश्र सहित डॉ. ऐश्वर्या सिंह, डॉ. अंकिता चतुवेर्दी, डॉ. निर्मला, गुप्ता और डॉ. शालिनी सिंह, डॉ. मृत्युंजय परमार, डॉ. के.सी. वर्मा जी की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही है।कार्यक्रम में औद्योगिक विकास विभाग एवं जिला प्रशासन के अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री ने लिया वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जेएन मिश्र से आशीर्वाद



जेएन मिश्र के आवास पर उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता व अन्य

**प्रयागराज।** पूर्व मंत्री नकुल दुबे शनिवार को वरिष्ठ कांग्रेसी नेता जेएन मिश्र से आशीर्वाद लेने उनके आवास पर पहुंचे। इस दौरान कांग्रेसियों ने नकुल दुबे का फूल मालाओं से स्वागत किया। पूर्व महासचिव उत्तर प्रदेश मनीष मिश्रा से कांग्रेश पार्टी की नीतियों को किस तरह से आम जनमानस के बीच रखा जाए घर घर जाकर कार्यकताओं को कांग्रेसियों के नीतियों को बताने तथा कार्यकताओं को जागरूक करने की बात कही गई साथ ही कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए अन्य बिंदुओं पर चचाएंं हुई । इस अवसर पर शहर अध्यक्ष प्रदीप अंशुमन, उज्जवल शुक्ला, रघुनाथ दिवेदी, पिंटू पांडे, माघवेंद्र द्विवेदी, असफाक अहमद, राहुल मिश्र, दिलीप चौधरी, राकेश पांडे, आलोक पांडे, अंबरीश पांडे, भोलानाथ तिवारी, अशोक यादव, अशोक पांडे व अन्य कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

# विदाई समारोह में भावुक हुए छात्र छात्राएं



सीनियर छात्रों की विदाई करते हुए

**फाफमऊ।** मलाक हरहर महरूडीह स्थित टीएमपीएस इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को स्कूल के कक्षा 12 के छात्रों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में सीनियर छात्रों को विदाकार जूनियर छात्र भावुक हो गए और आखों से आंसू छलक गए। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के प्रधानाचार्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम में सीनियर छात्रों के स्वागत में विभिन्न प्रकार के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विदाई समारोह में प्रोरेजेक्टर के माध्यम से सीनियर छात्रों के स्कूल में बीते हुए पल को दिखाकर उनकी यादों का तरोताजा कर दिया। सीनियर छात्रों ने जूनियर छात्रों से अपने अनुभव साझा किया और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन अक्षरा, संस्कृति, सृष्टि, पलक, उत्कर्ष ने किया। कार्यक्रम के अंत में मिस्टर और मिस का खिताब शालबी यादव, तौकीर अकबर को दिया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में छात्र - छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहें।

## संक्षेप

### विवाहिता से की छेड़खानी, केस दर्ज

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम खेत से घर लौट रही विवाहिता के साथ मुसाफिर ने सरेराह छेड़खानी की। विवाहिता ने शोर मचाया तो आरोपित युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला। घर पहुंची पीड़िता ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। देर शाम पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात युवक के खिलाफ छेड़खानी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### सुलह के लिए दबाव बना रहे दबंग

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के हिनौता गांव निवासी राकेश कुमार ने बताया कि दो जनवरी को पड़ोसी दबंगों ने उसकी पिटाई की थी। मामले में आरोपितों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो गई है। अब आरोपित सुलह के लिए दबाव बना रहे हैं। नहीं मानने पर जानलेवा धमकी देते हैं। पीड़ित ने रविवार को इसकी शिकायत पत्र भेजकर एडीजी से की है।

### बस से उतरते ही युवक को कार ने मारी टक्कर

**कौशाम्बी।** करारी कस्बा निवासी मोनू केसरवानी रविवार को दवा लेने मंझनपुर जा रहा था। जिला अस्पताल के पास बस से उतरते ही कार सवार ने उसे टक्कर मार दी। इसमें वह घायल हो गया। घायल को संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों ने स्थिति खतरे से बाहर बताई है।

### पड़ोसी ने अधेड़ से की मारपीट

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के इमलीगांव निवासी अमरनाथ ने बताया कि पड़ोसी दबंगों से उसकी रंजिश है। रविवार सुबह आरोपित गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर पिटाई शुरू कर दी। चीख-पुकार पर जुटे ग्रामीणों ने दखल देकर किसी तरह मामला शांत कराया। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई की बात कह रही है।

### करंट की चपेट में आने से किशोरी झुलसी

**कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती के सल्लाहपुर गांव की मानशी देवी पुत्री राजू गौतम रविवार सुबह घर पर कपड़ा प्रेस कर रही थी। तभी तार कटने के कारण करंट की चपेट में आ गई। उसे प्रयागराज के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डॉक्टरों का कहना है कि स्थिति चिंताजनक है।

# माघी पूर्णिमा पर्व पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई आस्था की डुबकी

**माघी पूर्णिमा**

**कड़ा कुबरी गंगा घाट सहित विभिन्न घाटों में रही श्रद्धालुओं की भीड़**

**दारानगर, कौशाम्बी।** माघी पूर्णिमा पर्व पर रविवार को भोर से ही जिले के विभिन्न गंगा घाटों में श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई दिया। इस दौरान लोग पुण्य अर्जित करने को गंगा घाट में आस्था की डुबकी लगाई।

कड़ाधाम के कुबरी घाट, कालेश्वर घाट, हनुमान घाट, विन्दावन घाट, बाजार घाट, समेत जिले के विभिन्न गंगा घाटों पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाई। गंगा स्नान के बाद भक्तों ने पूजन-अर्चन के साथ ही दान-पुण्य भी किया। घाटों पर भीड़ को देखते हुए कड़ा धाम पुलिस-प्रशासन मुस्तैद रहा। कोई गहरे जल मे स्नान न करें इसके लिए गंगा मे बरिकेडिंग लगाई गई और पुलिस के जवान स्टीमर से गंगा घाटो पर नजर बनाये रखे दिखाई दिए, इतना ही नहीं श्रद्धांलुओं से आग्रह करते देखे गए कि गहरे जल मे स्नान न करें। वही जिले के अलावा गैर जनपदों के तमाम श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए कड़ा धाम के कुबरी घाट पहुंचे थे। गंगा स्नान कर दान पुण्य किया। बाद मे भक्तों ने कड़ावासिनी मां शीतला के दरबार में माथा भी टेका।



कड़ा स्थित कुबरी गंगा घाट पर डुबकी लगाते श्रद्धालु

## बेलगाम रफ्तार, सांसत में जान, देखने वाला कोई नहीं

**कौशाम्बी।** यदि यह कह लिया जाए कि बेलगाम रफ्तार अकसर सड़कों हादसों का कारण बन जाती है तो शायद यह गलत नहीं होगा। लेकिन बड़ी बात यह है कि बेलगाम रफ्तार की ओर शायद ध्यान किसी का नहीं जा रहा है और पूरे दिन डग्गामार वाहन सड़कों पर फरार्टा भरते नजर आते हैं। सबसे बड़ी बात तो यह होती है कि इन डग्गामार वाहनों में अकसर जो चालक होते हैं वह ट्रेंड नहीं होते हैं, यहां तक की चार दिन वाहनों में सफर करने के बाद खलांसी भी चालक तुरंत बन स्टेरिंग थाम लेता है।

यहां पर बताना जरूरी होगा कि जिले के मंझनपुर वाया सिराथू, भरवारी, करारी के अलावा करारी चैराहा, मूरतगंज, मनौरी, सिराथू आदि कस्बों व चैराहों पर यातायात का पाठ पढ़ाने और दो पहिया वाहनों के कागजों की चेकिंग के लिए बूथों पर ट्रैफिक के सिपाही खड़े नजर आते हैं। इनके नजरों से डग्गामार वाहन गुजर जाए, उसकी कितनी स्पीड है, और किस फिल्मी स्टाइल में चालक डग्गामार वाहन की स्टेरिंग घुमा रहा है, शायद इसे देखने वाला कोई नहीं होता। हां वह बात अलग है कि दो पहिया वाहन गुजर जाए और यदि लोकल का नहीं है तो उसके सारे कागजाद का ब्योरा ले लिया जाएगा। इतना ही नहीं बात नहीं बनी तो चालान तो होना तय ही है। यह खेल समदा नहर रोड में हर दिन देखा जा सकता है। लेकिन बड़ी बात यह है कि मुख्य रोडों पर फरार्टा भर रहे डग्गामार वाहन जिस तरह से बेलगाम स्पीड में फरार्टा भरते हैं, यदि इस ओर जिम्मेदार गंभीर भरी निगाहों से देखकर इन पर शिकंजा कसें तो शायद सड़क हादसों में कुछ कमी लाई जा सकती है। बड़ी बात यह है कि मजबूरी बस डग्गामार वाहनों में सफर करने वाले लोगों की जान तब तक सांसत में रहती है जब तक वह अपने गंतब्य तक पहुंच नहीं जाते हैं। हालांकि जिले की बुद्धिजीवी जनता ने इस ओर तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बेलगाम रफ्तार पर कार्यवाही कराए जाने की मांग किया है।

## नियम का पता नहीं बेंच रहे कीटनाशक दवाएं

**कौशाम्बी।** फसलों में छिड़काव करने के लिये जहरीली कीटनाशक की बिक्री नियमो को ताक में रखकर खुलेआम की जा रही है। जिले के कई दुकानें है जहा फसलों को कीटों एवं रोंगो से बचाने के लिये कीटनाशक दवाइयां बेची जाती है। दुकानों में स्टाक रेजिस्टर रखना खरीदने वालों को बिल अवश्य देना,कीटनाशक लेने वालों का बेवरा रखना साथ ही दवाओं को सामान्य ग्राहकों से दूर सुरक्षित स्थान पर रखना है। यह भी ध्यान रखना आवश्यक है कि कीटनाशक लेने वाले के पास उस दवा का अनुपात में फसल है भी या नही।लेकिन वास्तविकता यह है कि अबतक नियमो का पालन कराने में न तो विभाग की कोई दिलचस्पी दिखा रहा है और न ही दूकानदार। ऐसे में देखा जाय तो जिले में कई ऐसे दुकानदार है जिनके पास कोई रिकॉर्ड ही नही है कि उसने किसको कितना कीटनाशक बेचा। एक हकीकत यह भी है कि किसान ही नही कोई भी इन दुकानदारों से जहरीली कीटनाशक खरीद सकता है। लोग इसी तरह की दवा खरीद कर आत्महत्या व अन्य घटनाओ को अंजाम देते है। जबकी नियमों पर जाएं तो लाइसेन्सधारी दुकानदार को विभाग द्वारा जारी लाइसेन्स पर बेची जानी वाले की कीटनाशक दवा का नाम उसकी निमार्ता कंपनियों तथा डिस्ट्रब्यूटेरो की मंजूरी अंकित कराना भी आवश्यक है। ऐसा नही है कि लाइसेन्स मिला और किसी भी कंपनी की कोई भी कीटनाशक दावा बेचना आरम्भ कर दिया। यह तो नियम के विपरीत है। जिले में लगभग कीटनाशक दवा की दुकानें अवैध रूप से चलरही है। देखा जाए तो इसके लिये ग्रेजुएट इन एग्रीकल्चरया डिप्लोमा होना अनिवार्य होता है लेकिन तमाम ऐसे दुकानदार है जिनके पास कुछ नहीं है और दुकान का संचालन कर रहे हैं। हालांकि इलाकाई लोगों ने ऐसे दुकानदारों की जांच कराए जाने की मांग विभाग के अफसरों से किया है।

## गांव स्थित बंजर भूमि में कब्जा शिकायत

**दारानगर, सिराथू।** तहसील क्षेत्र के मिजार्पुर की गांव की एक वृद्धा ने विपक्षियों पर ग्राम सभा की भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। वृद्धा ने शुक्रवार को आयोजित जिलास्तरीय सपूर्ण समाधान दिवस मे जिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। कड़ा के अफजलपुर सातों गांव के मजरा मिजार्पुर निवासिनी घूरी देवी पती रामविशुन ने जिलाधिकारी को दिए शिकायती पत्र के जरिए बताया कि गांव के ही राम अधार, श्रीराम आदि लोगों ने गांव की बंजर खाते की भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। पीड़ित ने यह भी बताया कि उपरोक्त लोगों ने लेखपाल की मिली भगत से अपनी भूमिधरी भूमि से अधिक ग्राम सभा की भूमि पर नाजायज कब्जा किया है। इतना ही नहीं सरकारी भूमि पर कंटीले तार भी लगा दिया है, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही हैं। हालांकि अफसरों ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए प्रकरण की जांच कराए जाने का आश्वासन शिकायतकर्ता को दिया है।

## एनडी कान्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में आयोजित हुआ वार्षिकोत्सव कार्यक्रम

**वार्षिकोत्सव**

**स्टेज पर सभी कार्यक्रम के बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया**

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित एन. डी .कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज में वार्षिक उत्सव 2023 का रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुआ, जो कि ग्रैंड पेरेंट्स के लिए समर्पित था। कार्यक्रम की शुरूआत संस्थान के चेयरमैन नि. वर्तमान विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना, वंदना के साथ शुरू किया। हर तरफ उत्साह उमंग देखने को इस कार्यक्रम में मिल रहा था एक तरफ जहां बच्चों के दादा दादी, नाना नानी, पापा मम्मी का जनसैलाब इस कार्यक्रम में उमड़ रहा था, वही बच्चे भी पूरे रोमांचित हो करके अपने कार्यक्रम के प्रदर्शन को लेकर के बहुत ही रोमांचित दिखाई दे रहे थे। स्टेज पर सभी कार्यक्रम के बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ अद्भुत प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्लास जूनियर केजी के बच्चों ने स्टेज के माध्यम से ग्रैंडपेरेंट्स का वेलकम किया, वह कृष्णा है, सॉन्ग पर जूनियर केजी के बच्चों ने बहुत ही शानदार प्रदर्शन स्टेज के माध्यम से किया। क्लास फोर्थ और क्लास फिफ्थ एंड. डी. कन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज के बच्चों ने दादाजी की छड़ी सॉन्ग पर आए हुए अपने सभी ग्रैंडपेरेंट्स को भाव विह्वल कर दिया। वही क्लास 7जी और 8 जी के बच्चों ने आज शिक्षा पद्धति की जो समस्याएं हैं और उसका क्या समाधान हो सकता है। इस थीम पर बहुत ही ज्ञानवर्धक स्टेज का मंचन किया। इस दौरान चेयरमैन संजय कुमार गुप्ता ने अपने अभिभाषण के दौरान कहा कि यह कार्यक्रम इस संस्थान के पढ़ने वाले सभी छात्र-छात्राओं के ग्रैंडपेरेंट्स के लिए समर्पित था और इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रैंड पेरेंट्स और उनके बच्चों के बीच आत्मीयता को मजबूत कड़ी देने वाला कार्यक्रम था। यह कार्यक्रम शिक्षाप्रद था, हर व्यक्ति को शिक्षा का अधिकार है। शिक्षा सदैव एक सेतु का कार्य करती है जो समाज के हर वर्ग को जोड़ने का कार्य करती है। कार्यक्रम के दौरान वाइस चेयरपर्सन सपना गुप्ता, केपीएस किड्जी फाउंडर देव बाबू गुप्ता, संस्थान की डायरेक्टर सीमा पवार ,डिप्टी डायरेक्टर एवं एन डी कॉन्वेंट स्कूल एंड कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मयंक मिश्रा, केपीएस भरवारी के प्रिंसिपल रत्नाकर शर्मा ,किडजी प्रिंसिपल शिवांगी केसरवानी, प्रेमचंद गुप्ता, पूर्व चेयरमैन भरवारी गंगा प्रसाद, पितांबर लाल केशरवानी, रमेश अग्रहरी, अशोक केसरवानी, करुणेश त्रिपाठी, सूरज यादव, पिंटू कुशवाहा, कादिर अली, साहेब जादे, सोनिया राजपूत,उपस्थित रहे।



कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

# तीर्थराज प्रयागराज के समग्र और वृहत विकास की मांग

**मांग**

**अयोध्या, मथुरा और काशी से भी बढ़कर हो तीर्थराज प्रयागराज की भव्यता : अजय सोनी**

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी ने तीर्थराज प्रयागराज के समग्र और वृहत विकास के लिए फिर आवाज उठाई है। पार्टी नेता अजय सोनी ने शनिवार को पार्टी के कई कार्यकताओं के साथ मिलकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को तीर्थराज प्रयागराज के समग्र और वृहत विकास के लिए पार्टी के लेटर हेड पर पत्र भेजा है। भेजे गए पत्र में पार्टी ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से तीर्थराज प्रयागराज के समग्र और वृहत विकास की मांग उठाई है।

शनिवार को समर्थ किसान पार्टी के कई कार्यकताओं ने पार्टी नेता अजय सोनी के साथ शहर के प्रमुख डाकघर सिविल लाइन पहुंचे और तीर्थराज प्रयागराज के विकास हेतु प्रधानमंत्री कार्यालय एवं मुख्यमंत्री कार्यालय पत्र भेजा। भेजे गए पत्र में समर्थ किसान पार्टी ने लिखा है कि तीर्थराज प्रयागराज हिंदुओं के सभी तीर्थों का राजा है। यह हिंदू धर्म की देवस्थली है। यहां हर साल कुंभ मेला, एवं प्रति बारह साल में यहां महाकुंभ मेला का आयोजन होता है। कुंभ और महाकुंभ मेला में देश विदेश के करोड़ों लोगों का प्रयागराज आना होता है। साथ ही प्रयागराज में धार्मिक, आध्यात्मिक, न्यायिक, प्रशासनिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य और पर्यटन के तमाम मुख्य स्थल हैं। बावजूद इसके आज केंद्र एवं प्रदेश सरकार अयोध्या, काशी, मथुरा, गोरखपुर आदि धार्मिक स्थलों का व्यापक स्तर पर विकास कर रही है जबकि तीर्थराज प्रयागराज की उक्त सरकारों द्वारा लगातार उपेक्षा और अनदेखी की जा रही है। इसी को लेकर समर्थ किसान पार्टी की ओर से अजय सोनी ने शानिवार को केंद्र एवं प्रदेश सरकार को पत्र भेजा है। भेजे गए पत्र में तीर्थराज प्रयागराज के समग्र और वृहत विकास की पार्टी ने मांग उठाई है। इसके पूर्व पार्टी के कार्यकताओं से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने कहा कि प्रयागराज तीर्थराज है। यह मोक्ष और मुक्ति का धाम है। यह हिंदू धर्म का हृदय स्थल है। इसलिए इसकी भव्यता अयोध्या, मथुरा और काशी से बढ़कर होनी चाहिए। आगे कहा कि समर्थ किसान पार्टी केंद्र एवं प्रदेश सरकार से लगातार यह मांग कर रही है कि तीर्थराज प्रयागराज के समग्र और वृहत विकास की उक्त सरकारों द्वारा युद्धस्तर पर समुचित कार्यवाही होनी चाहिए। इस संबंध में अजय सोनी ने बताया कि समर्थ किसान पार्टी इस मुद्दे को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है और आगे भी करती रहेगी। इस अवसर पर मनोज सोनी, राम मिलन पांडेय, अनिल मौर्य, राजू सोनकर आदि मौजूद रहे।



ज्ञापन सौंपते साकिपा के पदाधिकारी

### फर्जी प्रमाण पत्र से नौकरी हासिल करने का आरोप

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के पथरावां गांव के धनश्याम का आरोप है कि गांव के ही युवक ने फर्जी अभिलेख व चरित्र प्रमाण बनवाकर एक बैंक में नौकरी हासिल की है। इसके बाद वह नौकरी कर रहा है। धनश्याम ने थाने में मामले की शिकायत की। युवक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर कर लिया है।

### पड़ोसी युवक के साथ किशोरी फरार

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी पड़ोसी गांव के युवक के साथ फरार हो गई। शनिवार की शाम किशोरी घर से खेत की ओर जाने के लिए निकली थी। देर शाम किशोरी के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो पता चला कि पड़ोसी युवक किशोरी को भगा ले गया है। किशोरी का पिता थाने पहुंचा और मामले की नामजद शिकायत की। पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## घर-घर केवाईसी को पहुंचेगी विद्युत टीम

**कौशाम्बी।** सरकार द्वारा विद्युत सुविधाओं और सेवाओं को आसान बनाने के लिये विद्युत उपभोक्ता पहचान व समाधान पखवाड़ा का आयोजन कर रही है। इसके तहत घर-घर उपभोक्ताओं के यहां पहुंचकर विभाग की टीम केवाईसी कराएगी। ऐसे में उपभोक्ताओं को तमाम तरह की जानकारी मिलती रहेंगी। एसडीओ बीके तिवारी और जेई अतुल श्रीवास्तव द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि शासन की मंशानुसार विद्युत उपभोक्ताओं के घर-घर जाकर केवाईसी कराया जा रहा है। जिससे विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को दी जा रही सेवाओं को आसान बनाया जाएगा। केवाईसी के बाद उपभोक्ताओं को विद्युत विच्छेदन के पूर्व जानकारी दिया जाना। विद्युत बिल संबंधी जानकारी देना। विद्युत बिल के भुगतान में सुविधा प्रदान करना। शिकायतों का तुरंत निराकरण करना। विभागों योजनाओं और लगने वाले कैम्प की जानकारी प्रदान करना। विद्युत बाधित होने की जानकारी देने जैसी सेवाएं प्राप्त होगी। उपभोक्ताओं के लिए शासन द्वारा जारी टोलफ्री नंबर 1912 भी उपलब्ध है जिसपर विद्युत उपभोक्ता अपनी शिकायत और अन्य जानकारी प्राप्त कर सकता है।

### सड़क हादसे में अधेड़ जख्मी

**कौशाम्बी।** कोतवाली के मगरोहनी निवासी हर्षित गौतम शनिवार को प्रयागराज गया था। देर शाम वह बाइक से घर लौट रहा था। संदीपनघाट थाने के समीप पीछे से आए अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना देख आसपास मौजूद लोग पहुंचे। घायल को देते हुए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## भाजपा अनुसूचित मोर्चा ने विभिन्न मंडलों में मनाया संत रविदास जयंती

**कौशाम्बी।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के कार्यकताओं ने रविवार को संत शिरोमणि पूज्य रविदास जी की जयंती पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष ज्ञान सरोज की अगुवाई में 15 मंडलों में कार्यक्रम हुआ। वहीं जिला उपाध्यक्ष पप्पू चैधरी व फूलचंद्र द्वारा मंझनपुर में रविदास जयंती मनाया। जिला उपाध्यक्ष शंकर पासी, विजय पासी सिराथू मंडल में मनाया गया। जिला मंत्री श्रीचंद्र व चंद्रसोनकर मंडल कड़ा ने जयंती मनाया। इतना ही नहीं जिला उपाध्यक्ष सुरेश गौतम, रामसेवक, संतोष ने सरायअकिल मंडल में कार्यक्रम आयोजित किया। सरसवां मंडल में शिवपूजन तो मूरतगंज मंडल ने भाजपा नेता नरेश ने संत रविदास जयंती मनाई। वहीं काजू मंडल में ब्रम्हानंद व अझुवा मंडल में दिलीप वहीं कशिया मंडल में भगवत प्रसाद व अनूप द्वारा जयंती मनाई गई। जयंती कार्यक्रम में मौजूद लोगों को पदाधिकारियों ने संत शिरोमणि की जीवनी पर विस्तार से बताया। वहीं संत रविदास के चित्र पर श्रृद्धा सुमन भी अर्पित किया गया।



संत रविदास जी के चित्र पर माल्यार्पण करते भाजपा पदाधिकारी

### युवक ने पत्नी और बेटे को पीटा

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के जाफरपुर महावां गांव की रानी देवी ने बताया कि उसका पति शराब के नशे का आदी है। शनिवार शाम वह शराब पीकर अपशब्द कह रहा था। विरोध करने पर पिटाई शुरू कर दी। बीच-बचावलह करने पहुंचे बेटे महेश को भी पीटा। पीड़िता ने आरोपित पति के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है।

### दबंगों ने युवक को पीटा

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मारूफपुर निवासी सुखनंदन का पड़ोसी से पुराना विवाद चल रहा है। पड़ोसी ने साथी के साथ मिलकर युवक को पीट दिया। युवक को पिटते देख घर परिवार के साथ मोहल्ले के अन्य लोग घटना स्थल की ओर दौड़े। ग्रामीणों को देख आरोपित युवक जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित युवक से तहरीर लेकर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया मौला अली का जन्मदिन

**जन्मदिन**

**सुबह से शुरू हुआ जश्न का दौर, देर शाम तक चलता रहा**

**कौशाम्बी।** मुसलमानों के आखिरी नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफा ( स ) के वसी और हसनो हुसैन के पिता मौलाये कायनात हजरत अली अलैहिस्सलाम का जन्मदिन जिले में अकीदतमंदों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। सुबह से शुरू हुआ जश्न का दौर देर शाम तक चला। महफिल में जहां शायरों ने बेहतरीन कलाम पेश कर वाह वाही बटोरी तो मौलाना ने मौला अली की जीवनी पर विस्तार से चर्चा करते हुए आपके फजायल बयान किये।

रविवार को जिले में पहले इमाम हजरत अली अलैहिस्सलाम का जन्मदिन मनाया गया। जिले के मंझनपुर, करारी, सिराथू, कड़ा, दारानगर, भरवारी, चायल, मुस्तफाबाद सहित अधिकांश स्थानों पर लोगों ने अपने इमाम के जन्मदिन को ऐतिहासिक बनाते हुए महफिलें आयोजित की। घरों में मीठे पकवान बना कर अकीदतमंदों ने एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। नगर पंचायत करारी के शिया जामा मस्जिद में मौला अली के जन्मदिन की खुशी में जश्न ए मौलाये कायनात का आयोजन किया गया। इसकी शुरूआत तेलावते कुरआन ए पाक से जवाद ने किया। महफिल में छोटे छोटे बच्चों ने मौला अली की शान में कसीदे पढ़े। इसके बाद शोएब सलमान रिजवी,,रिजवान बाबा,साबिर हुसैन,फहमी आदि ने अपने कलाम पेश कर वाह वाही बटोरी। मेहमान शायर हसन रिजवी ने अपने बेहतरीन कलाम से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। महफिल का संचालन करते हुए रौशन करारवी ने यह शेर पढ़ा--मनाओ जश्न कि काबे में आरहे हैं अली-खुदा के घर का मुकद्दर जगा रहे हैं अली। इस शेर पर अकीदतमंद नारा लगाने लगे। जावेद रिजवी ने यह शेर पढ़ा तो लोग नारा लगाने पर मजबूर हो गये उन्होंने पढ़ा--जिसको डूबा हुआ सूरज भी पलट कर देखे--हम उसे अपने अकीदे में अली कहते हैं--। महफिल में तकरीर करते हुए मौलाना सयैद जवादुल हैदर जव्वादी ने मौला अली की जीवनी पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि अगर आप सच्चे मुसलमान हैं तो आप को मौला अली की पैरवी करनी चाहिए इस लिए की जिसने अली को अपना लिया वह मोमिन हो गया और जिसने मौला अली को छोड़ दिया वह सिराते मुस्तकीम से भटक गया। इस मौके पर मौलाना सयैद मोहम्मद जोहैर कैन रिजवी, मौलाना सयैद जमीर हैदर रिजवी, मौलाना सयैद फिरोज हैदर रिजवी, फुरकान रिजवी,शराफत हुसैन, आलिम हुसैन सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।



मौला अली के जन्म दिन पर तकरीर सुनते अकीकतमंद

संक्षेप

## रंगदारी न देने पर दुकानदार को पीटा, रिपोर्ट दर्ज, एक गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** दो लाख रुपये की रंगदारी न देने पर कुछ लोगों ने बारात से लौट रहे कॉस्मेटिक के दुकानदार को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उस पर गोली भी चलाई लेकिन वह बगल से निकल गई। पुलिस ने चार के खिलाफ जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज कर एक को गिरफ्तार कर लिया है। पट्टी कोतवाली के रेंड़ी गारापुर निवासी राहुल गुप्ता बाजार में कॉस्मेटिक की दुकान चलाता है। आरोप है कि दुकान पर अक्सर जाने वाले गांव के ही सगे भाई कुलदीप व मोनू चैरसिया ने एक सप्ताह पहले उससे दो लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। उसने रुपये नहीं दिए। शनिवार रात करीब 11 बजे राहुल एक बारात से घर लौट रहा था। आरोप है कि गांव के ही कुलदीप, मोनू अपने दो अन्य साथियों के साथ बैठे थे। उसे रोककर रुपये न देने को लेकर उसकी पिटाई की। इस दौरान उस पर फायर भी झोंका लेकिन वह बच गया। राहुल की तहरीर पर पुलिस ने कुलदीप, मोनू, अंकित व संतोष यादव के खिलाफ जानलेवा हमले और रंगदारी की रिपोर्ट दर्ज कर ली। कोतवाल नंदलाल सिंह ने बताया कि मुख्य आरोपित मोनू चैरसिया को इलाके के बाभनपुर मोड़ के पास से गिरफ्तार कर लिया गया है। अन्य की तलाश की जा रही है।

# एडीएम ने नव सृजित नगर पंचायत के कार्यों का किया औचक निरीक्षण, मची खलबली

**प्रतापगढ़।** नव सृजित नगर क्षेत्र पंचायत पृथ्वीगंज में हो रहे कार्यों का अपर जिलाधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने औचक निरीक्षण किया। नगर पंचायत अधिशाषी अधिकारी पद्मजा मिश्रा के साथ रविवार को मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के तहत संपन्न हुए कार्यों का एडीएम द्वारा औचक निरीक्षण के दौरान जिम्मेदारों में खलबली मची रही। इस अवसर पर नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी पद्मजा मिश्रा ने कराए गए कार्यों का विधिवत निरीक्षण कराया। एडीएम श्री विश्वकर्मा ने जेई अनिल जायसवाल की निगरानी में कार्यों की गुणवत्ता की जांच कराई। उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों को मानक के अनुरूप कार्य कराए जाने का निर्देश दिए। चेतावनी भरे शब्दों में कहा कि मानक के अनुरूप कार्य न कराए जाने पर दोषी के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।


कार्यों के गुणवत्ता की जांच करते एडीएम

## पति के छोड़ देने से नाराज विवाहिता ने की आत्महत्या

**प्रतापगढ़।** पति से अनबन के चलते विवाहिता ने मायके में जहरीला पदार्थ निगलकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए रविवार को जिला अस्पताल भेजवाया। लालगंज कोतवाली के कोल वन कैथौला निवासी महन्थ खां की पुत्री शबाना 35 की शादी बीते वर्ष 2012 में लीलापुर थाने के सिंधौर गांव में समशाद के साथ हुई थी। मृतका के एक दस वर्ष तथा एक आठ वर्ष की दो सन्तानें हैं। मृतका का पति से पिछले एक वर्ष से अनबन चल रहा था। हालांकि मृतका की दोनों संताने उसके पति के साथ ही रहते हैं। इधर मृतका घटना के दो दिन पूर्व ससुराल गयी थी। वहां पति ने उसे घर मे रखने से इंकार कर दिया। शनिवार की शाम मृतका कैथौला बाजार गयी थी। वहीं जहरीला पदार्थ लेकर निगल लिया। उसकी हालत बिगडने पर परिजन उसे इलाज के लिए लालगंज ले आये। यहां से हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में ही मृतका ने दम तोड दिया। इसके बाद मायके के लोग मृतका का शव लेकर घर लौट आये। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कराकर रविवार को जिला अस्पताल भेजवाया। पुलिस का कहना है घटना में अभी कोई तहरीर नही मिली है, पीएम रिर्पोट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# लौरिया महाबिहार का भिक्खु संघ द्वारा किया गया भूमि पूजन



लौरिया महाबिहार का भूमि पूजन करते भिक्खु संघ

**प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के छेमर सरैया घासीपुर में रविवार को लौरिया महाबिहार का भूमि पूजन किया गया। गॉव के लहुरीराम व देवकली द्वारा दान की गई भूमि पर बौद्ध तपस्थली बनाई जानी है। बौद्ध भिक्षु करूण, कमलशील, विनय कीर्ति, शील रतन ज्योति, प्रज्ञा, अश्वजीत ने सामूहिक रूप से भूमि पूजन किया। लौरिया महाबिहार बनने से बौद्ध भिक्षुओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान बौद्ध अनुयायियों ने महात्मा बुद्ध के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का संचालन बौद्ध अनुयायी राकेश कन्नौजिया ने किया। इस दौरान दौलतराम, कमलेश कुमारी, अशोक, उमा, विनोद कुमार, प्रेमा देवी, सुशीला कश्यप, गिरिजा, रामधन, अनंत राम, लीलावती, डा0 भारत सिंह, हीरालाल, ज्ञान प्रकाश सहित तमाम बौद्ध अनुयायी मौजूद रहे।

# सुख सुविधाओं में कटौती कर बच्चों को अच्छी शिक्षा देना जरूरी : डॉ0 आरके वर्मा


कार्यक्रम को संबोधित करते सपा विधायक डाक्टर आरके वर्मा

**प्रतापगढ़।** रानीगंज के पूरे भीखू नारायनगंज स्थित मन्नी मेमोरियल जूनियर हाईस्कूल का रविवार को वार्षिकोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रानीगंज के सपा विधायक डाक्टर आरके वर्मा ने कहा कि आज के माहौल में शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। अभिभावकों को अपने सभी सुख सुविधाओं में कटौती करते हुए बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी चाहिए। शिक्षकों एवं अभिभावकों को कोई विषय या कार्य क्षेत्र बच्चों पर जबरन थोपने के बजाय उनके रुचि के विषय पर ही फोकस करना चाहिए। ताकि बच्चे जिस भी क्षेत्र में जायँ पूरी योग्यता के साथ जाएं। किसी पड़ोसी का बच्चा यदि डॉक्टर बन जाये तो जरूरी नहीं आपका बच्चा भी डॉक्टर ही बने। अपनी रुचि की पढ़ाई से ही वह आगे बढ़ सकता है। इस मौके पर सोरांव विधायक गीता पासी, मो0 अलीम, सपा जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, मो0 आरिफ, कृष्ण कुमार पटेल, कमरुल, जुनैद अहमद, मौलाना वाहिद, मौलाना इमरान, प्रबंधक अब्दुल सलीम, प्रधानाचार्य मो0 रिजवान, हलीम खां, जफरुल, शकील प्रधान, अंसार अहमद, विनोद पटेल, खुर्सीद अहमद सहित आदि उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म की घटना में थानेदार की लापरवाही पर एसपी ने सीओ को सौपी जांच

**प्रतापगढ़।** लीलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव में दुष्कर्म के मामले में विलम्ब से एफआईआर दर्ज करने पर एसपी ने प्रभारी निरीक्षक की लापरवाही पर सीओ को जांच सौपी गयी है। थाना क्षेत्र मे बीती तीस जनवरी को दुष्कर्म की घटना हुई थी। पीडिता ने थाने पहुंचकर तहरीर दी किंतु जांच के नाम पर पुलिस ने केस दर्ज करने में हीलाहवाली की। इसके बाद पीडिता एसपी से मिली और आपबीती सुनाई। एसपी की फटकार पर चार फरवरी को पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया। नाराज एसपी ने इस लापरवाही पर लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर को प्रभारी निरीक्षक के विरूद्ध जांच सौपी है। रविवार को सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया कि दुष्कर्म की घटना पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें गठित की गयी हैं। वहीं एफआईआर दर्ज करने में लापरवाही को लेकर प्रभारी निरीक्षक की भूमिका पर उनके द्वारा जांच की जा रही है। सीओ ने आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी का दावा करते हुए जांच आख्या एसपी को सौंपे जाने की बात कही है।

# लोकार्पण समारोह में सम्मानित हुए साहित्यकार

**प्रतापगढ़।** सृजना साहित्यिक संस्था द्वारा रविवार को नगर के शरदा संगीत महाविद्यालय में लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें साहित्यकार डा0 दयाराम मौर्य रत्न द्वारा लिखित बेल्हा साहित्य के नवरत्न, बच्चों की प्यारी बागिया एवं काव्यामृत का लोकार्पण हुआ। समारोह में आये हुए विभिन्न जिलों के साहित्यकार राम निवास पंथी, डा0 अर्जुन पाण्डेय, डा0 हरिश्चन्द्र शाक्य, बेचन लाल गुप्ता, विनोदी, डा0 अम्बिकेश त्रिपाठी, डा0 अजेन्द्र प्रताप सिंह, प्रतिभा इंदु, डा0 रिंकी सिंह व पवन कुमार सिंह का सारस्वत सम्मान किया गया। इसके अलावा जिले के साहित्यकारों राधेश्याम दीवाना, लखन प्रतापगढ़ी, अनिल कुमार निलय, श्रीनाथ मौर्य, कुंज बिहारी काका, प्रेम कुमार त्रिपाठी, अनीस देहाती तथा बेजोड़ को हयूमन सर्विस ट्रस्ट आफ इंडिया द्वारा सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निदेशक मानविकी विद्या शाखा राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के डा0 सत्यपाल तिवारी ने कहा कि बेल्हा साहित्य का नवरत्न साहित्य एक ऐतिहासिक अभिलेख है। विशिष्ट अतिथि विजय चितौरी ने कहा कि नवरत्न साहित्य को ऐतिहासिक धरोहर बताया। इस मौके पर समाजसेवी रोशन लाल उमरवैश्य, आनंद मोहन ओझा, आलोक कुशवाहा, अशोक कुमार तिवारी, विनोद पाण्डेय, राजेश मिश्र, रीतिका मौर्य, माया त्रिपाठी, शशी मौर्य, बीना श्रीवास्तव, विवेक आदि मौजूद रहे।


समारोह में सम्मानित साहित्यकार

# बुर्का पहनाकर छात्रा को भगाकर बिहार ले जा रहा युवक स्टेशन पर गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** मुस्लिम बस कंडक्टर ने प्रेम के झूठे जाल में फंसाकर बीए की एक हिंदू छात्रा को अपने साथी की मदद से लेकर भागने की फिराक में रेलवे स्टेशन पहुंच गया। यहां उनका इंतजार कर रही पुलिस ने छात्रा और साथी को तो पकड़ लिया। लेकिन कंडक्टर गिरफ्त में नहीं आया। पुलिस को उसकी तलाश है। पुलिस के अनुसार मामला लव जेहाद से जुड़ा हो सकता है। जांच पड़ताल की जा रही है। फतनपुर थाना क्षेत्र के सुवसा गांव की बीए की एक छात्रा मुंगरा बादशाहपुर कोचिंग पढ़ने बस से आया जाया करती है। जिस प्राइवेट बस से वह जाती थी उसका कंडक्टर नन्हें जो कि मुस्लिम है। उससे नजदीकियां बढ़ाने लगा। नन्हें ने उसे जब पूरी तरह से अपने जाल में फांस लिया तो उसने भगाने की सोची। छात्रा के जन्मदिन पर बीस जनवरी को नया मोबाइल खरीदकर दिया। छात्रा बाइस जनवरी को मुंगरा बादशाहपुर पढ़ने गई लेकिन घर नहीं लौटी। छात्रा के पिता ने फतनपुर थाने में इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने छात्रा और नन्हें का मोबाइल सर्विलांस पर लगा दिया। रविवार को सुबह छात्रा के मोबाइल की लोकेशन प्रतापगढ़ रेलवे स्टेशन की मिली। फतनपुर थाने की पुलिस ने जीआरपी से संपर्क साधा और मदद मांगी। एसओ मोहम्मद राशिद खान ने स्टेशन पर अपने मुखबिर लगा दिए। एसओ भी फतनपुर के दरोगा के साथ लगे रहे। इसी बीच एक युवक बुर्के वाली के साथ प्लेटफॉर्म में दाखिला हुआ। बुर्के वाली की चाल ढाल से पुलिस वालों को शक हुआ। वे पीछे हो लिए। बुर्के वाली को भी कुछ शक हुआ। उसने बुर्का उतार दिया और भागने लगी। सिपाहियों ने उसे और उसके साथी को पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि पकड़ा गया युवक नन्हें का दोस्त था। यह भी मुस्लिम है। दोस्त ने बताया कि नन्हें भी आया हुआ है। पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए छात्रा के मोबाइल का सहारा लिया। लेकिन वह पकड़ा नहीं गया। फतनपुर पुलिस दोनो को थाने लेकर चली गई। छात्रा का कहना है कि नन्हें उसे भगाकर बिहार ले जा रहा था। इसमें उसका दोस्त भी शामिल है। चर्चा है कि नन्हें ने अपने दोस्त के साथ छात्रा का सौदा कर दिया है। वही उसे लेकर बिहार जाने वाली ट्रेन पकड़ने स्टेशन आया था और पकड़ा गया।

# ट्रेन से गायब हुआ व्यापारी का डेढ़ लाख रुपया जीआरपी ने चोर के घर से किया बरामद

**प्रतापगढ़।** दिल्ली से प्रतापगढ़ आई पद्मावत एक्सप्रेस ट्रेन के एसी कोच से गायब हुआ डेढ़ लाख रुपया स्टेशन पर ही घूमने वाले एक चोर के घर से पुलिस ने बरामद किया है। यह रुपया किसी व्यापारी का है। जो दिल्ली से प्रतापगढ़ किसी काम के सिलसिले में आया था। हालांकि जीआरपी ने घटना से इंकार किया है। इसकी चर्चा आरपीएफ जीआरपी से लेकर स्टेशन स्टाफ में हो रही है। रविवार की सुबह पद्मावत एक्सप्रेस प्रतापगढ़ स्टेशन पर आकर रूकी। कुछ देर बाद एक यात्री भागता हुआ जीआरपी थाने पहुंचा। उसने बताया कि उसका बैग एसी कोच में छूट गया था। बैग तो मिला लेकिन उसमें रखा करीब डेढ लाख रुपए गायब है। इतने सारे रुपए चोरी होने की सूचना पाकर पुलिस वाले तो एक बार हिल गए। पहले से कई मुकदमे झेल रही जीआरपी को लगा कि एक और नई मुसीबत आने वाली है। सूत्रों के अनुसार जीआरपी ने ट्रेन में सफाई करने वाले कर्मचारियों को चोर बताते हुए उन्हें धमकाया। रुपया न मिलने पर जेल भेजने की चेतावनी दी। इससे सफाई स्टाफ में खलबली मच गई। रोज ट्रेनों में बेधड़क घुसने वाले दुर्गेश नाम के एक संदिग्ध युवक पर स्टाफ का शक गया। लोगों ने उसे एसी में घुसते देखा भी था। दुर्गेश को तलाशा गया। वह मिला नहीं। इससे कर्मियों का उस पर शक गहराने लगा। पुलिस वाले दुर्गेश की तलाश में उसके घर गौरीगंज गए। वह वहां मिला नहीं लेकिन चोरी गया रुपया जरूर मिल गया। पुलिस कर्मियों ने राहत की सांस ली। रुपया लाकर यात्री को दिया। हालांकि जब इस बारे में एसओ जीआरपी मोहम्मद राशिद खान से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

### रेलवे कर्मचारी दुर्गेश पर करते थे भरोसा

हकलाने और पागल सा दिखाई देने वाला युवक दुर्गेश इतना शातिर दिमाग वाला होगा। किसी ने सोचा भी नहीं था। टीसी दफ्तर, आरक्षण, ट्रेन लाइटिंग, सीडीओ पार्सल, सिग्नल के दफ्तरों में उसका दखल रहता है। कर्मचारी उसी से चायपान, गुटखा और जरूरत की चीजें मंगाते हैं। इसके बदले वे बचे हुए छुट्टे पैसे उसे बक्शीस देते हैं। इसी से उसका गुजारा होता है। लोगों का उस पर बड़ा विश्वास भी करते हैं। बिना कर्मचारी होते हुए भी ट्रेनों में घुसकर सफाई भी कर देता था।

### स्टेशन पर हुई चोरियों में अब दुर्गेश पर पुलिस को शक

भोला बनकर लाखों रुपए लेकर चंपत होने वाले दुर्गेश के प्रति रेल कर्मियों ने इस घटना के बाद नजरिया बदल लिया है। लोगों का कहना है कि ट्रेनों और स्टेशन पर हुई छोटी छोटी चोरियों में उसका हाथ हो सकता है। पुलिस भी इससे इंकार नहीं कर रही है।

# रात से ही जुटने लगी थी गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़

**प्रतापगढ़।** जिले के मानिकपुर क्षेत्र में माघी पूर्णिमा के महत्वपूर्ण स्नान पर्व पर गंगा की धारा में पुण्य की डुबकी लगाने को श्रद्धालुओं की भीड़ गंगा घाटों पर जुटी। रविवार के पूरे दिन गंगा की धारा में स्नान ध्यान और हवन पूजन का क्रम चलता रहा। माघ महीने का पांचवा और अंतिम महत्वपूर्ण स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर रविवार को कई ग्रह नक्षत्रों का मेल होने और आयुष्मान नक्षत्र होने से स्नान का महत्व बढ़ गया। गंगा की धारा में पुण्य की डुबकी लगाने को शनिवार की रात से ही श्रद्धालु गंगा घाटों पर पहुंचने लगे। रविवार की भोर से ही हर हर गंगे के जयकारे संग गंगा स्नान हवन पूजन शुरू हुआ तो देर शाम तक यह क्रम चलता रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ और सिद्धपीठ मां ज्वालामुखी देवी मंदिर पहुंच कर दर्शन पूजन किया। इलाके के मानिकपुर, कालाकांकर, करेंटी, अवधेश्वरनाथ, नौबस्ता, जहानाबाद आदि गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी।


गंगा घाट पर उमड़ी भीड़

### गांजा तस्कर भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** महेशगंज पुलिस ने क्षेत्र में वर्षों से गॉजा तस्करी कर बेच रहे आरोपी को रविवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चेकिंग के दौरान पुलिस ने थानाक्षेत्र के राजापुर बिंधन से परमा का बाग निवासी हरिओम तिवारी उर्फ डब्बू को पकड़ा। पुलिस ने उसके पास एक किलो 180 ग्राम अवैध गॉजा बरामद किया। इसके अलावा पुलिस ने आरोपी के पास से बेंचे हुए गांजे के दो हजार से अधिक रुपए भी बरामद किये। आरोपी को पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में चालान कर दिया।

# बच्चा बैंक के छात्रों ने गायब ट्रेन लैम्प आरपीएफ को सौंपा

**प्रतापगढ़।** जौनपुर ऋरायबरेली एक्सप्रेस ट्रेन में गार्ड के डिब्बे के पीछे लगने वाला ट्रेन लैंप गायब हो गया था। जिसकी कीमत हजारों रुपए थी, उसको बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के छात्रों ने खोज निकाला और उसे रेलवे सुरक्षा बल को सौंप दिया। खोई हुई रेल संपत्ति पाकर बल के इंस्पेक्टर और उनका स्टाफ काफी खुश नजर आया। उन्होंने छात्रों के कार्य की सराहना की। बच्चों को पुरस्कृत करने की घोषणा की। घटना शनिवार देर रात की है। हुआ यूं कि जौनपुर से रायबरेली जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन का ट्रेन लैंप भंगवा गांव के निकट बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप द्वारा संचालित निशुल्क स्टडी सेंटर के सामने ट्रैक पर गिर गया था। गार्ड को इसकी भनक तक नहीं लगी। चिलबिला स्टेशन पार करते समय पोर्टर की नजर गार्ड के डिब्बे पर गई। उसे ट्रेन लैंप नहीं दिखाई दिया। उसने फौरन इसकी सूचना गार्ड को दी। रायबरेली पहुंचने पर गार्ड ने कंट्रोल और लाबी कंट्रोलर को लैंप गायब होने की सूचना दी। मैसेज मिलने पर प्रतापगढ़ में आरपीएफ की धड़कन बढ़ गई। फोर्स के लोग लगे लैंप ढूंढने। लेकिन मिला नहीं। बताया जाता है कि इसकी जानकारी बच्चा बैंक के स्टडी सेंटर के प्रिंसिपल शनि सरोज और छात्रों को हुई तो वे सभी आरपीएफ की मदद करने के लिए ट्रैक पर लैंप खोजने लगे। उन्हें लाल रंग की एक वस्तु ट्रैक पर पड़ी दिखाई दी। शनि ने बताया कि वे नजदीक गए तो देखा लैंप था। उन्होंने इसकी सूचना आरपीएफ को भिजवाई और छात्रों को साथ लेकर खुद ही लैंप देने थाने पहुंच गए। लैंप पाने के बाद इंस्पेक्टर सीपी मिश्रा तनाव मुक्त नजर आए। उन्होंने कहा कि बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप ने अच्छा कार्य किया है। उन्होंने छात्रों का मुंह मीठा कराया। उन्हें पुरस्कृत किए जाने की बात कही।


आरपीएफ को ट्रेन लैंप सौंपते बच्चा बैंक

## एमएलसी ने दी श्रद्धांजलि

**प्रतापगढ़।** ललगंज स्थित पूरे हरिकिशुन में शनिवार की देर शाम शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने पूर्व प्रधानाध्यापक रामदुलारे द्विवेदी की धर्मपत्नी एवं समाजसेविका शिवदुलारी दुबे की स्मृति में आयोजित कार्यक्रम में शोकांजलि अर्पित की। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शिवदुलारी के सरल एवं सौम्य व्यक्तित्व को समाज के लिए प्रेरणास्पद बताया। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी की ओर से मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने भी दिवंगत शिवदुलारी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम का संयोजन शिक्षक बृजेश द्विवेदी व संचालन अधिवक्ता संजय द्विवेदी ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, शास्त्री सौरभ, प्रधानाचार्य सुधाकर पाण्डेय, व्यापार मण्डल अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, शेष तिवारी, शैलेन्द्र मिश्र, मुन्ना तिवारी, राजदुलारे द्विवेदी, राकेश द्विवेदी, विकास पाण्डेय, उमाशंकर मिश्र, आचार्य राजेश मिश्र, विमलेश, सालिक आदि रहे।


# सरकार की इच्छा शक्ति कमजोर होने से बढ़ी महंगाई और बेरोजगारी : आराधना मिश्रा

**प्रतापगढ़।** लालगंज की विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने रविवार को अपने कैम्प कार्यालय पर जनसमस्याओं की सुनवाई की। विधायक मोना ने रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र में जलजीवन मिशन के अन्तर्गत निमार्णाधीन पेयजल योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होनें पेयजल योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों मे शुद्ध पीने के पानी की आपूर्ति को लेकर कार्यदायी संस्था को समयबद्धता के साथ गुणवत्ता के भी निर्देश दिये। विधायक ने कार्यकताओं से क्षेत्र मे जारी सडक, पेयजल व बिजली समेत विभिन्न विकास परियोजनाओं के संचालन में सहयोग मांगा। उन्होनें रामपुर खास को विकास के हर पटल पर राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी की अगुवाई में मजबूत बनाए रखने का भी संकल्प जताया। कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता मोना ने लगातार बढती मंहगाई को चिन्ताजनक बताते हुए केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकारों को इन असफलताओं पर भी आडे हाथ लिया। उन्होने कहा कि सरकार की इच्छाशक्ति के कमजोर होने तथा गरीब की जगह चुनिंदा पूंजीपति मित्रों का ज्यादा ख्याल रखने के कारण जनता मंहगाई और बेरोजगारी की असहनीय पीड़ा का दर्द झेल रही है। लघु एवं मध्यम उद्योगों के साथ सरकारी क्षेत्र में लगातार सेवा का अवसर घटने के कारण युवा भविष्य के प्रति इस समय कुंठा से परेशान हैं। वहीं किसानों की फसल जिस तरह से सिंचाई तथा बिजली के संसाधनो के अपर्याप्त होने एवं छुटटा मवेशियों से हो रहे नुकसान को लेकर किसान भी त्राहि त्राहि कर रहा है। सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि मेक इन इण्डिया का खोखला नारा लगा रही भाजपा की सरकार किसानों के संघर्ष व कुर्बानियों के बावजूद कृषि क्षेत्र मे फसल उत्पादन को लेकर न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारण्टी का कानून नही ले आने की जिद पर अडी है। विधायक ने बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन कर महाशिवरात्रि पर होने वाले राष्ट्रीय एकता महोत्सव की प्रारंभिक तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, प्रमुख अमित सिंह, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, सुधाकर पाण्डेय, केडी मिश्र, भुवनेश्वर शुक्ल, हरिश्चंद्र सरोज, आनंद पाण्डेय, आशीष उपाध्याय, संजय बघेल, आशुतोष मिश्र, रामबोध शुक्ल, मुरलीधर तिवारी, सुनील त्रिपाठी, छोटे लाल सरोज, राजू पाण्डेय, नागेन्द्र सिंह, अल्लन खां आदि लोग मौजूद रहे।


जनसमस्याओं की सुनवाई करतीं विधायक मोना

## जनसंपादकीय

# सलाम ! सावित्री बाई !!



**डॉ. सुधीर सक्सेना**

जीवन में विषमताएं थीं, उन्होंने साहसपूर्वक उनका सामना किया। जीवन में अवरोध थे, उन्होंने धैर्यपूर्वक उन्हें लांघ कर अपना रास्ता बनाया। जीवन में संघर्ष था, उन्होंने जिद और जुनूं से उसे सेवा के प्रकल्प में बदल डाला। ज्योतिबा फुले से अल्पायु में ब्याही गयी सावित्री बाई सही अर्थों में उनकी संगिनी सिद्ध हुईं। उन्होंने त्याग, समर्पण और संकल्प से फलक पर सर्वथा नयी इबारते लिखीं और नजीर बनकर उभरीं। पति के साथ उन्होंने देश में पहली कन्या पाठशाला खोली। पहली शिक्षिका बनीं। नवाचार उनके रक्त में था। अपनी क्रांतिधर्मिता से उन्होंने अपने समय को रोशन किया और अपने पीछे चमकीला विरसा छोड़ा।

सावित्री बाई का जन्म 3 जनवरी, सन् 1831 को बांबे प्रेसीडेंसी के सतारा जिले के नैगांव में हुआ था। पुणे से 50 किमी दूर स्थित गांव में जनमी सावित्री बाई लक्ष्मी और खंडोजी नेवासे पाटिल की सबसे छोटी बेटी थी। उसका विवाह सन् 1840 में नौ वर्ष की वय में 13 वर्षीय ज्योतिराव फुले से हुआ, जो सजातीय माली समुदाय के थे। फुले दंपत्ति निस्संतान रहे। कहा जाता है कि उन्होंने विधवा ब्राह्मणी की संतान यशवंतराव को गोद ले लिया था। विधवा पुत्र होने से जब उसके विवाह में अड़चनें आईं तब सावित्री ने उसका ब्याह संगठन से जुड़े ज्ञानोबा की बेटी से फरवरी 1889 में कराकर अपूर्व उदाहरण प्रस्तुत किया। वस्तुतः सावित्री की जिंदगी ससुराल जाते ही बदल गयी थी। ज्योतिराव की प्रकृति और प्रवृत्ति दशा भिन्न थी। उसने सावित्री को देखते देखते नये सांचे में ढाल दिया।

सावित्री बाई का जब विवाह हुआ, तब वह निरक्षर थी। उसने किसी पाठशाला का मुंह न देखआ था। पति ज्योतिबा ने उसे और उसकी मौसेरी बहन सगुना बाई को अक्षर ज्ञान कराया और प्राथमिक शिक्षा दी। अब सावित्री के भीतर ज्ञान की पिपासा जाग उठी थी। अब यह ज्योतिबा के मित्रों सखाराम यशवंतराव परांजपे और केशव शिवराम भवलकर की जिम्मेदारी थी कि सावित्री आगे कैसे पढ़े? चाह ने राह खोली। सावित्री ने दो संस्थानों में दाखिला लिया। इनमें पहला था अमेरिकी मिशनरी सिंधिया फरार द्वारा अहमदनगर में संचालित केन्द्र और दूसरा था नार्मल स्कूल, पुणे का पाठ्यक्रम। इन कोर्सों के बाद सावित्री शिक्षिका थी, भारत की पहली महिला शिक्षक। अब वह शिक्षा के विस्तृत प्रांगण में थी। उनसे पुणे में महारवाड़ा में कन्याओं को पढ़ाना शुरू किया लेकिन यह फकत इब्तिदा थी। सावित्री, सगुना और ज्योतिबा की त्रयी पर समाज सुधार का जुनूं तारी था। उन्होंने पुणे में ही भिड़े वाड़ा में पाठशाला की स्थापना की। भिड़े वाड़ा तात्यासाहेब भिड़े का ठिकाना था। तात्यासाहेब त्रयी के क्रांतिकारी संकल्प से प्रभावित थे। स्कूल के पाठ्यक्रम में गणित, विज्ञान और समाजशास्त्र के पाश्चात्य पाठ्यक्रमों का समावेश था और पाठ्य-पद्धति भी सरकारी स्कूलों से भिन्न व बेहतर थी। सन् 1841 में फुले दंपत्ति पुणे में तीन कन्या शालाओं को संचालित कर रहे थे और वहां छात्राओं की संख्या लगभग 150 थी और यह संख्या सरकारी स्कूलों में दाखिल छात्रों की संख्या से कहीं ज्यादा थी।

त्रयी की सफलता रोड़ों की संदर्भिका बनी। पुणे के अभिजात्य को दलितों का यह 'उजला उपक्रम' रास नहीं आया। विरोध लांछनों तक सीमित न रहे। सावित्री बाई घर से शाला तक जाती तो अतिरिक्त साड़ी लेकर जाती। क्योंकि रास्ते में उन्हें फब्तियों के साथ-साथ पत्थरों और गोबर के प्रहारों का भी सामना करना होता था। अवरोधों का यहीं अंत न था। अभी तक सावित्री-ज्योतिबा पिता के घर रह रहे थे। बेटे-बहू का कार्य मनु-स्मृति और संहिताओं का उल्लंघन था, पातक था। अतः गोविंदराव फुले ने सन् 1849 में पुत्र और पुत्र वधू को घर छोड़ने का हुक्म सुना दिया।

पिता का फर्मान और पुणे के भद्रलोक का तीखा विरोध फुले-युगल को खुले आसमानतले रात बितानी पड़ती, लेकिन ऐसी नौबत न आई। ज्योतिबा के मित्र उस्मान शेख ने अपने घर पर युवा दंपत्ति को शरण दी। वहीं सावित्री बाई की भेंट उस्मान की बहन फातिमा बेगम शेख से हुई। यह भेंट दोनों के दरम्यां आजीवन संबंधों की हेतु बनी। बिना फातिमा शेख के उल्लेख के फुले-दंपत्ति या सावित्री बाई की कोई भी गाथा अधूरी है। सावित्री बाई की कामयाबी में फातिमा के योगदान की केंद्रीय भूमिका है। सन् 1849 में पहली कन्या पाठशाला की स्थापना फातिमा के घर पर हुई, जहां प्रथम महिला शिक्षक सावित्री और प्रथम मुस्लिम शिक्षिका फातिमा ने अंत्यज-कन्याओं को पढ़ाने का क्रम प्रारंभ किया। अगले ही वर्ष सन् 1850 में फुले-दंपत्ति ने निम्न जातियों में शैक्षिक क्रांति के लिए दो ट्रस्टों की स्थापना की और एक-एख कर 18 स्कूल खोले। उन्होंने हत्या प्रतिबंधक गृह भी खोला।

सावित्री बाई के साहसिक कृत्यों का क्रम यहीं समाप्त नहीं हुआ। सन् 1897 में जब बूबोनिक हैजे से विश्वव्यापी महामारी फैली तो उसने अपने दत्तक पुत्र यशवंत के सहयोग से हैजा पीड़ितों के इलाज के लिए नालासोपारा इलाके में एक क्लीनिक खोला। यह ज्ञात होने पर कि मुंधवा में महार बस्ती में पांडुरंग बाबाजी गायकवाड़ का बेटा प्लेग-ग्रस्त हो गया है, सावित्री बाई वहां पहुंचीं और युवक को पीठ पर लादकर पुणे के उपांत्य में स्थित अफने क्लीनिक के लिए रवाना हो गईं। इस क्रम में वह स्वयं हैजे की शिकार हो गयीं और 10 मार्च, 1897 को रात्रि नौ बजे उनकी मृत्यु हो गई।

सावित्री बाई निर्भीक सामाजिक कार्यकर्ती ही नहीं थीं, वरन लेखिका और कवयित्री भी थीं। सन् 1854 में उनकी रचनाओं का संकलन 'काव्य-फुले' प्रकाशित हुआ तो सन् 1892 में 'बावन काशी सुबोध रत्नाकर'। वह प्रखर नारीवादी थीं और स्त्रियों के लिए समान अधिकारों की हिमायती। इशी के तहत उन्होंने महिला सेवा मंडल की स्थापना की। मंडल के तत्वावधान में जाति-धर्म के भेद से परे स्त्रियां एक स्थान पर एकत्र होतीं और अस्पृश्यता को तिलांजलि देकर एक ही दरी पर अगल-बगल बैठतीं। समय के मान से यह क्रांतिकारी उपक्रम था। उनका प्रयास बलात्कृताओं और विधवाओं के प्रसव तक सीमित न था, बल्कि अभिशप्त माएं चाहतीं तो लालन-पालन के लिए अपने नवजात शिशु को वहां छोड़कर जा सकती थीं। सावित्री बाई और ज्योतिबा सती प्रथा के घोर विरोधी थे। उन्होंने बाल-विवाह का भी विरोध किया और विधवाओं और परित्यक्त शिशुओं के लिए बसेरा भी खोला।

सावित्री बाई क्रांतिधर्मी शख्सियत थीं। उनमें साहस कूट-कूट कर भरा था। एक प्रसंग उल्लेखनीय है। सावित्री बाई को खबर मिली कि अमुक गांव में ग्रामीण निम्न जाति की कन्या से संबंधों के 'अपराध' में एक युवक की 'लिंचिंग' पर आमादा हैं। सावित्री भागकर वहां पहुंचीं और ग्रामीणों को लिंचिंग के दण्डात्मक परिणामों के बारे में बताया। फलतः युवक की प्राण रक्षा हुई। इस वाकये का सावित्री बाई ने पति ज्योतिबा को लिखे पत्र में उल्लेख किया। फुले-दंपत्ति में ब्रिटिश हुकूमत के सामाजिक कानूनों को लेकर पर्याप्त आदरभाव था। इसकी पुष्टि ज्योतिबा के लेखन से भी होती है। सावित्री बाई फुले के जन्मदिन 3 जनवरी को महाराष्ट्र में 'बालिका-दिन' के तौर पर मनाया जाता है। पुणे नगर-निगम ने सन् 1983 में स्मारक की स्थापना की तो सन् 2015 में पुणे विश्वविद्यालय का नामकरण सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय किया गया। भारत सरकार ने उनकी स्मृति में डाक टिकट भी जारी किया। दूरदर्शन ने उनके जीवन पर आधारित नाटक क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले का प्रसारण किया। मराठी में उनके बारे में प्रचुर साहित्य उपलब्ध है। सावित्रीबाई फुले जैसी क्रांतिधर्मी शख्सियत हम सबके सलाम की हकदार हैं।

**(लेखक कवि एवं संपादक हैं )**

# शिक्षा के प्रांगण : कक्षा से कैंटीन कल्चर तक

**शिक्षा**



**प्रेम सिंह**

नवउदारवादी नीतियों (नियो-लिबरल पॉलिसीज) ने शिक्षा के चरित्र और उद्देश्य को बदलते हुए उसका व्यावसायीकरण (कॉमर्सियलाईजेशन) ही नहीं किया है, शिक्षा संस्थानों - स्कूलों-कालेजों-विश्वविद्यालयों - के वातावरण को भी उस दिशा में तेजी से बदला है. इसकी एक बानगी स्कूलों-कालेजों-विश्वविद्यालयों में कैंटीन कल्चर के फैलाव में देखी जा सकती है. इस संदर्भ में पिछले सौ सालों से देश की राजधानी में स्थित दिल्ली विश्वविद्यालय का उदहारण लें. शिक्षा जगत में नवउदारवाद के पैर पसारने से पहले कैंटीन यहां के कालेजों और विश्वविद्यालय का एक बहुत छोटा हिस्सा होती थीं. उनमें खाने-पीने की चीजें बहुत कम - चाय, ब्रेड पकोड़ा, ऑमलेट, समोसा, सेंडविच आदि - मिलती थीं. विद्यार्थियों के लिए, अगर वे कॉलेज परिसर में हैं, सबसे पहले कक्षा और उसके बाद पुस्तकालय, कॉमन रूम, स्पोर्ट्स रूम, एनसीसी रूम, एनएसएस रूम, यूनियन रूम, अगर किसी कॉलेज में सुविधा है तो थिएटर रूम और खेल के मैदान में जाना महत्वपूर्ण होता था. कॉलेज में बने दोस्तों के साथ कॉलेज लॉन से लेकर सीढ़ियों तक पर बैठने की रवायत थी, कैंटीन में नहीं.

विद्यार्थी जिस जगह बैठते, उसी तरह की आपस में चर्चा होती थी. एक-दूसरे के विषयों, अनुभवों, रुचियों आदि को जानने में उनका समय बीतता था. इस तरह देश के अलग-अलग हिस्सों और दिल्ली शहर एवं देहात से आने वाले विद्यार्थियों के बीच आपस में अलगाव नहीं, साझापन बढ़ता था. कैंटीन की तरफ बहुत कम विद्यार्थी जाते थे, वह भी किसी खास अवसर पर. बात-बात पर पार्टी लेने-देने का रिवाज तब नहीं था. सत्तर के दशक की मुझे याद है. तब विद्यार्थियों पर बर्थडे मनाने का भूत सवार नहीं हुआ था.

उन दिनों यू-स्पेशल बसें चलती थीं. कक्षाएं खत्म होने के बाद विद्यार्थियों को यू-स्पेशल पकड़ कर घर जाने की जल्दी रहती थी. यू-स्पेशल बसें विद्यार्थियों के एक-दूसरे के करीब आने का एक बड़ा जरिया हुआ करता था. इन बसों में प्रेम-प्रसंग भी चलते थे, झगड़े और मार-पीट भी. इन बसों के जरिये कॉलेज-विश्वविद्यालय की दुनिया पूरे शहर और देहात तक प्रसारित हो जाती थी. सांध्यकालीन कालेजों की यू-स्पेशल बसें भी चलती थीं. प्रायः सभी यू-स्पेशल बसों में कोई न कोई शिक्षक भी अपने गंतव्य तक यात्रा करते थे. नवउदारवाद की अगवानी में यू-स्पेशल बसें बंद होती चली गईं. एनसीसी/एनएसएस आदि निष्क्रिय या खत्म होते चले गए. विद्यार्थियों के बीच सामूहिकता की भावना पैदा करने वाला वह वातावरण भी समाप्त होता चला गया. बढ़ती चली गईं कैंटीन और उनके मैन्यु!

स्कूलों-कालेजों-विश्वविद्यालयों में पिछले 20-25 सालों में एक नए वातावरण का निर्माण हुआ है. अब कालेजों में जाइए तो पायेंगे कि कैंटीन कक्षा के बाद या कक्षा के साथ विद्यार्थियों के खाने-पीने और जमावड़े का सबसे अहम स्थल बन गई हैं. पहले पीरियड से ही यह सिलसिला शुरू हो जाता है. बाजार के बड़े ईटिंग पॉइंट्स की तरह कैंटीनों का लम्बा-चौड़ा मैन्यु होता है. दिल्ली विश्वविद्यालय में स्थानीय के अलावा पूरे देश से विद्यार्थी पढ़ने आते हैं. उनकी संख्या के हिसाब से हॉस्टल की सुविधा न के बराबर है. ज्यादातर विद्यार्थी अपना इंतजाम करके रहते हैं, जो काफी महंगा पड़ता है. लेकिन उसके बावजूद कॉलेज कैंटीन स्थानीय और बाहर से आए विद्यार्थियों से भरी रहती हैं. कैंटीन कल्चर का यह फैलाव बताता है कि पिछले दो-तीन दशक में मध्यवर्ग, जिसमें सर्विस क्लास भी शामिल है, के पास काफी धन आया है. अगर विद्यार्थियों की खरीद-शक्ति नहीं होती, तो दिल्ली विश्वविद्यालय में कैंटीन-व्यापार इस तरह नहीं जम सकता था. कैंटीन का ठेका लेने वाले ठेकेदारों को काफी मुनाफा होता है. इसीलिए कैंटीन का टेंडर लेने के लिए काफी प्रतिस्पर्धा और सिफारिश चलती है.

गौर करें कि कैंटीन कल्चर के समानांतर हर कॉलेज में फोटो-कॉपी कल्चर भी विकसित हुआ है. अध्ययन सामग्री फोटो-कॉपी कराने के कॉलेजों एवं विश्वविद्यालय के अंदर और बाहर अनेक फोटो-कॉपी पॉइंट्स खुले हुए हैं. उनकी भी अच्छी-खासी कमाई होती है. पहले सभी विद्यार्थी पुस्तकालय या घर पर बैठ कर परीक्षा के नोट्स तैयार करते थे. अब वैसा नहीं है. सब कुछ फोटो-कॉपी कराया जाता है. फोटो-कॉपी कल्चर के चलते कॉलेज में कक्षा के अलावा जो समय बचता है, विद्यार्थी उसमें से ज्यादा समय कैंटीन में बिताते हैं. इस तरह फोटो-कॉपी कल्चर कैंटीन कल्चर का विस्तार है. नवउदारवाद के साथ शुरू हुई यह प्रवृत्ति भी कैंटीन कल्चर का ही विस्तार है कि हर साल बड़े छात्र संगठन कालेजों के विद्यार्थियों को शहर और उसके बाहर स्थित रिसॉर्ट्स में पार्टी कराने के लिए गाड़ियों में बैठा कर लेकर जाते हैं.

दिल्ली विश्वविद्यालय के दो कैंपस हैं. वहां भी कैंटीन कल्चर का असर बखूबी देखा जा सकता है. एक समय नार्थ कैंपस में तीन-चार कॉफी हाउस होते थे, जिनमें लॉ फैकल्टी का कॉफी हाउस बैठने की खास जगह था. वहां कॉफी-चाय के साथ सेंडविच और डोसा-बड़ा मिलते थे. छात्र-शिक्षक राजनीति से लेकर साहित्यिक-सांस्कृतिक-बौद्धिक गतिविधियों में हिस्सा लेने वाले स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थी, शोधार्थी और शिक्षक वहां जमा होते थे. कक्षाएं समाप्त होने बाद लोग देर तक तसल्ली से बैठते थे. शाम के वक्त कॉफी हाउस में होस्टलों में रहने वाले विद्यार्थियों का जमावड़ा होता था. इस तरह बिलकुल साधारण और सस्ता लॉ फैकल्टी का कॉफी हाउस आपस में मिलने-जुलने और चर्चा करने का जीवंत केंद्र था. दिल्ली शहर के कॉफी हाउस भी इसी खासियत के लिए जाने जाते थे.

नार्थ कैंपस में करीब 20 साल पहले ही कॉफी हाउस खत्म कर दिए गए थे. उन दिनों 'निरूला' का बहुत जोर था. अभी जहां दिल्ली विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ की को-ऑपरेटिव कैंटीन है, वहां कॉफी हाउस हुआ करता था. वह जगह निरूला रेस्टोरेंट को दे दी गई थी. विश्वविद्यालय समुदाय की तरफ से विरोध भी हुआ था. लेकिन निरूला रेस्टोरेंट को हटाया नहीं गया. मोटा मुनाफा नहीं कमा पाने के चलते कुछ वर्ष बाद वह खुद ही जगह खाली करके चला गया. केंद्रीय पुस्तकालय के साथ एक नई इमारत दिल्ली विश्वविद्यालय सांस्कृतिक परिसर के नाम से बनाई गई थी. उस परिसर में एक बड़ी कैंटीन भी खोली गई. कई ठेकेदार/संस्थाएं अब तक यह कैंटीन चलाते रहे हैं. इसी इमारत में पुस्तकों/पत्रिकाओं की बिक्री का एक केंद्र खोला गया था. विद्यार्थी और शिक्षक वहां से अपनी पसंद की पुस्तकें-पत्रिकाएं लेते थे. पुस्तक केंद्र चलाने वाले व्यक्ति को बताने पर वह जरूरी पुस्तक/पत्रिका मंगवा देता था. उसी इमारत में एक छोटा सेमिनार रूम भी बनाया गया था, जिसे विद्यार्थी और शिक्षक कार्यक्रम के लिए मुफ्त बुक करा सकते थे. उस इमारत में पुस्तक केंद्र और सेमीनार रूम की सुविधाएं काफी पहले बंद कर दी गईं थीं. फिलहाल कैंटीन भी बंद रहती है. शायद अगले ठेकेदार के इंतजार में! साउथ कैंपस की नई इमारत बनी तो वहां की कैंटीन मशहूर हो गयी. वह कैंटीन एक छोटी-सी साधारण इमारत में चलती थी. कैंटीन मूर्ति नाम के दक्षिण भारतीय व्यक्ति चलाते थे. वह कैंटीन मूर्ति की कैंटीन के नाम से ही जानी जाने लगी थी. मूर्ति की खासियत यह थी कि वह मुफ्तखोरी करने वाले विद्यार्थियों या दिल्ली देहात से आकर वहां अड्डा जमाने वाले कुछ दबंगों को भी नाराज या निराश नहीं करता था. वह सबको साथ लेकर चलता था, और सबको सस्ते में चाय, कॉफी, नाश्ता और लंच उपलब्ध कराता था. जैसे-जैसे देश में नवउदारवाद का नशा तेज होने लगा, खाने की गुणवत्ता और किफायती दाम के लिहाज से बेजोड़ वह कैंटीन खत्म कर दी गई. करीब एक करोड़ रूपया खर्च करके कैंटीन के लिए बांस की एक डिजाइनर इमारत का निर्माण कराया गया. उससे भी तसल्ली नहीं हुई तो कई करोड़ रूपया खर्च करके वर्तमान वातानुकूलित कैफेटेरिया बनवाया गया. जाहिर है, इस कैंटीन में खाने-पीने की चीजों की गुणवत्ता घट गई, और दाम बढ़ गए हैं. फिर भी कैंटीन काफी चलती है.

दिल्ली विश्वविद्यालय के कालेजों और दोनों कैंपस के कैंटीन कल्चर का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी कैंटीन में संपन्न विद्यार्थियों की तरह नहीं जा पाते हैं. जब कक्षा के बाद या कक्षा छोड़ करके समूह में विद्यार्थी कैंटीन की तरफ जाते हैं, तो ऐसे विद्यार्थियों को छिटकना पड़ता है. नार्थ कैंपस फैला हुआ है. वहां यह विभाजन साफ नहीं दिखाई देता है. लेकिन विश्वविद्यालय के कॉलेज और साउथ कैंपस बंधे हुए हैं. वहां आर्थिक रूप से मजबूत और कमजोर विद्यार्थियों के बीच की फांक साफ दिखाई देती है. कैंटीन कल्चर में अलगाव-ग्रस्त विद्यार्थी कैसा अनुभव करते हैं, और अपने अलगाव को भरने के लिए क्या उपाय करते हैं - इसका अध्ययन दिल्ली विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले या पढ़ चुके पत्रकारिता के विद्यार्थियों को करना चाहिए.

शिक्षण संस्थानों में फैला कैंटीन कल्चर व्यापक बाजारवाद का ऐसा कॉरिडोर है, जहां से गुजर कर वह (बाजारवाद) अपनी निर्विघ्न यात्रा तय करता है.

**(समाजवादी आंदोलन से जुड़े लेखक दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व शिक्षक और भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला के पूर्व फेलो हैं)**

**स्कूलों-कालेजों-विश्वविद्यालयों में पिछले 20-25 सालों में एक नए वातावरण का निर्माण हुआ है. अब कालेजों में जाइए तो पायेंगे कि कैंटीन कक्षा के बाद या कक्षा के साथ विद्यार्थियों के खाने-पीने और जमावड़े का सबसे अहम स्थल बन गई हैं. पहले पीरियड से ही यह सिलसिला शुरू हो जाता है. बाजार के बड़े ईटिंग पॉइंट्स की तरह कैंटीनों का लम्बा-चौड़ा मैन्यु होता है. दिल्ली विश्वविद्यालय में स्थानीय के अलावा पूरे देश से विद्यार्थी पढ़ने आते हैं. उनकी संख्या के हिसाब से हॉस्टल की सुविधा न के बराबर है. ज्यादातर विद्यार्थी अपना इंतजाम करके रहते हैं, जो काफी महंगा पड़ता है. लेकिन उसके बावजूद कॉलेज कैंटीन स्थानीय और बाहर से आए विद्यार्थियों से भरी रहती हैं.**

# आसमान की यात्राओं के अराजक होने की त्रासदी

**प्रसंगवश**



**ललित गर्ग**

आज देश ही नहीं, दुनिया में व्यक्ति हिंसक एवं अराजक होता जा रहा है। हिंसा का बढ़ता प्रभाव मानवीय चेतना से खिलवाड़ करता है और व्यक्ति स्वयं को निरीह अनुभव करता है। इन स्थितियों में संवेदनहीनता बढ़ जाती है और जिन्दगी सिसकती हुई प्रतीत होती है। ऐसी स्थितियों का बढ़ना गहन चिन्ता का विषय है। यह चिन्ता तब ज्यादा बढ़ जाती है एवं परेशान करती है जब अति संवेदनशील हवाई यात्रा के दौरान ऐसी घटनाएं देखने को मिलती है। शराब के नशे में उद्दण्डता करना, किसी पर थूक देना, किसी पर पेशाब कर देना या किसी को थप्पड मार देने जैसी घटनाएं हवाई सफर के दौरान होना विमान अधिनियमों का उल्लंघन होने के साथ-साथ हवाई सफर को खतरे में डालना है। सोमवार को अबू धाबी से मुंबई के लिए चले एक विमान में ऐसी ही अराजक स्थितियां उत्पन्न हुई, जब चालक दल के सदस्यों की ओर से अनधिकृत गतिविधि से रोके जाने पर एक महिला यात्री ने एक कर्मी के चेहरे पर घूंसा जड़ दिया और अशिष्ट व्यवहार किया। विमान यात्रा के दौरान यात्रियों द्वारा महिला कर्मियों से छेड़छाड़, अशिष्ट एवं बेहूदी घटनाएं होना तो आम बात रही है। विमान यात्रा पर लग रहे इन दागों एवं धब्बों को धोना जरूरी है।

वर्तमान के संदर्भ में देखा जाए तो लगता है, मनुष्य की मानसिकता हिंसक, अराजक एवं असंतुलित होती जा रही है, ऐसी स्थितियां स्वयं के साथ अन्य लोगों के जीवन को संकट में डालती है। शांति, संतुलन, मयार्दा एव अहिंसा के मूल्य लुप्त होते जा रहे हैं, महापुरुषों के स्वर कहीं शून्य में खो गए हैं। जीवन के श्रेष्ठ मूल्य व्यवहार के धरातल पर अर्थहीन से हो रहे हैं। तभी विश्व मानव में सामाजिक असंवेदनाओं, हिंसा एवं अराजकता की त्रासद स्थितियां देखने को मिल रही है। विश्व अणु-परमाणु हथियारों के ढेर पर खड़ा है। दुनिया हिंसा की लपटों से झुलस रही है। अर्थ प्रधान दृष्टिकोण, सुविधावादी मनोवृत्ति, उपभोक्ता संस्कृति, सांप्रदायिक कट्टरता, जातीय विद्वेष आदि स्थितियों ने मानवता की काया में न जाने कितने गहरे घाव दिये हैं। अराजकता के बीज, संवेदनहीनता एवं हिंसा के दंश जमीन से लेकर आसमान तक पसरे हैं जो इंसान को संकट में डाल रहे हैं।

यह सर्वविदित है कि विमान की उड़ान हर स्तर पर बेहद संवेदनशील एवं नाजूक होती है और उसमें कोई मामूली चूक एक त्रासद नतीजे या दुर्घटना का कारण बन सकती है। इसलिये उड़ान के दौरान न केवल सुरक्षा की कसौटी पर हवाई जहाज में तकनीकी स्तर पर सौ फीसद परिणाम सुनिश्चित किए जाते हैं, बल्कि उसमें सवार चालक दल सहित हर व्यक्ति की गतिविधि यात्रा का पूरी तरह सुरक्षित होना तय करती है। विमानकर्मियों को इसलिये गहन प्रशिक्षण दिया जाता है, अनुशासन एवं मयार्दा के साथ-साथ शालीन-शिष्ट व्यवहार सिखाया जाता है, ताकि यात्रियों की यात्रा निर्विघ्न सम्पन्न हो एवं उन्हें यात्रा का सुखद अनुभव हो। लेकिन विमानयात्रियों के लिये ऐसी कोई आचार-संहिता का समुचित प्रशिक्षण न होने से वे अवांछनीय एवं अराजक होने के साथ हिंसक भी हो जाते हैं।

विमान की उच्चस्तरीय एवं व्यवहारक्षम सेवाओं के होने के बावजूद नए यात्रियों के लिए भी विमान के भीतर हर गतिविधि के लिए लिखित निर्देश होते हैं, चालक दल के सदस्यों की ओर से घोषणाएं की जाती हैं और जरूरत पड़ने पर किसी बात को समझने में मदद भी की जाती है। अगर चालक दल से कार्य-दायित्व में कोई कोताही होती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाती है। इन सब स्थितियों के होने के बावजूद कुछ यात्रियों को अपने व्यवहार पर नियंत्रण रखना जरूरी नहीं लगता है, और वे अपनी सीमाओं एवं मयार्दाओं का उल्लंघन करने पर आमादा हो जाते हैं जिससे पैदा जोखिम की जद में वह खुद भी होता है।

यात्रा चाहे रेल की हो या सड़क मार्ग की उनमें हिंसा एवं अराजकता की स्थितियां आम बात है। आजकल सड़क पर चलते वक्त किस व्यक्ति का मानसिक असंतुलन, क्रोध या तनाव हिंसा में बदल जाये कहां नहीं जा सकता, लेकिन आमतौर पर विमान से यात्रा को व्यवस्था के लिहाज से हर स्तर पर सुरक्षित और सहज माना जाता है, जिसमें लोगों को कोई परेशानी न हो। लेकिन वहां भी हिंसक एवं अराजक स्थितियों का उग्र होना चिन्ता का कारण है। विडंबना यह है कि कई बार खुद किसी यात्री की हरकतें न केवल अवांछित होती हैं, बल्कि उससे समूचे विमान की सुरक्षा संकट में पड़ जाती है। इस वर्ष की शुरूआत में ही शराब पीकर हंगामा करने, लापरवाही में आपातकालीन दरवाजा खोल देने या किसी विमान परिचारिका से छेड़खानी करने की ऐसी कुछ घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जो विमान यात्रा में जोखिम की वजह मानी जा सकती हैं। पिछले कुछ समय की कतिपय यात्रियों की गैरजिम्मेदाराना एवं अराजक घटनाओं ने यह सवाल उठा दिये हैं कि कोई यात्री क्या इस बात को लेकर पूरी तरह निश्चिंत एवं सुरक्षित हो सकता है कि उसके साथ अराजक या अनुचित बरताव नहीं होगा! विमानकर्मियों के साथ यात्रियों की सुरक्षा से जुड़ा यह सवाल इसलिये गंभीर है कि पिछले दिनों विमान में शराब पीने के बाद कुछ यात्रियों के अभद्र एवं अशिष्ट व्यवहार की वजह से जैसे हालात पैदा हुए, उसने स्वाभाविक ही उड़ान के दौरान प्रबंधन और व्यवस्था के लडखड़ाने के साथ अन्य यात्रियों को भारी तकलीफ एवं तनाव झेलना पड़ा।

अन्तर्राष्ट्रीय विमान सेवाओं में शराब परोसे जाने का प्रचलन रहा है। शराब के सेवन के बाद किसी यात्री का बेकाबू, अश्लील, असंतुलित एवं आक्रामक व्यवहार होना स्वाभाविक है। इस तरह के व्यवहार से महिला कर्मियों को जटिल स्थितियों का सामना करना पड़ता है। जाहिर है, व्यवस्था के स्तर पर ऐसी बाधा से निपटने के क्रम में शराब परोसने की प्रवृत्ति को रोकना विमान प्रबंधन की प्राथमिक जिम्मेदारी होना चाहिए। शायद यही वजह है कि अब एअर इंडिया ने अपनी उड़ान के दौरान यात्रियों को शराब परोसे जाने की नीति में बदलाव करने का फैसला किया है। आसमान में होने वाली इन अराजक, अश्लील एवं आक्रामक घटनाओं के क्रम में शराब पीकर किसी यात्री के द्वारा अन्य यात्रियों या फिर चालक दल के सदस्यों से अभद्र, आक्रामक एवं अराजक बर्ताव किया जाना दूसरे यात्रियों के परेशानी के सबब तो थे ही, इन घटनाओं ने विमान सेवाओं पर भी अनेक सवाल खड़े कर दिये हैं। निश्चित ही बार-बार घटने वाली इन घटनाओं एवं बेलगाम बर्ताव की वजह से समूची उड़ान को खतरे में नहीं डाला जा सकता, नतीजतन उन पर नियंत्रण के लिये विमान अधिनियमों एवं कानूनों में सख्ती लाना जरूरी है, लेकिन ऐसी घटनाओं पर वास्तविक नियंत्रण के लिये विमान में सफर करने वाले लोगों को अपने स्तर पर ही इस बात का खयाल रखना चाहिए कि जिस तरह वे अपने लिए सुरक्षित और सहज यात्रा की अपेक्षा करते हैं, उसी तरह उनकी वजह से किसी अन्य को कोई परेशानी न हो। नागर विमानन महानिदेशालय को स्थिति की गंभीरता को देखते हुए व्यवस्था, शिष्टता और सुरक्षा को लेकर उच्चस्तरीय मानकों के लिए मशहूर रही विमान यात्रा को अराजक होने से बचाने के पुख्ते इंतजाम करने चाहिए।

**(लेखक पत्रकार, स्तंभकार हैं, संपर्क 9811051133)**

# बजट एक्सपर्ट की बजटबाजी

**व्यंग्य**



**रामविलास जांगिड़**

बजट बनाया जा रहा है या बजट को बनाया जा रहा है। बजट के लिए हलवा पकाया जा रहा है या पुराने बजट को नए रैपर में सजाया जा रहा है। कुछ नहीं कह सकते! बजट आता है और अपने साथ कई तरह के टैक्स लाता है। महान विदूषक श्री भोयाली भांडेत के जमाने में जो कुछ बजट बनाया जा रहा था, वही बजट अब तक सजाया जा रहा है। जो आम आदमी के कभी समझ में नहीं आया! आम तो क्या खास अर्थशास्त्री भी जमीन ही कुरेदते रहते हैं। बजट बनाने का सबसे आसान तरीका बरसों से काम में लिया जा रहा है। इसके अनुसार कई तरह की बजटाकांक्षी सामग्रियों की चिटें बना ली जाती है और उन चिटों को हवा में उछाल दिया जाता है। जो चिटें भोयाली भांडेत के बाईं तरफ गिरी मिलती, उन पर 18 प्रतिशत टैक्स लगा दिया जाता। दाईं तरफ गिरने वाली चिटों पर 28 प्रतिशत टैक्स! सामने की तरफ गिरने वाली चिटों का बड़ा भाग्य माना जाता और उन पर 38 प्रतिशत टैक्स ही लगाते। जो चिटें हवा में रह जाती, उसे घाटे का बजट कहा जाता।

एक दूसरे संवैधानिक सिद्धांत के अनुसार एक काली हांडी में बजटाकांक्षी सामग्रियों चिटों को हांडी में डाल दिया जाता है। मौका-ए-वारदात पर क्षेत्र के जाने-माने वित्त डाकू अधिकारी को बुलाकर हांडी में पड़ी चिटें हवा में उड़ाई जाती है। ठीक इसी तरह जैसे बरसों पहले एक नायिका का मलमल वाला दुपट्टा हवा में उड़ चला था। यहां भी हलवा परोस कर, हवा में उड़ता जाए मेरा मोटा मलमल रोकड़ा, गीत गाने का कार्यक्रम रखा जाता है। खैर! काली हांडी के सामने पांच प्रकार के गोल घेरे बने तैयार रखे जाते हैं। कई बार इन घेरों की संख्या 50 तक भी होती है। हर एक घेरे में कुछ गणित के अंक जैसे 15-20-25-30-35 आदि लिखे होते हैं। वित्त डाकू काली हांडी में पड़ी चिटें निकालकर इधर-उधर उछालता है। जो चिट जिस घेरे में गिर जाती है, उसी चिट को खोलकर उसमें लिखे गए सामान पर उतना ही टैक्स लगा दिया जाता है। इन सभी घेरों के बाहर बजट बनाने वाली पार्टी, बजट के रसिया गीत गाती-नाचती रहती है। वे इसे संसार का सबसे बेहतरीन बजट बताती है। पास में ही विरोधी पार्टी के दल छाती-कूटते हुए, रोते-बिलखते इसे गोबर बजट बताते हैं। काली हांडी के घेरों से बहुत दूर बैठी बेचारी जनता छछूंदर बनी हुई न रोती है, न हंसती है!

जो व्यक्ति चुप बैठे हैं, उन पर बहुत टैक्स लगाया हुआ है, तो हर एक व्यक्ति ने घबराकर 3-3 स्मार्टफोन खरीद लिए हैं। पैदलचियों पर सरकार ने भारी भरकम टैक्स लगा दिया है, अतः घबरा कर हर पैदलची ने 2-2 कारें खरीद ली है। सरकार ने होशियारी कर कारों पर टैक्स लगाने के उपाय किए हैं। खिड़की खोलने का टैक्स तो खिड़की बंद करने का टैक्स! गियर लगाने का टैक्स तो, न्यूट्रल में रखने का टैक्स! सड़क पर चलाने का टैक्स तो, घर में पड़ी रखने पर टैक्स! सभी सरकारी शिक्षक अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में पढ़ाते हैं, जो अच्छा है। सारे सरकारी डॉक्टर अपने घर-परिवार का इलाज प्राइवेट अस्पताल में कराते हैं। सब बजट की माया है!

**(लेखक व्यंग्यकार हैं )**

## लघुकथा : इंतजार

**कौशल पाण्डेय**

राजवीर एक पूर्व सैनिक था और एक प्राइवेट एजेंसी के माध्यम से शहर के बाहरी हिस्से में स्थित एक बड़े संस्थान में सुरक्षा गार्ड की नौकरी कर रहा था ' उसके पास बंदूक का लाइसेंस भी था ' एजेंसी में दो तरह के गार्ड थे ' एक बंदूक वाले और दूसरे सामान्य श्रेणी के ' बंदूक होने के कारण उसकी तनख्वाह कुछ ज्यादा थी ' उसे लगा कि लाइसेंस लेने का उसका फैसला गलत नहीं था ' रात में चोरी के खतरे अधिक होते हैं इसलिये उसकी ड्यूटी प्रायः रात में ही लगती थी '

संस्थान के विशाल परिसर में चंदन के कई पेड़ थे जो कि हमेशा चोरों के निशाने पर रहते थे ' एक अंधेरी रात की बात है ' चोर परिसर में चंदन के पेड़ काटने के उद्देश्य से घुसे ' उनके पास बैटरी से चलने वाली आरी थी ' उन्होंने अपना काम शुरू ही किया था कि राजवीर की पैनी निगाह उन पर पड़ी ' उसने चोरों को ललकारा ' चोरों की ओर से एक फायर हुआ ' जवाब में राजवीर नें भी फायर किया ' चोर भागे पर तब तक एक चोर के पैर में उसकी गोली लग चुकी थी ' गोली की आवाज सुनकर पास में गस्त कर रही पुलिस की गाड़ी मौके पर पहुंच गई ' घायल चोर पकड़ा गया ' रात से ही पुलिस और मीडिया की गहमा- गहमी शुरू हो गई ' पकड़े गए चोर से जानकारी मिली कि वह पड़ोसी राज्य के एक खूंखार चंदन तस्कर गिरोह का सदस्य है, जिस पर कि कई लाख का इनाम भी घोषित है ' सुबह - सुबह पुलिस और मीडिया द्वारा राजवीर को खूब तारीफ मिली ' उसे पुरस्कृत और सम्मानित किये जाने की भी चर्चाएँ होने लगीं ' जांच आगे बढ़ी ' इनाम की बात सामने आते ही पुलिस की ओर से कहा गया कि चोर पुलिस की गोली से घायल हुआ है ' सिविलियन होने के नाते राजवीर का गोली चलाना ही गैर-कानूनी था '

राजवीर को पुलिस विभाग का नोटिस मिला कि वह अपनी बंदूक थाने में जमा करे ' उसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा ' उसकी बंदूक राजधानी में स्थित फोरेंसिक लैब में जमा है ' पता चला कि जांच में काफी वक्त लगेगा '

बंदूक न होने के कारण राजवीर की एजेंसी ने उसे घर बिठा दिया है और यह भी कहा है कि इन दिनों उनके यहां सामान्य गार्ड का कोई पद रिक्त नहीं है ' पांच- छह महीने हो गए उसे अभी तक फोरेंसिक जांच की रिपोर्ट का इंतजार है '

**मो. 9532455570**

# सिटी मजिस्ट्रेट ने शुरू की सूदखोरों के प्रापर्टी की जांच

**कसा शिकंजा**

### तीन दिन के अंदर किरायेदारों से मकान खाली कराने का दिया आदेश

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता सुसाइट प्रकरण का मामला और तूल पकड़ता जा रहा है। सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त और आंदोलनरत व्यापारियों और परिवार के लोगों के एक्शन के बाद जिला प्रशासन ने सूदखोरों की प्रापर्टी की जांच शुरू कर दिया है।

रविवार को सिटी मजिस्टैन्ट, सीओ सिटी, कोतवाल, नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी, लेखपाल की टीम सूदखोर देवनारायण पूना व अजय सिंह के घर पहुंची। सबसे पहले टीम भृगु आश्रम मंदिर के सामने देवनारायण पूनाव अजय सिंह के होटल और घर पहुंची उसके बाद सतनी सराय कालोनी में भी सूदखोरों की प्रापर्टी की जांच हुई। फिर वहां से टीम गोशाला रोड स्थित एक आवास पर पहुंची यहां भी पुलिस ने जांच पड़ताल की। लेखपालों ने कुल 6 मकानों की नापी की। इस सिलसिले में सिटी मजिस्टेज्ट डॉ. सुरेश कुमार ने बताया कि प्रापर्टी का कागज व नक्शा पास कापी मांगी गयी है। उसके बाद कागजों की जांच पड़ताल होगी यदि गलत पायी गयी तो उनके खिलाफ दण्डनात्मक कार्रवाई की जायेगी। उधर शहर में चर्चा यह बना रहा कि सूदखोरों के मकानों पर प्रशासन बुल्डोजर चलाने की तैयारी कर रहा है। शहर कोतवाल ने अजय सिंह व देवनारायण पूना सिंह के आवास में रहने वाले किरायेदारों को यह निर्देश दिया है कि वह तीन दिन के अंदर मकान को खाली कर दें।



**चौथे दिन भी मृतक गन व्यवसायी के घर पहुंचे व्यापारी**

मालगोदाम रोड स्थित मृतक गन व्यवसायी के घर जिले के व्यापार मण्डल के लोग पहुंचे थे और परिवार को न्याय दिलाने की बात कही। यहां पहुंचने वालों में रामजी गुप्ता, लक्ष्मण गुप्ता, सुनील परख, अरूण गुप्ता, मंजय सिंह, अरविन्द गांधी, अशोक गुप्ता आदि लोग पहुंचे थे।

### नंदलाल आत्महत्या कांड में एक और आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** गन व्यवसायी नंदलाल गुप्ता के लाइव सुसाइड के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसके पहले सदर कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को पहले ही दबोच चुकी है। पुलिस ने उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस अधीक्षक राज करन नय्यर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधोयों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है।

उल्लेखनीय है कि दो फरवरी को थाना कोतवाली पर वादिनी मुकदमा द्वारा लिखित प्राथना पत्र दिया गया कि उनके पति स्व. नन्दलाल गुप्ता को कुछ लोगों के जबरदस्ती प्रताड़ित करने व फर्जी तरीके से आवासीय भूमि का रजिस्ट्री करा लेने के कारण मानसिक दबाव व तनाव के चलते अपनी ही पिस्टल से आत्महत्या कर लिए है। इस सूचना पर तत्काल कोतवाली पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अब तक कुल 2 अभियुक्तों गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं रविवार को नामजद व विवेचना के क्रम में प्रकाश में आए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर फर्जी तरीके से रजिस्ट्री कराने वाले व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने वाले एक अभियुक्त सुनील मिश्रा पुत्र स्व. पारसनाथ मिश्रा निवासी निवासी परिखरा थाना बांसडीह रोड को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश करने की तैयारी की रही है।

## बैठक में व्यापारियों ने भरी हुंकार, आज सौंपेंगे ज्ञापन

**नंदलाल कांड**

### टाउन हॉल में व्यापारियों की होगी जुटान, पहुंचेंगे कलेक्ट्रेट

**बलिया।** स्वर्गीय नंदलाल गुप्ता आत्महत्या प्रकरण में संयुक्त व्यापार मंडल बलिया के तत्वावधान में रविवार को अग्रवाल धर्मशाला में बैठक हुई। इसमें नंदलाल गुप्ता की आत्महत्या की घटना पर गहरा शोक प्रकट किया गया और अंत में 2 मिनट का मौन रखा गया। इस दौरान यह निर्णय लिया गया कि एक मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को 6 फरवरी को दिया जाएगा। इसके लिए पूरे जनपद के व्यापारी टाउन हॉल में सुबह 10 बजे तक पहुंच जाएंगे। इस दौरान व्यापारियों ने मांग किया कि सभी आरोपियों को अविलंब गिरफ्तार किया जाए, स्वर्गीय नंदलाल गुप्ता के पत्नी को सरकारी नौकरी और 50 लाख उत्तर प्रदेश सरकार दे, मकान का जो मुहाईदा कराया गया है उसको रद्द करके स्वर्गीय नंदलाल गुप्ता जी के पत्नी मोनी गुप्ता के नाम किया जाए। यदि मांगे 8 फरवरी तक नहीं मानी गई तो 9 फरवरी को पूरा बलिया जनपद दुकान बंद रहेगा और व्यापारी सड़क पर उतर कर आंदोलन करेगा। अध्यक्षता प्रदीप वर्मा तथा संचालन सुनील परख ने किया। बैठक में मंजय सिंह, राहुल गुप्ता, प्रदीप रस्तोगी, विनोद वर्मा, धीरज गुप्ता, अनिल, श्याम रौनियार, संतोष गुप्ता, प्रभु रौनियार, दीना भाई आदि मौजूद रहे।



**बैठक में व्यापारियों ने कहा**

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल, उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष अरविंद गांधी ने कहा कि यह घटना बहुत ही दुखद है। इससे पूरे व्यापारी समाज मर्माहत है। जिस समस्या के कारण स्वर्गीय नंदलाल गुप्ता ने आत्महत्या किया है यह समस्या पूरे जनपद में कैंसर की तरह फैल चुका है जिसका इलाज बहुत आवश्यक है। वरिष्ठ नेता साथी रामजी गुप्ता ने कहा कि यह घटना किसी कीमत पर बर्दाश्त करने लायक नहीं इसका विरोध होगा। वरिष्ठ नेता लक्ष्मण गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं से व्यापारी समाज आक्रोशित है। फेडरेशन व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता ने कहां की सूदखोरों ने जो कार्य किया जा रहा है किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है व्यापार मंडल इसका विरोध करेगा।

## कापियों की हेराफेरी रोकने के लिये होगा सिक्योरिटी कोड

**बलिया।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा 16 फरवरी से शुरू होगी। यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्तर पुस्तिकाओं की हेराफेरी पर रोक लगाने के लिए सिक्योरिटी कोड होगा। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की अलग-अलग रंग की उत्तर पुस्तिकाओं एक क्रम से वितरित करने का निर्देश दिया गया है।

बोर्ड परीक्षा में उत्तर पुस्तिकाओं की हेराफेरी व छेड़छाड़ के मामले आते रहते थे। ऐसी धांधली न हो इसलिए इस बार व्यवस्था सख्त की गई है। राजकीय मुद्रालय की ओर से प्रकाशित उत्तर पुस्तिकाओं को निर्धारित क्रमांक से ही केंद्रवार व परीक्षाथीर्वार आवंटित किया गया है। बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल में 77,307, इंटरमीडिएट में 81,758 परीक्षार्थी शामिल होंगे। जिले में हाईस्कूल की 2.80 हजार (अ) और 40 हजार (ब) तो इंटरमीडिएट की एक लाख 53 हजार (अ) और 20 हजार (ब) उत्तर पुस्तिकाएं पहुंच चुकी हैं। इसको जीजीआईसी स्थित स्ट्रांग रूम में सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखवाया दिया गया। सिक्योरिटी कोड स्कैन करते ही उत्तर पुस्तिका किस सेंटर व किस अनुक्रमांक के परीक्षार्थी को आवंटित है, इसकी जानकारी मिल जाएगी।

आपूर्ति मिलने के बाद सचिव ने माध्यमिक शिक्षा विभाग को वितरण से जुड़े निर्देश भी दिए हैं। वितरण के दौरान परीक्षा केंद्रों के बंडल पर परीक्षार्थियों की संख्या के अनुसार क्रम से निर्गत करने तथा एक बंडल समाप्त होने पर दूसरे बंडल से उत्तर पुस्तिकाओं निर्गत करने को कहा गया है। उत्तर पुस्तिकाओं को वितरण करने के बाद किस क्रमांक की उत्तर पुस्तिका किस केंद्र को आवंटित हुई इससे जुड़ी संपूर्ण जानकारी निर्धारित प्रारूप पर कार्यालय भेजने को भी कहा है।

## ई-रिक्शा और ट्रैक्टर की हुई भिड़ंत में एक महिला की मौत

**बांसडीह।** ई-रिक्शा और तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर में एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक महिला घायल हो गई। आनन-फानन में घटना की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र प्रसाद ने तत्काल महिला को ई-रिक्शे से निकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला चिकित्सालय भेज दिया। जहां एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं दूसरी महिला का इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मोर्चरी में रखवा दिया। घटना के बाद प्राप्त सूचना के अनुसार मृतक चिंता देवी उम्र 45 वर्ष पत्नी राजेश यादव निवासी उससा, बग्हा थाना पकड़ी अपने भाई की शादी में शामिल होने अपने मायके हालपुर थाना बांसडीह आई थी। रविवार को बांसडीह से एक महिला सुनीता देवी के साथ शादी का सामान खरीदारी कर ई-रिक्शा से हालपुर की तरफ जा रही थी अभी वह कस्बे के पांडेय के पोखरा पर पहुंची थी कि विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली से टक्कर हो गई। सोमवार को उसके भाई सनी यादव पुत्र काशीनाथ यादव का तिलक समारोह है। वहीं इस घटना से खुशी का माहौल गमगीन हो गया। वहीं इस हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक फरार बताया जा रहा है, ट्रैक्टर को पुलिस ने कब्जे में ले लिया।



### कैंसर से डटकर मुकाबला कर रहे निर्भय नारायण शुक्ल

**बैरिया (बलिया)।** विगत कई वर्षों से कैंसर से डट कर मुकाबला करने वाले कैंसर पीड़ितों के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पर तैनात फार्मासिस्ट डॉ निर्भय नारायण शुक्ला। कभी सूचना विभाग में लोक गायक के रूप में सेवा देने वाले निर्भय नारायण शुक्ला काफी समय तत्कालीन वन मंत्री राजधारी सिंह के पीआरओ रहे। गले में कैंसर की बीमारी लिए रोगियों की सेवा में हरदम तत्पर रहने वाले निर्भय नारायण शुक्ला हमेशा हंसते मुस्कुराते हुए लोगों की सेवा करते हैं। उनका मानना है कि ऊपर वाले ने जितनी सांसे दी हैं। उसे कोई छीन नहीं सकता है। ऐसे में घुट घुट कर जीने से अच्छा है कि जो भी जिंदगी बची है। उसे हंसकर जिया जाए। 52 वर्षीय निर्भय नारायण शुक्ला सिकंदरपुर तहसील के जिगिड़सर गांव के मूल निवासी हैं। गले के कैंसर से पीड़ित हैं। उनका इलाज लखनऊ के पीजीआई में व मुंबई के कैंसर संस्थान में चल रहा है।

## मांगों को लेकर किसानों ने भरी हुंकार

**दी चेतावनी**

### हिन्द पूर्वांचल किसान यूनियन द्वारा कार्यक्रम आयोजित

जनसंदेश न्यूज

**बलिया।** नरहीं में हिन्द पूर्वांचल किसान यूनियन द्वारा रविवार को आयोजित किसान सम्मेलन में अपनी मांगों को लेकर किसानों ने एक स्वर में हुंकार भरी। किसानों ने कहा कि अगर हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी।

पचगांवा के दौलतपुर गांव में स्थित इंटर कालेज पर हिन्द पूर्वांचल किसान यूनियन के बैनर तले किसान सम्मेलन किया गया जिसके मुख्य अतिथि वरिष्ठ भाजपा नेता वंशनारायण राय रहें जहां भारी संख्या में जुटे किसानों ने खेती से संबंधित दिक्कतों को बताया। किसानों को सम्बोधित करते हुए वंशनारायण राय ने कहा कि वर्तमान परिवेश में खेती किसानों के लिए घाटे का सौदा साबित हो रहा है। इससे इंकार नहीं किया जा सकता। गड़हांचल में अभी भी बड़े भूभाग पर बिजली आपूर्ति नहीं हो पाती है जिसके कारण किसानों को सिंचाई के लिए डीजल का प्रयोग करना पड़ता है जो काफी महंगा साबित हो रहा है। यूनियन के संयोजक कमलदेव सिंह ने कहा कि किसान फीडर की नितांत आवश्यकता है सरकार अपने खर्च पर किसानों के खेत तक बिजली के पोल तार ट्रांसफर का इंतजाम करें। किसान नेता सुरेन्द्र सिंह ने कहा कि किसानों की लड़ाई का बिगुल आज फूंक दिया गया है आने वाले दिनों में किसानों की मेहनत जरूर रंग लाएगी। अध्यक्षता ठाकुर दयाल सिंह एवं संचालन विजय शंकर सिंह ने किया। इस मौके पर योगेन्द्र यादव, ब्रम्हानंद सिंह, गंगेश्वर सिंह, देवेन्द्र सिंह, राकेश सिंह, डॉ अनिल कुमार राय, जनार्दन सिंह, अजीत सिंह, मन्टू सिंह, गोलू, अभयनारायण सिंह, लक्ष्मण सिंह, शोभनाथ, प्रधान अनिल कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।



किसान सम्मेलन में उपस्थित किसान।

### पांच दिवसीय प्रतिष्ठात्मक शतचण्डी महायज्ञ आज से

**बैरिया (बलिया)।** पांच दिवसीय प्रतिष्ठात्मक शतचण्डी महायज्ञ क्षेत्र के कर्णछपरा गांव के (शिवमंदिर) से शुभारम्भ सोमवार को जलयात्रा से होगा प्रारंभ। जल यात्रा जुलूस को संत श्रीरोमणि स्वामी हरिहरानंद जी प्रातः आठ बजे करेगें रवाना। जलयात्रा में हजारों श्रद्धालु भाग लेगें। उल्लेखनीय है कि कर्णछपरा (उतर टोला शिवमंदिर) पर मां दुर्गा जी की भव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर संत श्रीरोमणि स्वामी हरिहरानंद के निर्देशन में पांच दिवसीय प्रतिष्ठात्मक शतचण्डी महायज्ञ का आयोजन किया गया है। महायज्ञ के लिए जलयात्रा 6 फरवरी दिन सोमवार को प्रातः 8 बजे से मांझी सरयू घाट के लिये प्रस्थान करेगा तथा पंचांग पूजन का आयोजन होगा। मंगलवार को मण्डप प्रवेश, वेदी पूजन, पाठ प्रारंभ व कर्मकुंटी और जलाधिवास, बुधवार को अन्नाधिवास व अरणी मंथन, बृहस्पतिवार को महास्नान, नगर परिक्रमा तथा शय्याधिवास होगा। शुक्रवार को माता दुर्गा जी के मूर्ति की प्राणप्रतिष्ठा व महायज्ञ की पूणार्हुति सम्पन्न होगा।

## मत्स्य पालकों को 40 फीसदी अनुदान देगी सरकार

**बैरिया (बलिया)।** योगी सरकार ने मछली पालन करने वाले के लिए बहुत बड़ा योजना धरातल पर उतारा है। मछली पालन करने वाले पट्टे धारियो को अब सरकार 40 फीसदी अनुदान देगी। जिससे मछली पालन को बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए सरकार ने मछली पालन में वृद्धि कर मछुआ समुदाय के आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मत्सय संपदा योजना को लागू किया है। इस योजना के तहत ग्राम सभा व अन्य पट्टे के तालाबों में प्रथम वर्ष इकाई लागत चार लाख रुपए प्रति हेक्टेयर के निवेश पर मछली पालकों को 40 फीसदी का अनुदान दिया जाएगा। मत्स्य बीज बैंक का स्थापना के लिए भी 40 फीसदी का अनुदान सरकार द्वारा दिया जाएगा। जिससे पट्टा धारकों को राहत मिलेगा। मत्स्य विभाग के मुख्य अधिकारी सज्जन कुमार ने बैरिया मे रविवार को पत्रकारो को बताया कि सूबे की योगी सरकार द्वारा पीएम मत्स्य संपदा योजना की तरह प्रदेश में सीएम मत्स्य संपदा योजना शुरू की गई है। इस योजना में मनरेगा योजना व पट्टा धारक द्वारा स्वयं अथवा अन्य विभागों के माध्यम से सुधारे गए ग्राम सभा के तालाबों में प्रथम वर्ष निवेश अथवा मत्स्य बीज बैंक स्थापना के लिए मत्स्य बीज स्थान, फ्राई, आहार, जलापूर्ति, संसाधन, जाल, दवाई आदि क्रय करने पर आवेदक को इकाई लागत चार लाख रु. प्रति हे. पर 40 फिसदी अनुदान मत्स्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

**विभागीय वेबसाइट पर करें आवेदनः** मत्स्य विभाग के मुख्य अधिकारी सज्जन कुमार ने बताया कि योजना के लिए आवेदन विभागीय वेबसाइट पर 7 फरवरी से 16 फरवरी के बीच कर सकते हैं। श्री कुमार ने स्पष्ट किया कि तालाब का पट्टा की अवधि कम से कम चार वर्ष अवशेष रहा हो।

## किसान स्कूल में कृषि के नये तरीके सीखेंगे अन्नदाता

**बलिया।** जनपद में 51 किसान स्कूल खोले जाएंगे। इन स्कूलों में अधिकारी व विशेषज्ञ किसानों को कम लागत में अधिक उत्पादन करने, परंपरागत खेती के स्थान पर वैज्ञानिक विधि समझाएंगे। इससे किसान अच्छी और आधुनिक खेती कर अच्छा मुनाफा कमा सकते है।

रबी सीजन की गेहूं फसल के लिए जनपद में 51 फार्मर स्कूल खोले जाएंगे। एक ब्लॉक में तीन फार्मर स्कूल खोले जाएंगे। इस फार्मर स्कूल में एक किसान के यहां एक हेक्टेयर क्षेत्रफल में अधिकारी अपनी निगरानी में गेहूं की बुआई करेंगे। एक स्कूल में उसी गांवों के कई किसानों को पंजीकृत किया जाएगा।

बीच-बीच में अधिकारी, वैज्ञानिक, कृषि विशेषज्ञ किसानों को गेहूं उत्पादन करने के बारीकी के गुर सिखाएंगे। यहीं नहीं फार्मर स्कूल में उत्पादित गेहूं के खेत का किसानों को भ्रमण कराया जाएगा ताकि किसान जानकारी प्राप्त करने के साथ साथ धरातल पर फसल को देख भी लें। वहीं कृषि विभाग रबी फसल की गेहूं के प्रत्येक ब्लॉक में 11 मॉडल प्रदर्शन प्लाट तैयार कराएगा। जिले में 187 मॉडल प्रदर्शन खेत बनाएं जाएंगे। एक मॉडल प्रदर्शन प्लाट 0.4 हेक्टेयर में बनाया जाएगा।

विभाग की निगरानी में तैयार होने वाले प्रदर्शन प्लाट का किसानों को भ्रमण कराया जाएगा।

**किसान स्कूल खोलने की हो रही तैयारी**

इस संबंध में उप कृषि निदेशक इंद्राज ने बताया कि एक ब्लॉक में तीन फार्मर स्कूल खोले जाएंगे। फार्मर स्कूलों में किसानों को बुआई विधि, सिंचाई, वैज्ञानिक विधि से खेती कर अधिक उत्पादन लेने के तरीके सिखाएंगे। इसको लेकर तैयारियां शुरू कर दी गयी है।

### महालक्ष्मी विष्णु महायज्ञ की आज निकलेगी कलश यात्रा

**नगरा।** ब्लाक के लोहरयियां गांव में होने वाले नवकुण्डात्मक महालक्ष्मी विष्णु महायज्ञ की तैयारी अन्तिम चरण में है। यज्ञ की सफलता के लिए प्रतिबद्ध गिरीश दास ने कहा कि 6 फरवरी से 14 फरवरी तक चलने वाले यज्ञ मे सुबह सोमवार को 9 बजे से कलश यात्रा के साथ गांव भ्रमण करके यज्ञ मण्डप मे स्थापित किया जाएगा। कार्यक्रम की कमान सम्भाले ओमानन्द जी महाराज ने कहा कि प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 12 बजे तक हवन पूजन के साथ रामलीला 12 बजे से 03 बजे तक, रमेश दास महाराज का कथा अपराह्न 3.30 से सायं 5.30 तक, आदि शक्ति महिला संघ अध्यक्ष सुनीता साध्वीव हरिहरान्द महाराज सहित अन्य विद्वतजनो का सायं 6 बजे से 8.30 बजे तक प्रवचन होगा. इसके पश्चात शिव पार्वती, राधा कृष्ण, राम लक्ष्मण जानकी, पंचमुखी हनुमान, शनिदेव, शिरडी के सांई बाबा वार्षिक पुजनोत्सव एवं श्री देवरहवा बाबा मन्दिर निर्माण के साथ मुर्ति प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा।

## शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन व्यर्थ है : डॉ. राजेन्द्र

**बैरिया।** जिस प्रकार लक्ष्य के बिना किसी भी जीव का जीवन निराधार होता है। ठीक उसी प्रकार शिक्षा के बिना भी मनुष्य का जीवन व्यर्थ होता है। इसलिए शिक्षा, ज्ञान और अच्छे संस्कारों को मनुष्य के जीवन की सबसे बड़ी पूँजी माना गया है। उक्त बातें नागा जी सरस्वती विद्या मन्दिर भोजापुर के प्रधानाचार्य डा. राजेन्द्र पाण्डेय ने रविवार को दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागार में आयोजित विद्यारम्भ संस्कार के अवसर पर सम्बोधित कर रहे थे।

प्रधानाचार्य ने कहा कि, हिन्दू धर्म में विद्यारम्भ संस्कार धर्म, वेद, ज्ञान, आदर्श और स्कूली शिक्षा अर्जित करने का प्रथम एवं बेहद महत्वपूर्ण चरण कहा जाता है। इस संस्कार को माता पिता भगवान की पूजा-अर्चना कर अपने बच्चों के लिए यह कामना करते है कि अपने जीवन में उनका बच्चा अच्छी व बेहतर शिक्षा ग्रहण कर समाज व उनके कुल का नाम और गौरव बढ़ाये। विद्यारम्भ संस्कार ही वो माध्यम है, जिसकी मदद से शुरूआत में ही बच्चों में पढ़ाई और शिक्षा को लेकर एक अलग तरह का उत्साह और जिज्ञासा पैदा की जा सकती है। इस संस्कार के माध्यम से हर माता पिता अपने बच्चों के प्रति जागरूक तो होते ही है साथ ही हर शिक्षक भी बच्चों के प्रति अपना दायित्व भली भांति ठीक से समझ पाता है। शायद इन्हीं कारणों के चलते हिन्दू धर्म में विद्यारंभ संस्कार को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। कार्यक्रम के अध्यक्ष मुरली छपरा ब्लाक के ब्लाक प्रमुख कन्हैया सिंह ने कहा कि यह विद्यालय ज्ञान और संस्कार को प्रदान करने के लिए हमेशा से अग्रसर रहा है और यही एकमात्र विद्यालय है, जो इस पूरे क्षेत्र में ज्ञान और संस्कार को बच्चों में डालने के लिए निरंतर ही अग्रसर है। विद्यालय के प्रबंधक अनिल सिंह ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि हमारे आचार्य और अचार्या तथा प्रधानाचार्य के कड़ी मेहनत से यह विद्यालय जिले में उच्चतम शिखर की ओर अग्रसर हो रहा है और आगे भी रहेगा। विद्यारंभ संस्कार के इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. डा. संजय कुमार सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य सुरेश चन्द्र सिंह आदि ने मिलकर पूजन-अर्चन सम्पन्न किया। इस अवसर पर 110 भैया-बहनों का विद्यारंभ संस्कार सकुशल सम्पन्न हुआ। मौके पर आचार्यगण और आचार्या भगिनी तथा पूजन कार्यक्रम सम्पन्न कराने हेतु आचार्य आदित्य पराशर तथा संचालन ज्ञान प्रकाश दूबे ने किया।



## संक्षेप

### हर्ष और उल्लास के साथ मनायी गयी रविदास जयंती



**बांसडीह।** स्थानीय कस्बा सहित ग्रामीण इलाकों में रविवार को गुरु रविदास महाराज का प्रकाशोत्सव हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। नगर में जुलूस निकाल संत रविदास जी की मूर्ति के साथ भव्य झांकी के साथ नगर भ्रमण किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठजनों व संगत ने गुरु रविदास जी की जीवनी पर रोशनी डाली। वक्ताओं ने कहा कि संत रविदास एक महान मानवता वादी और धर्म सुधारक संत थे। उन्होंने अपना जीवन जाति विहीन और भेदभाव रहित समाज के निर्माण में लगाया था। सुरक्षा व्यवस्था हेतु कोतवाल योगेन्द्र प्रसाद सिंह मय पुलिसफोर्स भी जुलूस के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर राकेश मिश्रा, दीवान, अभिषेक मिश्रा, लालजी राजभर, संजय राम, अमन कुमार, राजेश राम, अजय कुमार, कन्हैया राम इत्यादि श्रद्धालु जुलूस में सेवा भाव से लगे रहे।

### फेफना में निकली भव्य शोभायात्रा



**फेफना।** स्थानीय कस्बा में संत शिरोमणि रविदास जयंती के अवसर पर रविवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। दलित बस्ती स्थित रविदास मंदिर से निकली शोभायात्रा रेलवे क्रासिंग से होते हुए राजभर बस्ती से हुए चट्टी से पुनः रविदास मंदिर पर पहुंची। इसमें विभिन्न तरीके की झांकिया सजाई गई थी। इस अवसर पर अन्नू, नवीन कुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान केशव प्रसाद गुप्ता, कुंज बिहारी, अशोक भारती, मन्नू, सुशील कुमार, सुनील कुमार, रमेश राम, श्याम बिहारी राम, रवि राम अमीचन्द, बिजेंद्र, हरिन्द्र रमेश उर्फ खूटी, अभिमन्यु कुमार, दीपक कुमार, घुरा राम, उमा राम, श्रीभगवान आदि मौजूद रहे।

### एक दिवसीय लंगटू बाबा मेला संपन्न

**रेवती।** रेवती विकास खण्ड क्षेत्र के भोपालपुर ग्राम सभा स्थित प्रख्यात लंगटू बाबा समाधि स्थल पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी लंगटूलबाबा पूजन समारोह के दौरान एक दिवसीय मेले का आयोजन बुधवार की शाम संपन्न हुआ। मेले में आयोजित दंगल में क्षेत्रिय पहलवानों ने जोर आजमाइश करते हुए एक दूसरे को आसमान दिखाने का प्रयास किया। विजयी पहलवानों को आयोजन समिति द्वारा पुरस्कृत किया गया। आयोजन समिति द्वारा आयोजित भंडारे में सैकड़ों साधु–संतों सहित आगंतुकों ने प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व पूजन समिति के सदस्यों द्वारा परंपरागत तरीके से लंगटू बाबा समाधि स्थल पर विधिवत पूजन–अर्चन किया गया। तत्पश्चात लंगटू बाबा पूजन में दूर–दूर से आए लोगों ने विधिवत पूजन अर्चन करते हुए समाधि स्थल पर माथा टेक अपने अभीष्ट की कामना किया। मेले में चाट जलेबी एवं मीना बाजार की दुकानों पर भारी भीड़ रही। बच्चे अपने अभिभावकों से खिलौनों की दुकानों पर खिलौने लेने के लिए जिद कर रहे थे। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा।

### राम गोविंद चौधरी राष्ट्रीय सचिव पद पर हुए मनोनीत



**बलिया।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सूची में परिवर्तन करते हुए पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी का कद बढ़ाया और उन्हें राष्ट्रीय सचिव मनोनीत किया है रविवार को इस बात की सूचना मिलते ही जनपद के समाजवादियों में प्रसन्नता फैल गई। जिस समय संशोधित सूची जारी हुई उस समय पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी अपने विधानसभा क्षेत्र बांसडीह में ही संत रविदास जयन्ती कार्यक्रम में थे और वहीं पर पार्टी से जुड़े कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। इस अवसर पर रामगोविंद चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बेदाग छवि, गरीबों, वंचितों और युवाओं के नेता किसान पुत्र अखिलेश यादव ने जिस आशा और विश्वास के साथ मुझे यह नई जिम्मेदारी दिया है मैं अपनी पूरी क्षमता से उस जिम्मेदारी पर खरा उतरने की कोशिश करूंगा तथा समाजवादी पार्टी को राष्ट्रीय स्तर पर ताकतवर बनाने की कोशिश करूंगा। स्वागत करने वालों में पार्टी के जिला प्रवक्ता सुशील पाण्डेय, विधानसभा अध्यक्ष हरेंद्र सिंह, पूर्व प्रमुख अशोक यादव, रविन्द्र सिंह, उमेश मिश्र, लालबाबू पाण्डेय, भगवती, लल्लन यादव, रामा यादव, हरिकिशुन वर्मा आदि उपस्थित रहे।

### हृदयाघात से समाजसेवी का निधन


**बलिया।** समाजसेवी कस्बा निवासी नौशाद अली मदारी का शनिवार की रात हृदयाघात से निधन हो गया। श्री अली के निधन पर कस्बे में शोक व्याप्त हो गया। उनके आवास पर शोक व्यक्त करने वाले लोगों का सुबह से ही तांता लगा रहा। शोक व्यक्त करने वालों में विप्लव सिंह, प्रधान अभिमन्यु चैहान, अबरार अहमद, उमेश सिंह आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे। जनाजे की नमाज के बाद रविवार को उन्हें पैतृक कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक कर दिया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

### जन आरोग्य मेला में दर्जनों रोगियों ने करायी जांच



**बैरिया (बलिया)।** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का शुभारंभ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुरली छपरा में रविवार को प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ देवनीति सिंह की अध्यक्षता में शुरू हुआ। जिसमें दर्जनों रोगियों की जांच व उन्हें दवा दी गई। इलाज के लिए बेहतर परामर्श भी दिया गया। वही कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ सिंह ने बताया कि कैंसर कोई जानलेवा बीमारी नहीं है। किसी मिथक में ना रहे। शुरूआती दौर में पकड़ में आने पर इसे हराया जा सकता है। यह कोई जानलेवा बीमारी नहीं है। साथ–साथ क्षय रोग के बारे में भी बता कर लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि है क्षय रोगियों की डोर टू डोर घूम घूम कर स्वास्थ्य कर्मी खोज कर रहे हैं। पाए जाने पर उन्हें बेहतर इलाज दिया जा रहा है। वही शासन द्वारा प्रदत पांच सौ रुपए प्रतिमाह उन्हें दिया जा रहा है। वही सरकार के निर्देश संचारी रोग उन्मूलन के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बेहतर कार्य चल रहा है। जननी सुरक्षा के लिए मातहतों को उचित दिशा निर्देश उन्होंने दिया। गोष्ठी में आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लोगों से आग्रह किया। सरकार द्वारा दी गई पांच लाख की निशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ देने के लिए उन्होंने विस्तृत चर्चा चर्चा किया। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला में डा. आनंद शर्मा, डा. सुमन कुमार मिश्रा,डा एसएन पांडे, डा. पवन कुमार, फार्मासिस्ट मनोहर केसरी, समर बहादुर, निर्भय नारायण शुक्ला, इलियास आदि ने भाग लिया।

### भूतपूर्व सैनिक संगठन ने पत्रकार को किया सम्मानित



**बैरिया बलिया)।** भूतपूर्व सैनिक संगठन के जिलाध्यक्ष अखिलेश्वर सिंह की अध्यक्षता में रविवार को बैरिया स्थित खाकी बाबा के पोखरा पर भूतपूर्व सैनिकों की हुई बैठक में वरिष्ठ पत्रकार सुधाकर शर्मा को समाज मे उनके योगदान के लिए अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भूतपूर्व सैनिक संगठन के जिलाध्यक्ष अखिलेश्वर सिंह ने कहा कि पत्रकार सुधाकर शर्मा ने हमेशा पत्रकारिता की गरिमा के अनुरूप कार्य किया। इन्होंने निर्भीकता पूर्वक बगैर किसी भय के जन समस्याओं को उठाने का कार्य किया। इस मौके पर सुधाकर शर्मा ने भूतपूर्व सैनिकों का आभार ब्यक्त करते हुए कहा कि आप लोंगो ने जो सम्मान दिया हैं इससे मुझे पत्रकारिता के क्षेत्र में और अधिक साहस व जिम्मेदारी से काम करने के लिए प्रेरणा मिली हैं। मौके पर भूतपूर्व सैनिक संगठन के श्रीकांत तिवारी, हरिहर नाथ यादव, सत्यनारायण सिंह, शैलेन्द्र सिंह, श्रीराम सिंह, रामायण, उमाशंकर, अजय, अजब नारायण सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले रतन तिवारी सम्मानित

**बैरिया (बलिया)।** अच्छा विचार और नेक कार्य छुपाने से नही छुपता है। जी हां हम बात कर रहे है सड़क दुर्घटना में कई घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले रतन तिवारी की। जिन्हे मंत्री ने सम्मानित किया है। उन्होंने सड़क दुर्घटना मे घायल कई घायलों को सड़क से उठाकर समय से इलाज उपलब्ध करवाने वाले चयनित प्रदेश के 14 लोगों में क्षेत्र के तिवारी के मिल्की गांव निवासी रतन तिवारी भी सम्मिलित थे। जिन्हें शनिवार को लखनऊ में आयोजित परिवहन विभाग द्वारा आयोजित सम्मान समारोह गुड सेमेरिटन (नेक आदमी) के तहत सम्मानित किया गया। बता दें कि परिवहन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने प्रशस्ति पत्र व पांच हजार रुपये नगद देकर रतन तिवारी को सम्मानित किया। परिवहन विभाग की तरफ से उन्हें मंत्री ने अंग वस्त्र भी ओढ़ाया। गौरतलब है कि सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को लोग पुलिस के डर से हाथ लगाने में डरते हैं। पुलिस के अनावश्यक पूछताछ में उन्हें परेशान होना पड़ेगा। उसका परवाह किए बिना रतन तिवारी ने अनेकों घायलों को अस्पताल पहुंचाने का काम किया है। जिसके कारण उन्हें सरकार द्वारा पुरस्कृत किया गया है। रतन तिवारी को मिले इस पुरस्कार से पूरा गांव गदगद है। रतन तिवारी तिवारी तिवारी के मिल्की के सिद्ध संत रहे स्वामी जी महाराज बाबा के परिवार के वंश वृक्ष है।

# रेल पटरी पर लेट बेटी संग मां ने की आत्महत्या

जनसंदेश न्यूज

**सैदपुर।** नगर के रेलवे क्रासिंग के पास पटरी पर अपनी बेटी संग लेटकर एक महिला ने आत्महत्या कर ली। आखिरी वक्त में महिला का छह साल का बेटा मां से हाथ छुड़ाने में सफल हो गया। जिसके चलते उसकी जान तो बच गई। लेकिन उसका एक पैर कट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं घायल मासूम को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल भेजा। जहां से वाराणसी रेफर कर दिया गया।

रेहड़ा निवासिनी नगीना देवी का पति सुरेश उर्फ बबलू बहराईच में काम करता था लेकिन कुछ माह से घर पर ही था। इस बीच नगीना ने घर के लोगों के लिए खाना आदि बनाया। इसके बाद बहाना किया कि वो 6 साल के बेटे

दुखद

### हाथ छुड़ाकर मासूम ने बचाई अपनी जान, मरने से पहले सभी को खिलाया था स्वादिष्ट खाना

दिव्यांश को शौच कराने जा रही है। वो बेटे व अपनी 8 साल की बेटी साक्षी को लेकर पटरी पर पहुंची और वहीं पटरी पर सिर रखकर लेट गई और दोनों बच्चों को दोनों हाथों से पकड़ लिया।

इस बीच ट्रेन आई और साक्षी व नगीना के सिर को अलग करते हुए निकल गई। इस बीच भागने में दिव्यांश का एक पैर कट गया। मौके पर आरपीएफ के हेड कांस्टेबल ओपी मिश्र व अमेरिका सिंह यादव पहुंचे। घटना के बाद शवों को समाजसेवी अभिषेक साहा ने जुटाकर उसे पुलिस बैग में इकट्ठा किया। जिसके बाद शव पोस्टमार्टम को जा सका। घटना देखकर हर कोई स्तब्ध था और नगीना के इस कदम की निंदा कर रहा था।

### मानसिक रूप से कमजोर थी मां रामदुलारी

नगीना ने ऐसा क्यों किया पता नहीं चल सका है। मृतका के ससुर नथुनी यादव ने बताया कि घटना के वक्त उनका बेटा बबलू व बीमार पत्नी रामदुलारी के साथ वो घर पर ही थे। रामदुलारी थोड़ा मानसिक कमजोर भी हैं, वहीं नथुनी का भी एक पैर टूटने के कारण प्लास्टर लगा है और वो घर पर ही हैं। बताया कि मौत से पूर्व नगीना ने सभी के लिए खाना बनाया और खिलाया। इसके बाद मौत को गले लगा लिया।

### खानपुर में भी ठीक इसी प्रकार की हुई थी घटना

मृतका का मायका वाराणसी के नारायणपुर जुरहां में है, उसके 2 बेटे व एक बेटी थी। दूसरा बेटा सौरभ 8 साल का है और ननिहाल में रहता है, जिसके चलते उसकी जान बच गई। मृतका साक्षी व घायल दिव्यांश सैदपुर में बीआरसी स्थित प्राथमिक स्कूल में क्रमशः 4 व 1 में पढ़ते थे। बताते, कुछ माह पूर्व बिल्कुल यही घटना खानपुर के बिहारीगंज डगरा के पास हुई थी। उस घटना में भी मां समेत उसके पुत्र व पुत्री की मौत हो गई थी। लेकिन आखिरी वक्त में बड़ा बेटा अंगद हाथ छुड़ाकर सकुशल घर भाग आया था और सभी जानकारी दी थी।

## आक्रोशित किसानों ने पंप कैनाल पर किया प्रदर्शन



गहमर पूर्वी पंप कैनाल पर पत्रक देते किसान

जनसंदेश न्यूज

**बारा।** गहमर पूर्वी पंप कैनाल से निकली मिश्रवलियां माइनर में पानी निकासी न होने से ओवरफ्लो होकर पानी किसानों के खेतों में घुस गया। दर्जनों किसानों की फसल जलमग्न हो गई। नाराज किसानों ने गहमर पूर्वी पंप कैनाल पर पहुंचकर विभागीय अधिकारियों के प्रति विरोध जताते हुए ज्ञापन सौंपा।

गहमर पूर्वी पंप कैनाल से निकली मिश्रवलियां माइनर में पानी की निकासी न होने से पानी ओवरफ्लो होकर बारा के दर्जनों किसानों की खेतों में पहुंच गया। इससे फसल जलमग्न हो गई है। चार दिन बाद भी कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। नाराज किसानों ने गहमर पूर्वी पंप कैनाल पर पहुंच कर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया और समस्या के समाधान के लिए कैनाल पर उपस्थित कर्मचारियों को पत्र सौंपा। किसानों ने चेताया कि यदि जल्द ही बर्बाद हुए फसलों का मुआवजा नहीं दिया गया तो किसान आंदोलन करने को बाध्य होंगे। मौके पर रामनाथ कुशवाहा, हिरेंद्र यादव, एखलाक साह, फकरुद्दीन खान, फैयाज खान, बारीक खान, गोरख कुशवाहा, विनोद कुशवाहा, नवाजिद उर्फ सोनू सहित अन्य मौजूद रहे।

# संत रविदास जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

आयोजन

### कस्बों तथा सड़कों पर बनी रही जाम की स्थिति



संत रविदास जयंती पर नगर के संकलेनाबाद में निकली शोभायात्रा



संत रविदास जयंती पर झांकी निकालते श्रद्धालु

**गाजीपुर।** जिले भर में संत रविदास की जयंती रविवार को धूमधाम से परंपरा तथा उत्साह के साथ मनाई गई। इस मौके पर पंडाल सजा कर उसमें प्रतिमा स्थापित कर पूजन अर्चन किया गया। जगह - जगह शोभायात्रा तथा झांकियां निकाली गईं। पीछे श्रद्धालु नाचते झूमते चल रहे थे। इसके चलते शहर, कस्बों तथा सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रही।

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रविवार को संत रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जगह-जगह भव्य शोभायात्रा निकाली गईं। शोभायात्रा में कई झांकियां आकर्षण का केंद्र बनी रही। कई जगह उनकी मूर्ति स्थापित कर पूजन-अर्चन किया गया। साथ ही उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प भी लोगों ने लिया। संत रविदास की जयंती पर शहर में शोभायात्रा निकाली गई, जो विभिन्न मार्गों से होते ही पूरे नगर में भ्रमण की। शोभायात्रा में नवयुवक डीजे की धुनों पर थिरकते हुए चल रहे थे। बच्चों द्वारा संत रविदास, राधा कृष्ण की सजाई गई झांकियां देखने को भारी भीड़ जुटी रही। रविदास समाज के लोगों में खासा उत्साह था। मुहम्मदाबाद। शोभायात्रा नगर के गढ़वा, जफरपुरा, लोका हरिजन बस्ती से निकाली गई जो तहसील मुख्यालय हाटा रोड, केशरी मोड़, बिट्ठल चौराहा, फाटक, फल मंडी, इलाहाबाद बैंक रोड, यूसुफपुर बाजार होते अपने अपने मोहल्लों में जाकर समाप्त हुई। इसमें संत रविदास की झांकी वाहनों पर सजायी गयी थी जिसे देखकर लोग भाव विभोर हो रहे थे। बैंड बाजों की धुनों पर नाचते गाते व जयकारा लगाते हुए युवक चल रहे थे। दूसरी शोभायात्रा सलेमपुर मोड़, दाउदपुर व बालापुर से निकाली जो सलेमपुर मोड़, केशरी मोड़, यूसुफपुर बाजार, तहसील तिराहा से घूमते हुए अपने जगहों पर जाकर समाप्त हुई। इस मौके पर जगह-जगह लोग संत रविदास की झांकी सजाकर उनका पूजन-अर्चन किए। वहीं जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। करीमुद्दीनपुर। क्षेत्र के लौवाडीह, जोगा मुसाहिब, पारो, बेलसड़ी, मलिकपुरा आदि गांवों में दलित समुदाय के लोगों ने रविदास जयंती पर जगह-जगह झांकी सजाकर उनका पूजन-अर्चन किया। जगह-जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी समुदाय के लोगों ने भाग लिया। भांवरकोल। क्षेत्र के वीरपुर, शेरपुर, लोचाईन, मच्छटी, सोनाड़ी, मीरजाबाद, खरडीहा आदि गांवों में संत शिरोमणि रविदास की जयंती समारोह मनाया गया।

### संत रविदास जयंती पर श्रद्धालुओं में दिखा उत्साह

**मुहम्मदाबाद।** नगर व ग्रामीण क्षेत्र में संत रविदास की 646 वीं जयंती धूमधाम के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर युवाओं व श्रद्धालुओं में काफी उत्साह दिखा। नगर पालिका व विकासखंड अंतर्गत क्षेत्र में संत रविदास जयंती को लेकर सुबह से ही तैयारियां चल रही थी। नगर क्षेत्र में 4 स्थानों से संत रविदास जी की झांकी निकाली गई। पहली झांकी स्टेट बैंक के पास से आरंभ हुई ।इसके पीछे भट्ठी मुहल्ला वार्ड नंबर 7 की झांकी थी। दाउदपुर और डिग्री कॉलेज के गढ़वा से भी झांकी और जुलूस निकली ।सभी जुलूस तहसील गोलंबर पर आकर मिल गई। इसके पश्चात नगर भ्रमण हुआ। जुलूस में संत रविदास के संबंध में छोटी नाटिका भी प्रस्तुत की गई। जुलूस में लाखों की तादाद में पुरुष व महिलाएं संत रविदास जी के झांकी के साथ भजन गाते हुए चल रहे थे। पूरे नगर का भ्रमण करने के बाद गोलंबर तिराहे से ही जुलूस अपने-अपने गंतव्य को वापस हो गया।

### धूमधाम से मनी रविदास जयंती, निकली झाकियां

**कासिमाबाद।** तहसील क्षेत्र में विभिन्न गांवो में भक्तों द्वारा संत रविदास जयंती रविवार के दिन धूमधाम से मनाई गई । इस अवसर पर खेताहपुर, कवलपट्टी, कर्मा, कलवरा, पृथ्वीपुर, कटया, धरवार, रामगढ़, परजीपाह,दुधौड़ा, वेद बिहारी पोखरा,बड़ागांव, शाहबाजपुर, नगवा, बठना सहित दर्जनों गांव में सुबह से बच्चों, महिलाओं और युवाओं के द्वारा झांकियों के साथ गांव में शोभायात्रा निकाली गई। बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति की गई। आयोजित कार्यक्रम में गांव के सभी गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया और संत रविदास के चित्र के समक्ष माल्यार्पण कर संत रविदास द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान भी किया। वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने समाज के उत्थान के लिए कार्य करने की आवश्यकता है। आज समाज में शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा तभी हमारा समाज विकास कर सकेगा । संत रविदास जयंती के दिन खेताहपुर गांव के चट्टी पर देर शाम दर्जनों गांव के लोगों द्वारा अपनी अपनी झाकियां निकाली गई। इस अवसर पर सुबह से लेकर शाम तक चारों तरफ संत रविदास के कार्यक्रम को लेकर युवाओं में जोश दिखा तो वहीं महिलाएं गीत भजन में लगी रही।

# 80 खिलाड़ियों को ताइक्वांडो परीक्षा में मिली प्रोन्नति

## डिस्ट्रिक्ट गाजीपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन ने किया कार्यक्रम का आयोजन

जनसंदेश न्यूज



ताइक्वांडो परीक्षा में चयनित खिलाड़ी और अधिकारी

**गाजीपुर।** डिस्ट्रिक्ट गाजीपुर ताइक्वांडो एसोसिएशन के तत्वाधान में रविवार को तड़बनवा स्थित सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल के परिसर में ताइक्वांडो कलर बेल्ट टेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर 80 खिलाड़ियों ने प्रोन्नति हासिल की।

एसोसिएशन के सचिव विपिन सिंह यादव ने बताया कि इस ताइक्वांडो कलर बेल्ट टेस्ट प्रतियोगिता में विभिन्न वर्ग में 95 खिलाड़ियों ने विभिन्न बेल्ट के वर्गों में प्रमोशन पाने के लिए प्रतिभाग किया।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में सेंट मेरी कॉन्वेंट स्कूल, शाह फैज पब्लिक स्कूल, सनी ताइक्वांडो एके-डमी छावनी लाइन, एसआईएस ताइक्वांडो एकेडमी जमानिया व वंश ताइक्वांडो एकेडमी रौजा के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है।

निर्णायक मंडल में एसोसिएशन के अध्यक्ष व टेक्निकल डायरेक्टर अलाउद्दीन अंसारी ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए उनके प्रोन्नति का निर्णय लिया। सहयोगी के रुप में सत्यदेव पांडे, अजय कुमार शर्मा, पूजा तिवारी, इलमा आफरीन, कीर्ति सिंह और उजाला गुप्ता शामिल रहें।

### ताइक्वांडो कलर बेल्ट टेस्ट चयनित खिलाड़ी

व्हाइट टू एलो बेल्ट : प्रांजल, तनुस साहू, हर्ष सिंह, अंश, आरुषि, हरम आरिफ, शाहीबा, पलक, अनन्या, अन्वेषा, अनन्या यादव, सौम्या, राजवीर, रौनक, वेदान्त, मानवेन्द्र, आराध्या, माही, भार्गवी, रिद्धि, शिवम, हेमंन्त, विलियम, प्रिंस राज, सत्यम, अभी, शगुन, सिद्धार्थ राय, एंजल गुप्ता, अविष, मनस्वी, तेजस्वी, सर्वेश, निधि, आनंद, श्री चौरसिया, मनीषा, ऊष्मा, अर्पिता, शिवांश, अमृता, गरिमा, नावेद्या, प्रभा, रिदा, इशिता, सौम्या, सौम्या सिंह, तेजस्वनी, तान्या, आर्यन, मो. कासिम, आदित्य, प्रतीक व राज बिंद। **येलो टू ग्रीन बेल्ट** : अर्पित, विशाल, आराध्या, देवेंद्र नाथ, अरिहंत, तनवी जायसवाल, नव्या, आदित्य राय। ग्रीन टू ग्रीन वन बेल्ट : स्वास्तिक, इनेश, स्वर्णिमा, सिद्धार्थ पाल, देवानंद व शुभ श्रीवास्तव। ब्लू टू ब्लू वन : आनंद राज यादव, आदित्या तिवारी बनें।

## ऑनलाइन फ्राड को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गाजीपुर।** नोनहरा थाना और साइबर क्राइम सेल की टीम ने 01 लाख 33 हजार 194 रुपए ऑनलाइन फ्राड करने वाले अभियुक्त सफी हैदर को दबोच लिया है। निरीक्षक अशोक कुमार सिंह ने मुखबीर की सूचना पर नोनहरा थाना के सुसुण्डी गांव निवासी अभियुक्त सफी हैदर पुत्र एह-तेशाम हैदर को बीते शनिवार को बैंक सुसुण्डी से गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से मोबाइल व 2130 रूपया नगद बरामद किया है।

## पति का सहकर्मी से हो गया संबंध, रिश्ते में आयी कड़वाहट

### परिवार परामर्श केंद्र पर पांच मामलों का मौके पर निस्तारण

**गाजीपुर।** पुलिस लाइन्स के प्रांगण में परिवार परामर्श केंद्र पर कुल आठ परिवारिक विवाद प्रस्तुत हुए। जिसमें सात परिवारों की विदाई हुई।

सदर कोतवाली के सट्टी मस्जिद सैयदवाड़ा निवासी गुलशन नसरीन पत्नी सईद आलम की शिकायत थी कि उसके पति का संबंध पहले अच्छा था। जिससे एक पुत्री पैदा हुई बाद में वह अत्यधिक शराब पीने लगे, जिसके कारण हम लोगों के बीच दूरियां बढ़ती गई। दोनों लोगों को समझाकर विदाई कराई गई। सैदपर थाना सराय अली खान गांव निवासी अंजली प्रजापति पत्नी अजीत प्रजापति की शिकायत थी कि उसके पति व ससुराल के लोग दहेज के लिए हमेशा मारते पीटते थे। इसी प्रकार कासिमाबाद थाना तरोती गांव निवासी ममता देवी पत्नी हरिओम की शिकायत थी कि उसके पति व सास-ससुर अकारण ही उसके साथ मारपीट करते रहते हैं। ऐसा ही मामला नोनहरा थाना के साथीपुर गांव निवासी ज्योति सरोज पत्नी महातिम सरोज का आरोप था कि सॉस हमेशा उसके साथ मारपीट करती रहती है। वहीं मरदह थाना के बिजौरा गांव निवासी पूजा भारती पत्नी राजेश भारती का कहना था कि उसके पति पड़ोसन भाभी की सुनकर उसके साथ हमेशा मारपीट करते रहते हैं। अफसाना पत्नि अब्दुल अंसारी निवासी सैदाबाद थाना जमानिया की शिकायत थी कि ।उसके पति फरीदाबाद में नौकरी करते हैं। वहां पर अपने सहकर्मी के साथ संबंध हो गया है। जिसके कारण हम लोगों का परिवारिक रिश्ता नहीं बन पाता है। नंदगंज के सिरगिथा निवासी गुड़िया पत्नी राहुल गुप्ता की शिकायत थी कि उसके पति हमेशा शराब पीकर हमेशा मारते पीटते रहते हैं। सभी लोगों को समझाकर विदाई कराई गई। एक पारिवारिक विवाद में दोनों पक्ष उपस्थित नहीं थे इनके लिये निस्तारण की तिथि 19 फरवरी निर्धारित की गई। प्रकरणों के निस्तारण में सरदार दर्शन सिंह, सरिता गुप्ता, वीरेंद्र नाथ राम, सोनिया सिंह, विक्रमादित्य मिश्र, आरक्षी आलेश कुमार महिला आरक्षी रोली सिंह, महिला होमगार्ड उर्मिला गिरी आदि लोग उपस्थित थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी

**सैदपुर।** थानाक्षेत्र के भद्रसेन गांव में घर के अकेले रहने वाले एक युवक ने अज्ञात परिस्थितियों में फांसी लगा ली। जब वो काफी समय तक बाहर नहीं निकला तो लोगों को शक हुआ। घर भी अंदर से बंद था। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और कांस्टेबल अजीत यादव ने किसी तरह से दरवाजे को खोला, तो सभी अंदर पहुंचे। जहां गांव निवासी उपेंद्र कुमार 27 पुत्र पारस नाथ की लाश फंदे पर लटके थे। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि उपेंद्र कुमार तीन भाईयों में सबसे छोटा था और घर पर अकेले ही रहता था। उसके घर के बाकी सभी सदस्य बैंगलोर में रहते थे। बताया कि उसकी शादी आगामी मई माह में तय थी। उसने फांसी किन परिस्थितियों में लगाई, इसका पता नहीं चल सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। लोगों की आशंका है कि संभवतः शादी को लेकर कुछ विवाद हुआ हो।

# नालियां टूटीं, सरकारी नलकूप बेकार

## खेतों की सिंचाई के लिए मुश्किलों का सामना कर रहे किसान, पंपिंगसेट से फसल को सींचना पड़ रहा महंगा

**गाजीपुर।** जिले में सरकारी नलकूपों की टूटी नालियां किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गई हैं। इन नालियों को दुरुस्त करने के लिए विभाग के पास कोई कार्ययोजना नहीं है। इसके चलते कई गांवों में नलकूप ठीक होने के बाद भी बेकार पड़े हैं।

जिले के 16 विकास खंडों में आठ सौ के करीब सरकारी नलकूप हैं। आबादी के हिसाब से कई ऐसे गांव हैं, जहां पर दो-दो नलकूप हैं, ताकि किसान आसानी से सिंचाई कर सकें। हालांकि, हकीकत यह है कि सरकारी नलकूपों के भरोसे किसानों के खेतों को पानी नहीं नसीब हो पा रहा है।

अभिलेखों में सभी नलकूप ठीक हैं और चलते भी हैं। इन पर कर्मचारी भी तैनात हैं, लेकिन अधिकतर सरकारी नलकूपों की नालियां क्षतिग्रस्त हैं।

दशकों पहले बनी नालियों कर मरम्मत की सुध विभाग नहीं ले रहा है। इस कारण किसानों को निजी संसाधनों से ही फसल की सिंचाई करनी पड़ रही है, जो उनके लिए महंगी पड़ती है। किसानों का कहना है कि डीजल के बढ़े दाम के चलते उनकी खेती की लागत भी बढ़ गई है। इससे काफी दिक्कत हो रही है। नालियां तोड़कर बना दी गई सड़क काफी पहले गांवों में सरकारी नलकूपों की नालियों के लिए जगह छोड़ी गई थी। नालियां टूट जाने के कारण ऐसी जगहें संकरे रास्ते का रूप ले चुकी हैं। इन जगहों पर कब्जा भी हो चुका है। इसके कारण ऐसी जगहों पर अब नाली बनवाना मुश्किल हो गया है। इस बारे में अधिशासी अभियंता नलकूप ने कहा कि नाली मरम्मत के लिए कार्ययोजना बनाई जाती है। बजट कम आने के कारण सभी नाली नहीं बन पा रही है। प्रयास है कि सभी नालियों का सर्वे कराकर कार्ययोजना बनाई जाए।



सुहवल स्थित बंद पड़ा राजकीय नलकूप

### किसान बोले, नलकूप चलता तो आसान होती सिंचाई

नाली टूट जाने के कारण अब हम लोग नलकूप से पानी नहीं चलाते हैं। पंपिंगसेट का सहारा ले रहे हैं। नाली की मरम्मत हो जाए तो सिंचाई करने में आसानी होगी और रुपये भी अधिक नहीं लगेंगे। - सुशील कुमार पांडेय, किसान

नाली टूटने से सिंचाई नहीं हो पा रही है। सरकारी नलकूप से सिंचाई करने में आसानी होती। कई जगहों पर नाली का पता ही नहीं है। इसके चलते दूसरे संसाधनों से सिंचाई करनी पड़ती है। - अखिलेश सिंह, किसान

### रेवतीपुर ब्लॉक के 74 में से 22 नलकूप बंद

**सुहवल।** रेवतीपुर ब्लॉक में कहने को तो 74 राजकीय नलकूप है। मगर 22 राजकीय नलकूप में से आठ की बोरिंग वर्षों से फेल है,जबकि अन्य विभिन्न तांत्रिक दोष से बंद पडे हुए है। ऐसे में खेतों में बोई गई फसलों के समय से सिंचाई की मुहिम सफल होती नहीं दिख रही है। किसान मजबूरी में निजी नलकूपों के जरिए खेतों की सिंचाई को मजबूर है। कहने को तो इलाके में नलकूपों का जाल बिछाया गया है ।मगर इसका पूरा लाभ किसानों को समय से नहीं मिल पाता। विभागीय सूत्रों के अनुसार एक नलकूप के सिंचाई की क्षमता करीब 25 एकड है। किसानों ने बताया कि क्षेत्र के 65 जेडक्यू रेवतीपुर, 93जेडजी हसनपुरा, 33जेडजी नसीरपुर,13जेडजी नवली, 72 जेडक्यू नवली,58 त्रिलोकपुर, 59 जेडक्यू तिलवां, 46जेडक्यू मधुचक नलकूपों की बोरिंग करीब चार वर्षों से फेल है ।इसके अलावा बहुत ऐसे भी नलकूप है जो विद्युत दोष, पाइपलाइन दोष आदि के चलते बंद है। इस संम्बन्ध में जब राजकीय नलकूप खण्ड प्रथम के अवर अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि जल्द ही खराब नलकूपों को दूरस्त करा दिया जायेगा।

## संक्षेप

### मरदह पीएचसी पर मनोचिकित्सक की तैनाती

**मरदह।** मनोचिकित्सक डा. नवीन कुमार सिंह की स्थानीय पीएचसी पर तैनाती हो गई है। बुधवार को वह कार्यभार ग्रहण करेंगे। पीएचसी पर स्वास्थ्य संबंधी सुझाव व परामर्श के लिए कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कोई भी व्यक्ति अपना रजिस्ट्रेशन कराकर स्वास्थ्य संबंधी सुझाव का हिस्सा बन सकता है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ अशोक कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए कहा की पीएचसी मरदह पर मनोचिकित्सक डॉक्टर बुधवार को उपस्थित रहेंगे। चिकित्साधिकारी ने एएन.एम,सीएचओ, एच.एस., बी.एच. डब्ल्यू आशा संगिनी और आशाओं को निर्देशित किया कि आप अपने-अपने क्षेत्र के लोगों को सूचित करते हुए अधिक से अधिक मनोरोगियों को कैम्प का लाभ पहुंचाने में सहायक बनें।

### अज्ञात कारणों से लगी आग, झोपड़ी जलकर खाक

**बारा।** गहमर गांव में शनिवार देर शाम अज्ञात कारणों से लगी आग में दो रिहायशी झोपड़ियां सहित उसमें रखा गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे जीवन यापन गुजारने को विवश है। गहमर गांव निवासी प्रकाश चौहान व सुरेंद्र चौहान के रिहायशी झोपड़ी में शनिवार को देर शाम अज्ञात कारणों से लगी आग में हजारों का सामान चावल, आटा, दाल, कपड़े, चारपाई बर्तन आदि जलकर राख हो गया। आग उस समय लगी, जब परिवार के लोग खेतों में काम करने गए हुए थे। गांव के ही व्यक्ति ने रिहायशी झोपड़ी में आग लगने की जानकारी दी। गांव वालों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित प्रकाश चौहान की पत्नी आरती देवी व सुरेंद्र चौहान की पत्नी तेतरी देवी ने बताया कि रिहायशी झोपड़ी और सामान जलने से साल भर की मेहनत बेकार हो गई है। मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान बलवंत सिंह बाला ने पीड़ित परिवार को खाने - पीने की चीजों के साथ अन्य जरूरत का सामान उपलब्ध कराया। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया।

### मंगलवार को गोड़ी गांव में विचार गोष्ठी आयोजित

**भांवरकोल ।** राष्ट्रवाद और भाजपा सरकार विषय पर गोड़ी गांव में सात फरवरी को विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसमें पूर्व मंत्री व भाजपा नेता स्वाती सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा नेता पियूष राय करेंगे। इसके अलावा विनोद राय सहित कई नेता व विचारक अपने विचार रखेंगे। इस विचार गोष्ठी में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में संबंधों का तात्पर्य, राष्ट्रवादी मानसिकता के साथ विकास की धारा आदि विषयों पर वक्ता अपने विचार रखेंगे। कार्यक्रम केशव राय के दरवाजे पर मंगलवार को सुबह नौ बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम के संयोजनकर्ता भाजपा भारवकोल प्रथम के मंडल अध्यक्ष शशांक शेखर, महामंत्री राजेश मिश्र, आक्सफोर्ड विद्यालय अवथही के भानु प्रताप राय, अमित राय, दिनेश राय, राजेश राय आदि हैं।

### डीएम के आदेश के बावजूद खुली दुकान

**सैदपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी के आदेश के बाद बाजार बंदी होने के बावजूद कुछ दुकानदारों द्वारा दुकानें खुली रह रही है। नायब तहसीलदार व कोतवाल ने अभियान चलाकर सख्ती की है। जहां एक दुकान में तालाबंदी की, वहीं एक युवक को साथ लेकर चले गए। बाजार में नायब तहसीलदार विजयकांत पांडेय व कोतवाल एसपी वर्मा ने अभियान चलाया। इस दौरान कुछ दुकानदार अपनी दुकानों को खुली छोड़कर ही फरार हो गए। जिसके बाद कोतवाल ने एक दुकान में ताला बंद कर दिया। वहीं दुकान खोलने और कोतवाल से बहस करने वाले एक युवक को वो साथ लेकर चले गए। कोतवाल ने चेतावनी दिया कि जिलाधिकारी के आदेश का कड़ाई से पालन कराया जा रहा है।

पाइप डालने के नाम पर सड़कों को कर दिया बदहाल

### लोगों को आने जाने में हो रही परेशानी, जिम्मेदार अधिकारी मौन

**गाजीपुर।** शहर में सिवरेज निर्माण के नाम पर नगर की सड़कों को बदहाल कर दिया गया है। पाइप डालने के नाम पर सड़कों को उखाड़ कर छोड़ दिया गया है। जिसके कारण लोगों को अपने घरों तक पहुंचने में दिक्कत पैदा हो रही है। ठेकेदार की इस हठधर्मिता के कारण लोगों में आक्रोश पनप रहा है। लंका चुगीं, बंसीबाजार, राधेनगर, भुतहियाटाड, सिचाई चौराहा आदि क्षेत्रों में सिवरेज और नाली निर्माण का कार्य जारी है। पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों को उखाड़ दिया गया है। पूरे क्षेत्र की सीसी अथवा इंटर लाकिंग सड़कों को जेसीबी अथवा अन्य साधनों से तोड़ कर उसमें पाइप लाइन डाले जाने है। नागरिकों ने बताया कि ठेकेदार द्वारा सड़कों को तोड़कर तथा खुदाई कराने के बाद कई दिन के लिए छोड़ दिया जाता है। जिससे उस गली से गुजरने वाले लोगों का रास्ता बंद हो जाता है। वहीं, करीब एक माह पूर्व पाइप लाइन बिछाने वाले स्थान को ही सड़क आज भी बदहाल स्थिति में पड़ी हुई है। जिसके कारण करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई पूरे क्षेत्र की सड़क बदहाल हालत में पड़ी हुई है तथा लोगों का रास्तों से निकलना दुश्वार हो गया है। नाराज लोगों ने समय पर सड़क ठीक नहीं होने तथा कार्य में तेजी नहीं बरतने पर ठेकेदार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन की चेतावनी दी हैं।

### बैंको में पैसा जमा कर पाएं लाभ



**बारा।** जिला सहकारी बैंक गाजीपुर की ओर से नाबार्ड वित्तीय समावेशन निधि के अंतर्गत एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम चलाया गया। विकास खंड भदौरा के साधन सहकारी समिति भतौरा- बारा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे जिला सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालक अधिकारी कैलाश चंद्र ने लोगों को बैंकिंग की जानकारियां दी। वक्ताओं ने बैंक की योजनाओं के लाभ के बारे में बताया। साथ ही नुक्कड़ नाटक के जरिए किसानों समेत मौजूद लोगों को जागरूक भी किया गया। वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार से बैंकों में अपने पैसे को सुरक्षित करके लाभ प्राप्त कर सकते हैं। जिसमें मुख्य रूप से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन कैसे करें, एटीएम कार्ड का उपयोग कैसे करें, ऋण योजना आदि की जानकारी दी गई। सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता अंशल कुमार ने विभाग की योजनाओं को कृषकों के बीच रखा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, फसल बीमा योजना, जनता दुर्घटना बीमा, केसीसी सुविधा आदि कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। मौके पर इफको एरिया प्रबंधक सचिन तिवारी, समिति के अध्यक्ष योगेंद्रनाथ राय, सचिव राजेश कुमार राय, शाखा प्रबंधक संजय तिवारी, निदेशक अवधेश समेत कई किसान एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

### पीड़ित ने लगायी एसपी से न्याय की गुहार

**संजरपुर (आजमगढ़)।** सरायमीर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगायी है। एसपी को दिये गये प्रार्थना पत्र में उन्होंने लिखा है कि मेरी 17 वर्ष नाबालिग पुत्री को विश्वरेस उर्फ लक्की ने बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। मुझे आशंका है कि मेरी पुत्री को कहीं बेच सकता है व उसकी हत्या भी कर सकता है। इस संबंध में सरायमीर थाने में बीते 8 दिसंबर को अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही अब तक नहीं की गई। बल्कि विरोधियों के साथ मिलकर सुलह कराने की बात कर रही है। पीड़ित ने एसपी से गुहार लगाते हुए अपने मुकदमे का विवेचना उक्त विवेचक से हटाकर थाना प्रभारी सरायमीर से कराने की मांग किया है। पीड़ित ने प्रार्थना पत्र में लिखा है कि यदि जल्द से जल्द मेरी नाबालिग पुत्री को बरामद नहीं किया गया तो मुझे आशंका है कि आरोपियों द्वारा पुत्री को मार दिया जाएगा।

### पुलिस कर्मियों को किया गया सम्मानित



**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार सिंह द्वारा एक नई पहल की शुरूआत की गई है, जिसके अंतर्गत थाने के सभी पुलिस कर्मियों को सुपर कॉप ऑफ दिस मंथ के अंतर्गत माह के प्रथम 15 दिनों में अच्छा कार्य करने वाले पुलिस कर्मी को पुरस्कार स्वरूप 500 रुपए की नगद धनराशि व थाने पर पीएनओ नंबर समेत उक्त पुलिस कर्मी की फोटो लगाई जाएगी, जिससे पुलिस कर्मियों का मनोबल बढ़ाया जा सके। रविवार को थाना परिसर में थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार सिंह ने सभी पुलिस कर्मियों को इसके बारे में विस्तार से बताया तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्य में अपने बैरक की साफ सफाई भी सम्लित है, या जनहित में सराहनीय कार्य जो लोगों को अच्छा लगे उसके लिए भी पुलिस कर्मियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। रविवार को जनवरी माह के द्वितीय 15 दिनो के मध्य में प्रदेश स्तर पर लगातार 3 माह तक आईजीआरएस में थाने को प्रथम स्थान दिलाने के लिए अनुशासित रहते हुए अच्छा कार्य करने वाले कांस्टेबल अमित कुमार मौर्य को सुपर कॉप आफ दिस मंथ 15 जनवरी से 31 जनवरी के मध्य के रूप में 500 रुपए का नगद पुरस्कार थाना प्रभारी प्रमेन्द्र कुमार सिंह द्वारा देकर सम्मानित किया गया। इसी के साथ ही पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा 74 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण तथा उच्चाधिकारियों के आदेशों के अनुपालन के साथ ही जनसमस्याओं का तत्परता पूर्वक निस्तारण की प्रशंसा करते हुए कार्यकुशलता एवं कर्तव्य निष्ठा के लिए प्रशस्ति पत्र भी थाना प्रभारी प्रमेंद्र कुमार सिंह के हाथों दिया गया। प्रशस्ति पत्र पाने वालों में कांस्टेबल अमित कुमार मौर्य, अविनाश विश्वकर्मा, शिवकुमार पांडे, फॉलोअर महेंद्र यादव सम्मिलित रहे।

# जयपुर महाखेल प्रतिभागियों से बोले पीएम मोदी, 'खेल के मैदान से कोई खिलाड़ी खाली हाथ नहीं लौटता'

## 'युद्ध के मैदान को खेल के मैदान में बदल देते हैं', पीएम बोले–आज तक जब भी देश की सुरक्षा का सवाल उठता है तो राजस्थान के युवा किसी से पीछे नहीं रहते



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'जयपुर महाखेल' के प्रतिभागियों को संबोधित किया। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से बताया गया है कि इस कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान की राजधानी में जयपुर से लोकसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ द्वारा किया गया है।
महाखेल की शुरूआत 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस के दिन की गई थी। इस साल यह महाखेल कबड्डी प्रतियोगिता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिसमें 450 से अधिक ग्राम पंचायतों, नगर पालिकाओं और वार्डों के 6,400 से अधिक युवाओं और खिलाड़ियों की भागीदारी देखी गई है।
पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कहा, इतिहास गवाह है कि इस वीर भूमि के बच्चे अपने शौर्य से युद्ध के मैदान को खेल के मैदान में बदल देते हैं। इसलिए अतीत से लेकर आज तक जब भी देश की सुरक्षा का सवाल उठता है तो राजस्थान के युवा किसी से पीछे नहीं रहते हैं।
आज चित्रकुट स्टेडियम में इस समारोह का समापन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा, आज इस महाखेल को देखकर मैं कह सकता हूं कि आपका कार्यकाल खेल और एथलीटों का स्वर्णिम युग लेकर आया। मेरे जमाने के खिलाड़ी पिछली सरकारों में खेलों की दुर्दशा के गवाह हैं। अब हम खिलाड़ियों को दी जाने वाली सुविधाओं और सम्मान को देखते हैं।

***जीतने वाले महिला-पुरुष टीमों को किया जाएगा सम्मानित***

कोटपूतली, बानसूर, जमवारामगढ, झोटवाड़ा, विराट नगर, आमेर, शाहपुरा और फुलेरा विधानसभा क्षेत्र के 32 खेल मैदानों पर 512 पुरुषों और 128 महिलाओं की टीम इस खेल प्रत्योगिता में शामिल हुई हैं। जयपुर महाखेल के तहत कुल 22 लाख रुपए के पुरस्कार वितरण किए जाएंगे। हर विधानसभा क्षेत्र में विजेता रहने वाली महिला या पुरूष टीमों को 21000 रुपये, रनर-अप टीमों को 11000 रुपये, लोकसभा स्तर पर महिला और पुरूष विजेता टीमों को 51000 रुपये, रनर-अप टीम को 31000 रुपये देकर सम्मानित किया जाएगा। साथ ही राजस्थान कबड्डी फेडरेशन भी जयपुर महाखेल के 20 सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को स्पेशल ट्रेनिंग देगी।

### आतंकवादियों ने अखिलेश यादव को खरीद लिया, विपक्ष ने बैठक कर हिंदुओं को लड़ाने की साजिश रची: वेदांती

**अयोध्या।** भाजपा के पूर्व सांसद और रामजन्मभूमि आंदोलन से जुड़े रामविलास वेदांती ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को आपस में लड़ाने की अंतरराष्ट्रीय साजिश के तहत आतंकवादियों ने अखिलेश यादव को खरीद लिया है। रामचरितमानस पर टिप्पणी को लेकर उपजे विवाद पर भी बोले कि इसके पीछे अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र है। इसके लिए भी आतंकवादियों द्वारा फंडिंग की गई है। मड़िया महादेव मंदिर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए पूर्व सांसद बोले कि मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में विफल होने के बाद अखिलेश, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, चिदंबरम, कपिल सिब्बल, केजरीवाल, संजय सिंह ने एक मीटिंग कर हिंदुओं को आपस में लड़ाने के लिए धार्मिक आस्था को समाप्त करने की साजिश रची। रामचरितमानस और गोस्वामी तुलसीदास पर कीचड़ उछालने में अंतरराष्ट्रीय हिन्दू विरोधी गिरोह का हाथ है, इस गिरोह में सपा, बसपा, कांग्रेस व आप के लोग शामिल हैं।

## वेब सीरीज 'भौकाल' के अगले चैप्टर में नजर आएंगी वाणी कपूर



**मुंबई।** बीते साल आई वेब सीरीज 'भौकाल' ने दर्शकों के बीच सचमुच भौकाल मचा दिया था। दर्शकों ने इस वेब सीरीज को खूब पसंद किया। अब खबर है कि 'भौकाल' का नया चैप्टर जल्द ही दर्शकों को देखने को मिल सकता है। रिपोर्ट्स के अनुसार, जतिन वागले अपनी हिट वेब सीरीज 'भौकाल' का नया अध्याय लेकर आ रहे है, जिसका नाम इस बार 'भूचाल' हो सकता है। पिछली बार आईपीएस नवनीत सिकेरा के जीवन पर आधारित वेब सीरीज 'भौकाल' के दो सीजन बनाए गए थे, जिसमें मोहित रैना ने अहम भूमिका निभाई थी। वहीं इस बार चर्चा है कि 'भौकाल' के अगले अध्याय में दर्शकों को यूपी के पूर्व डीजीपी ओपी सिंह पर आधारित कहानी देखने को मिलेगी। वेब सीरीज 'भूचाल' में यूपी के पूर्व डीजीपी ओपी सिंह के लखीमपुर खीरी पोस्टिंग के दौरान की कहानियां देखने को मिलेंगी। खबर है कि निमार्ताओं ने इसके लिए शहर की लोकेशन भी देखी है। वहीं, इसकी शूटिंग मार्च में शुरू होने की संभावना है। पिछले दो सीजन में दर्शकों को कई स्टार्स वेब सीरीज में देखने को मिले थे। इस बार भी वही मजा दर्शकों को देखने को मिलेगा। इस बार वेब सीरीज में कई दिग्गज कलाकार दर्शकों का मनोरंजन कर सकते हैं।

## खास खबर

### उपेंद्र कुशवाहा ने लिखा खुला पत्र- जदयू कार्यकर्ता पटना आएं; पार्टी को बचाएं, ललन सिंह बोले- भटकाने का प्रयास

**पटना।** जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा अब आर या पार के मूड में नजर आ रहे हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए एक खुला पत्र लिखा है। इसमें उन्होंने जदयू कार्यकताओं से पटना में बैठक में आने अपील की है। उन्होंने कहा है कि पटना आएं और पार्टी बचाएं। हालांकि, जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने उनके इस पत्र को दिग्भ्रमित करने वाला बताया है। जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा ने पार्टी के अंदर अपनी ताकत दिखाने का काम शुरू कर दिया है। कुशवाहा ने रविवार को एक खुला पत्र लिखकर पूरे बिहार से जदयू कार्यकताओं को पटना बुलाया है। उन्होंने यह पत्र अपने ट्वीटर हैंडल पर भी पोस्ट किया है। कुशवाहा ने पत्र में लिखा है कि नीतीश की राजद से खास डील और जदयू के राजद में विलय की कवायद से पार्टी का अस्तित्व खतरे में है। ऐसे में जदयू कार्यकर्ता पार्टी को बचाने के लिए पहल करें। उपेंद्र ने इसके लिए कार्यकताओं को 19 और 20 फरवरी को पटना के सिन्हा पुस्कालय परिसर में पहुंचने के लिए कहा है। हालांकि यह बैठक पार्टी की अधिकृत बैठक नहीं है।

### अमेरिकी फाइटर जेट एफ-22 से मिसाइल दागकर मार गिराया चीनी 'जासूसी गुब्बारा'

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी मिसाइल ने चीन के कथित जासूसी गुब्बारे को नष्ट कर दिया है। चीनी गुब्बारे पर कार्रवाई के बाद अमेरिका और चीन के बीच वाकयुद्ध शुरू हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने एफ-22 फाइटर जेट से गुब्बारे को दक्षिण कैरोलिना के अटलांटिक तट के पास गिराने पर अपने पायलटों को बधाई दी है। वहीं, चीन इस कार्रवाई से तिलमिला गया है। गुब्बार मार गिराए जाने की कार्रवाई को चीन ने राजनीतिक स्टंट बताया है।

## मुशर्रफ की तारीफ कर फंसे शशि थरूर, लोगों ने सोशल मीडिया पर जमकर किया ट्रोल

### थरूर ने संवेदना व्यक्त करते हुए उसे शांति की ताकत बताया



**नई दिल्ली।** अक्सर विवादों में रहने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने एक बार फिर विवादित ट्वीट किया है। पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ ने निधन पर शशि थरूर ने संवेदना व्यक्त करते हुए उसे शांति की ताकत बताया। इसी ट्वीट के कारण अब सोशल मीडिया पर उन्हें जमकर ट्रोल किया जा रहा है। दरअसल, कुछ यूजर्स को उनका ट्वीट पसंद नहीं आया है।
लोगों ने शशि थरूर को याद दिलाया कि परवेज मुशर्रफ के कारण ही कारगिल युद्ध हुआ था। लोगों का मानना है कि संवेदना व्यक्त करने की आड़ में शशि थरूर ने परवेज मुशर्रफ की कुछ ज्यादा ही तारीफ कर दी जो सही नहीं है। शशि थरूर ने ट्वीट कर कहा, ₹परवेज मुशर्रफ, पूर्व पाकिस्तानी राष्ट्रपति का दुर्लभ बीमारी के कारण निधन हो गया। एक समय पर भारत के एक कट्टर दुश्मन, वह 2002-2007 में शांति के लिए एक वास्तविक ताकत बन गए।₹ भाजपा प्रवक्ता शहजाद ने ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, ₹परवेज मुशर्रफ जिन्होंने ओसामा बिन लादेन और तालिबान की प्रशंसा की थी, उन्होंने राहुल गांधी की भी प्रशंसा की थी। उन्हें एक सज्जन व्यक्ति कहा और उन्हें अपना समर्थन देने का वचन दिया। शायद यही वजह है कि शशि थरूर कारगिल के वास्तुकार और आतंकवाद के समर्थक की प्रशंसा कर रहे हैं।

### पश्चिम बंगाल में बम विस्फोट में टीएमसी कार्यकर्ता की मौत, आरोप-प्रत्यारोप शुरू

**कोलकाता।** बीरभूम जिले के मारग्राम में हुए बम विस्फोट में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के एक कार्यकर्ता की मौत और सत्तारूढ़ पार्टी के पंचायत प्रमुख के भाई के घायल होने के बाद रविवार को राजनीतिक दलों के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गया। घटना में मारे गए न्यूटन शेख के परिवार के सदस्यों ने आरोप लगाया कि शनिवार को हुए हमले के लिए कांग्रेस समर्थक जिम्मेदार थे। वहीं, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि मारग्राम में पार्टी की सांगठनिक ताकत बहुत कम है और पार्टी किसी हमले में शामिल नहीं है। बम हमले में न्यूटन शेख की मौत हो गई, जबकि घायल लाल्टू शेख को इलाज के लिए कोलकाता के सरकारी एसएसकेएम अस्पताल लाया गया। बीरभूम जिले की सीमा झारखंड से लगे होने के मद्देनजर हमले में माओवादियों की भूमिका के बारे में पूछे जाने पर पश्चिम बंगाल के शहरी विकास मंत्री फरहाद हाकिम ने कहा कि पुलिस को सभी पहलुओं की जांच करनी चाहिए। मारग्राम में टीएमसी पंचायत प्रमुख के भाई घायल लाल्टू से मिलने के बाद उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मुझे लगता है कि यह एक बड़ी साजिश है।

## संतगुरु रविदास की जयंती पर मायावती ने अर्पित किए श्रद्धा-सुमन कहा- राजनीतिक स्वार्थ की खातिर रविदासजी को माथा न टेके

### बोलीं- देश एवं दुनिया में रहने वाले उनके समस्त अनुयाइयों को मेरी व बी.एस.पी की ओर से भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की मुखिया और प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने आज संतगुरु रविदास जी की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन व श्रद्धा सुमन अर्पित की है। इसके साथ ही उन्होंने ट्वीट कर कहा, "सभी लोगों को मन चंगा तो कठौती में गंगा का अमर अध्यात्मिक संदेश देने वाले महान संतगुरु रविदास जी की जयन्ती पर उन्हें शत-शत नमन व श्रद्धा सुमन अर्पित तथा देश एवं दुनिया में रहने वाले उनके समस्त अनुयाइयों को मेरी व बी.एस.पी की ओर से भी हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें"। इसके साथ ही उन्होंने एक ट्वीट किया है। इस ट्वीट के माध्यम से उन्होंने सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने लिखा, "शासक वर्ग भी संतगुरु रविदास जी को अपने संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ की खातिर केवल उनको माथा टेकने का कार्य न करे, बल्कि साथ ही, उनके गरीब व दुःखी-पीड़ित अनुयायियों के हित, कल्याण एवं उनकी भावनाओं का भी खास ख़्याल रखे, यही उनको सच्ची श्रद्धांजलि"। बता दें कि आज ही कि दिन गुरु रविदास का जन्म हुआ था। यह दिन रैदास पंथ धर्म का वार्षिक केंद्र बिंदु है। जिस दिन अमृतवाणी गुरु रविदास जी को पढ़ी जाती है, और गुरु के चित्र के साथ नगर में एक संगीत कीर्तन जुलूस निकाला जाता है। इसके अलावा श्रद्धालु पूजन करने के लिए नदी में पवित्र डुबकी लगाते हैं, उसके बाद भवन में लगी उनकी छवि पूजी जाती है।

### मुख्यमंत्री योगी ने वाराणसी के रविदास मंदिर में टेका माथा,



**वाराणसी।** संत गुरु रविदास की आज जयंती है। इस मौके पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वाराणसी पहुंचे। यहां उन्होंने संत गुरु रविदास मंदिर में मत्था टेका और लंगर भी खाया। इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि संत रविदास ने भक्ति के साथ कर्मसाधना को महत्व दिया। आज हमें उनके संदेशों को याद करने तक सीमित नहीं रहना चाहिए। बल्कि उनकी कही बातों को हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए। इसके साथ ही सीएम योगी ने कहा कि सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के जिस मंत्र के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं उसमें संत रविदास जी के न्याय, समानता और सेवा पर आधारित कालजयी विचारों के भाव समाहित हैं।₹ इसके अलावा सीर गोवर्धनपुर में सीएम योगी ने संत निरंजन दास से बातचीत की साथ ही प्रधानमंत्री का संदेश भी पढ़ा।

## मुशर्रफ एकमात्र पाकिस्तानी जनरल थे जिन्होंने ईमानदारी से की कश्मीर मुद्दे को सुलझाने की कोशिश : महबूबा

### पूर्व मुख्यमंत्री ने परवेज मुशर्रफ के निधन पर संवेदना व्यक्त की



**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ एकमात्र पाकिस्तानी जनरल थे जिन्होंने ईमानदारी से कश्मीर मुद्दे को सुलझाने की कोशिश की थी। मुशर्रफ का रविवार को दुबई के एक अस्पताल में 79 साल की उम्र में निधन हो गया। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, गहरी संवेदना।
वह एकमात्र पाकिस्तानी जनरल थे जिन्होंने कश्मीर मुद्दे को ईमानदारी से सुलझाने की कोशिश की थी। वह जम्मू-कश्मीर की जनता की इच्छा के अनुरूप ऐसा समाधान चाहते थे जो भारत और पाकिस्तान को स्वीकार्य हो। हालांकि, भारत सरकार ने उनके और (पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी) वाजपेयी द्वारा लिए गए सभी विश्वास बहाली के कदमों को उलट दिया है , केवल संघर्ष विराम बाकी है। मुशर्रफ वर्ष 1999 में तख्तापलट कर सत्ता पर काबिज हुए थे और वर्ष 2001 से 2008 तक पाकिस्तान के राष्ट्रपति पद पर रहे। पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री खुर्शीद महमूद कसूरी ने अपनी किताब नाइदर ए हॉक नॉर ए डव में दावा किया था कि भारत और पाकिस्तान वर्ष 2001 में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और मुशर्रफ के बीच हुए शिखर सम्मेलन के दौरान कश्मीर मुद्दे के समाधान के करीब पहुंच गए थे।

## शिवपाल का संकल्प- संविधान को बचाना और भाजपा को सत्ता से भगाना ही जीवन का लक्ष्य

### स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान से कन्नी काटते नजर आए



**लखनऊ।** हम कृष्ण के वंशज हैं। कृष्ण और राम हमारे आदर्श हैं। हम सभी धर्म, जाति, ग्रंथ का बराबर सम्मान करते हैं। यही समाजवाद है। बहस का मुद्दा धर्म नहीं है। अब हमारा आगे का जीवन संविधान बचाने के लिए है। संविधान बचाएंगे और भाजपा को सत्ता से भगाएंगे। यही संकल्प है। इसी दो काम में पूरा जीवन लगाएंगे। इसकी शुरुआत कर दी है। यह बातें सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव ने कही। राष्ट्रीय महासचिव बनने के बाद एक वार्ता में बोले।
शिवपाल सिंह यादव मौजूदा सियासी हलचल और पार्टी के ही एमएलसी स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान से कन्नी काटते नजर आए। फिर इसे स्वामी प्रसाद का निजी बयान बताया। शुद्र के मुद्दे पर चलाई जा रही बहस से पहले बचे और फिर काफी कुरेदने पर समाजवादी विचारधारा की दुहाई दी। कहा यह विचारधारा स्वछंदता का अधिकार देती है। स्वामी प्रसाद और उनके जैसे अन्य लोग अपनी बात रख सकते हैं। जहां तक अखिलेश यादव का सवाल है तो उन्हें धार्मिक कार्यक्रम से रोका जाना गलत है। यह भाजपा की ओछी मानसिकता का परिचायक है।
अखिलेश यादव और हम सभी का लक्ष्य सिर्फ संविधान बचाना है। यह वक्त भाजपा से लड़ने का है। जहां तक रामचरित मानस का सवाल है तो उसमें जो बातें हमें अच्छी नहीं लगती हैं, उसे नहीं मानना चाहिए। जो अच्छी लगे उसे आत्मसात करें। बहस में उलझने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बार-बार धर्म और आदर्श की दुहाई दी। कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और राम ने सभी को साथ लेकर चलने का संदेश दिया है। हम दोनों को आदर्श मानते हैं। धर्म की राह पर चलकर ही अधर्म का नाश किया जा सकता है। भाजपा राम का नाम लेती है, लेकिन काम उल्टा करती है। भगवान राम झूठ नहीं बोलते थे। भाजपा उनका नाम लेकर झूठ बोलती है। वे राम को मानते नही हैं बल्कि राम के नाम पर लोगों को भड़काते हैं। संविधान धर्म निरपेक्ष हैं। इसलिए उसे सभी को मानना चाहिए। भाजपा संविधान के उल्टे चल रही है। सपा राष्ट्रीय महासचिव ने भविष्य की रणनीति का खुलासा किया। कहा कि सभी धर्म एवं जाति के लोगों को एक साथ जोड़कर भाजपा के खिलाफ आंदोलन शुरू करने जा रहे हैं। पश्चिम से लेकर पूर्वांचल तक का दौरा हो चुका है। सपा से दूर होने वाले तमाम वरिष्ठ नेताओं के सवाल पर कहा किसभी से संपर्क कर रहे हैं।

## योगी सरकार नई तकनीक से एथेनॉल बनाने में डेनमार्क से लेगी सहयोग

### गोरखपुर में 800 करोड़ की लागत से 2जी एथेनॉल संयंत्र स्थापित कर रहा



**लखनऊ ।** प्रदेश सरकार अब यूपी में नई तकनीक से एथेनॉल बनाने में डेनमार्क सहयोग करेगा। इसके लिए शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ डेनमार्क के प्रतिनिधियों की बातचीत चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार प्रदेश को विकास के पथ पर ले जाने और नई तकनीकियों के लिए देश ही नहीं, विदेशों के साथ साझेदारी करने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने हाल ही में ही डेनमार्क के राजदूत फ्रेडी स्वान से मुलाकात की। दोनों पक्ष के अधिकारियों ने पराली को बायो-स्ट्रॉब्रिकेट से एथेनॉल या मेथनॉल में बदलने से संबंधित तकनीक की उपयोगिता पर बातचीत की।
डेनमार्क के राजदूत के अनुसार, डेनमार्क में गेहूं और धान की पराली से बायो-मेथनॉल और ई-मेथनॉल का उत्पादन किया जा रहा है। राज्य सरकार इसी तरह की तकनीक को अपने यहां अपनाना चाहती है। इस प्रक्रिया द्वारा उत्पादित कार्बन डाइऑक्साइड में हाइड्रोजन गैस के माध्यम से ई-मेथनॉल का उत्पादन होता है। डेनमार्क इस पेटेंट तकनीक पर आधारित पहली परियोजना स्थापित कर रहा है। यह परियोजना दो साल में शुरू हो जाने की संभावना है। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन भी गोरखपुर में 800 करोड़ की लागत से 50 एकड़ जमीन पर 2जी एथेनॉल संयंत्र स्थापित कर रहा है। नगर निकाय विभाग गीले कचरे से बायो-सीएनजी बनाने के लिए प्रदेश के प्रमुख शहरों में संयंत्र लगाने पर विचार कर रहा है।

## सपा की सराहना, भाजपा की आलोचना, चंद्रशेखर आजाद बोले- 2024 में बीजेपी सरकार को उखाड़ फेकेंगे

### वाराणसी में संत रविदास मंदिर में शीश नवाया, इसके बाद वह संत निरंजन दास से मिले और उनका आशीर्वाद लिया



**वाराणसी।** संत रविदास की 646वीं जयंती समारोह में शामिल होने के लिए आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद रविवार को वाराणसी के सीरगोवर्धनपुर पहुंचे। संत रविदास की जन्मस्थील पर मत्था टेकने के बाद मीडिया से बातचीत में यूपी सरकार के कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। इसके साथ ही जातिगत जनगणना की वकालत करते हुए उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 में भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का दावा किया। इशारों में समाजवादी पार्टी और स्वामी प्रसाद मौर्य की सराहना की। चंद्रशेखर ने किसी का नाम तो नहीं लिया लेकिन कहा कि धार्मिक ग्रंथ में अगर कहीं कुछ गलत लिखा है तो उसे बदलने की मांग सही है। रामचरित मानस पर विवादित टिप्पणी से संबंधित सवाल पर उन्होंने ये जवाब दिया। कहा कि अब हमारे समाज के लोग भी बीएचयू और जेएनयू जैसे संस्थानों में पढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा प्रमुख का आरोप सही है। देश में ऐसे कई वाकए सामने आएं हैं जब मंदिरों में जाने से रोका गया है। यूपी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अनुसूचित व पिछड़ी जातियों और वंचितों को न्याय नहीं मिल रहा। इनके ऊपर कोई अपराध होता है तो पुलिस कार्रवाई नहीं करती। हाल ही में जारी बजट पर आजाद समाज पार्टी के मुखिया ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ के बजट में कटौती की गई है। यह ठीक नहीं है। भाजपा पर हमला बोलते हुए चंद्रशेखर ने कहा कि जिस दिन इस देश का बेरोजगार सड़क पर खड़ा हो जाएगा तो सरकार को उल्टे पैर भागना पड़ेगा। कहा कि बहुत जल्द हम लोग जातिगत जनगणना को लेकर बड़ा आंदोलन करने जा रहे हैं। प्रदेश के सभी जिलों में जाकर अपने समाज को जागरूक करेंगे। 2024 में हम लोग इतनी बड़ी संख्या में लोग खड़े करेंगे कि सरकार को उखाड़ फेकेंगे। चंद्रशेखर रविवार सुबह समर्थकों के साथ संत रविदास की जन्मस्थली सीरगोवर्धपुर पहुंचे। संत रविदास मंदिर में शीश नवाया। इसके बाद वह संत निरंजन दास से मिले और उनका आशीर्वाद लिया। चंद्रशेखर रविदास भक्तों से भी मिले और कुशलक्षेम पूछा। उन्होंने कहा कि हर साल संत के दरबार में हम हाजिरी लगाने आते हैं। आज मेला क्षेत्र में अपार जनसमूह उमड़ा है। सद्गुरू ने समतामूलक समाज की परिकल्पना की थी। उनकी जन्मस्थली में उमड़े जन सैलाब से यह पता चलता है कि समाज में अपने संतों, महापुरुषों के आदर्शों पर चलने के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

### सद्भावना एक्सप्रेस में घुसे चोर, मोबाइल व बैग चोरी कर ले गए

**शाहजहांपुर।** ट्रेनों में चोरी व छिनैती की घटनाएं बंद नहीं हो रही है। सद्भावना एक्सप्रेस में चोर घुस गए। सुल्तानपुर, छपरा समेत कई जिलों के यात्रियों के मोबाइल व बैग चोरी कर ले गए।
जिसकी प्राथमिकी सुल्तानपुर में पंजीकृत कराई गई, जो रविवार को शाहजहांपुर जीआरपी थाने के लिए स्थानांतरित कर दी गई। सुल्तानपुर जिले के लंभ्भुआ थाना क्षेत्र के पुरैना चंद्रभान गांव निवासी प्रवीन कुमार ने सुल्तानपुर जीआरपी थाने में प्राथमिकी पंजीकृत कराई थी। जिसमे उन्होंने कहा कि 30 जनवरी को वह आनंद विहार रेलवे स्टेशन से सुल्तानपुर जाने के लिए सद्भावना एक्सप्रेस के जनरल बोगी में सफर कर रहे थे। शाहजहांपुर जंक्शन पर ट्रेन पहुंचने पर मोबाइल, तीन हजार नकदी चोरी हो गई। उन्होंने जब आस-पास बैठे अन्य यात्रियों से इसके बारे में जानकारी की तो पता चला कि कई यात्रियों के मोबाइल व बैग गायब थे।



**भारत के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रडूड़ और सुप्रीम कोर्ट के अन्य जज राष्ट्रपति भवन स्थित अमृत उद्यान का रविवार को भ्रमण किया। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सहित अन्य न्यायाधीश राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के विशेष निमंत्रण पर रविवार को अमृत उद्यान का भ्रमण करने पहुंचे थे। भारत के राष्ट्रपति के ट्विटर हैंडल से रविवार को चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया और अन्य जजों की अमृत उद्यान के भ्रमण की तस्वीरें ट्वीट की गई है। ट्वीट में लिखा गया, ₹राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के विशेष निमंत्रण पर भारत के मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी. वाई. चंद्रचूड़ और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों ने राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान का दौरा किया।**

# युवक का शव मिलने से सनसनी

जनसंदेश न्यूज

**पटवध/मुबारकपुर आजमगढ़।** मुबारकपुर थाना क्षेत्र के मैगापुर गांव में छोटी नदी के किनारे एक युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मुबारकपुर थाना अंतर्गत मैगापुर गांव के पास स्थित छोटी नदी के किनारे गेहूं के खेत में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई ग्रामीणों ने इस बात की जानकारी पुलिस को दी सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष मुबारकपुर और बनकट पुलिस चैकी इंचार्ज के अलावा फील्ड यूनिट के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए और मृतक के शव की शिनाख्त में जुट गए जानकारी के मुताबिक रविवार लगभग दिन में 4 बजे दूधनाथ यादव के गेहूं के खेत में जमीन में गड़ी हुई लास मिली कुछ बच्चे वहां बकरी चराने गए तो मृतक का गड़ा हुआ शव का कुछ भाग


मौके पर जुटे प्रशासनिक अधिकारी व ग्रामीण

दिखाई दिया। जिसकी जानकारी बच्चों द्वारा ग्रामीणों को दी गई। अज्ञात युवक का शव देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस के साथ ही एसडीएम सगड़ी भी पहुंच गए पुलिस ने शव की शिनाख्त का प्रयास किया। बादमें लड़के की शिनाख्त राम पुत्र हरीनाथ उम्र लगभग 22 वर्ष ग्राम छीहीं छिछोरी थाना बिलरियागंज के रूप में हुई वह अपने भाई के ससुराल 2 फरवरी को साइकिल से मैंगापुर गया हुआ था घटना कैसे और क्यों हुई अभी उसकी जानकारी नहीं हो पाई है पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। लाश का पंचनामा बनाकर पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## सफाई के अभाव में बजबजा रही नालियां

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय ब्लाक अंतर्गत ग्राम सभा सुदनीपुर के राजस्व गांव चकनुरी के लखनऊ बलिया मार्ग के किनारे फूलपुर तहसील मुख्यालय है। परंतु तहसील मुख्यालय के सामने नाली बजबजा रही है। वहीं ब्लाक मुख्यालय उदपुर ग्राम सभा में स्थित है परंतु यहां की नालियों के जाम होने के कारण गन्दा पानी ऊपर बजबजा कर बह रहा है। यहां पर सफाई कर्मियों की तैनाती तो की गयी है लेकिन वे कभी भी सफाई आदि नहीं करते। इस सम्बंध में सहायक बिकास अधिकारी पंचायत फूलपुर चन्द्र प्रकाश दुबे ने बताया कि गांवों से कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलते ही जांच कर कार्यवाही के लिए जिला पंचागत राज अधिकारी को पत्र लिखकर रिपोर्ट दे दी जाएगी।

## जल जीवन मिशन के लिए भूमि का करें चिह्नांकन

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में शनिवार की देर सायं कलेक्ट्रेट सभागार में जन प्राथमिकता के बिंदुओं पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। जल जीवन मिशन अंतर्गत भूमि उपलब्ध कराए जाने के संबंध में अभी भी विभिन्न तहसीलों में जमीन चिन्हित कर सूची उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस पर जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम को जल्द से जल्द जमीन चिन्हित करके सूची उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के निस्तारण में जनपद की रैंकिंग 40 है, इस पर जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम को निर्देश दिए कि तहसील दिवस में जो भी शिकायतें प्राप्त होती है, उसका तत्काल गुणवत्तायुक्त निस्तारण कराएं।

उन्होंने कहा कि तहसीलदार कोर्ट, नायब तहसीलदार कोर्ट में जो भी मुकदमे लंबित हैं, उसका निस्तारण तत्काल कराएं। रियल टाइम खतौनी में जो भी प्रकरण अवशेष है, उसे पूर्ण कराएं।

# मैराथन दौड़ से कैंसर के प्रति किया जागरूक

**आयोजन**

**कैंसर पुस्तिका का हुआ विमोचन**

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** विश्व कैंसर दिवस पर त्रिभुवन सेवक कैंसर ट्रस्ट ने लोगों को कैंसर के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मैराथन दौड़ का आयोजन किया जिसमें 107 बच्चों ने प्रतिभाग किया। दौड़ को उपसीएमओ डा.संजय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसी क्रम में फन रन में 138 बालकों ने हिस्सा लिया जिसे डॉ.राजेंद्र राजपूत प्राचार्य श्री दुर्गा जी पीजी कालेज चंडेश्वर ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। डॉ.राजेश तिवारी ने ह्यराहुल तुम आगाज करो, हम तुम्हारे साथ हैंह्व के नारों से युवाओं में जोश भरा।

मैराथन दौड़ तिवारीपुर से सिधारी तिराहा, शारदा चौक, रैदोपुर तिराहा होते हुए गांधी तिराहा, कलेक्ट्रेट, पुलिस लाइन, गिरिजाघर, शारदा तिराहा होते हुए पुनः तिवारीपुर में समाप्त हुई। ड्रीम रन में प्रदीप सुदर्शन चैहान ने प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि कैंसर के विरूद्ध इस मैराथन में हिस्सा लेना मेरे लिए गर्व की बात है। आने वाले अगले मैराथन में अवसर मिला तो हम पुनः जरूर दौड़ेंगे और युवाओं को भी जोड़ेंगे।

इसी क्रम में मुख्य अतिथि डा.सजय कुमार, डा.दीपक पांडेय, राजेंद्र राजपूत, राकेश पांडेय, राजेश तिवारी, विजय शंकर पांडेय, अर्चना ने कैंसर पुस्तिका का विमोचन किया। डा.पांडेय ने बताया कि कैंसर जागरूकता व जल्द निदान में आपको यह पुस्तिका काफी मददगार साबित होगी। कार्यक्रम आयोजक राहुल पांडेय ने कहा कि इसे हर घर पहुंचाने व समुचित जानकारी देने के लिए हमें स्वयंसेवकों की आवश्यकता है। कार्यक्रम की सफलता पर स्वयं सेवकों को भी मेडल दिया गया।


मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते उप सीएमओ डा.संजय कुमार।

# अधिकारियों ने सुलझाया वर्षों से चला आ रहा जमीन विवाद

जनसंदेश न्यूज

**तरवा (आजमगढ़)।** पल्हना विकास खंड के ग्राम सभा अवनी में नागेंद्र मिश्र और भान सिंह के बीच वर्षों से चले आ रहे जमीनी विवाद को एसडीएम लालगंज और नायब तहसीलदार पंकज शाही ने सूझबूझ से सुलझा दिया।

उक्त दोनों पक्षों के बीच चक बंटवारे को लेकर वर्षों से विवाद चला आ रहा है। रविवार को एसडीएम लालगंज सुरेंद्र नाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में नायब तहसीलदार पंकज शाही और पूरी राजस्व की टीम मौके पर पहुंची और चक मार्ग को निर्धारित किया।

दोनों पक्षों ने आपसी समझौते से दिए गए फैसले को स्वीकार भी किया। नागेंद्र मिश्रा ने यह शिकायत किया था कि उनकी जमीन में बरसों पहले सड़क निर्माण का कार्य किया गया था और उसे पिच रोड कर दिया गया जिससे उनका रकबा कम हो गया। उन्होंने अपने रकबे की पूर्ति को लेकर कोर्ट कचहरी का चक्कर भी लगाया। उन्होंने भान सिंह पर आरोप लगाया कि इनका रकबा ज्यादा है। सड़क सही नहीं बनी है। उसी को सीमांकन करने के लिए एसडीएम के नेतृत्व में राजस्व की टीम मौके पर पहुंची और चक मार्ग का सीमांकन किया।


दोनों पक्षों को समझाते एसडीएम व तहसीलदार।

# वृद्धा की हत्या में दो गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना कप्तानगंज पुलिस ने खासबेगपुर में हुई वृद्धा की हत्या के मामले में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।बीते एक फरवरी को बेबी गिरी पुत्री कल्पनाथ गिरी ग्राम खासबेगपुर थाना कप्तानगंज ने लिखित तहरीर दिया था कि मेरी मां मालती गिरी पत्नी कल्पनाथ गिरि अपने घर खासबेगपुर में अकेली रहती थी जिसकी अज्ञात व्यक्ति द्वारा सिर में चोट मारकर हत्या कर दी गयी है। उक्त मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त की तलाश में थी। रविवार को मुखबीर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्तगण रोशन निषाद पुत्र बहादुर निषाद व नीरज निषाद पुत्र बलई निषाद निवासीगण ग्राम खासबेगपुर थाना कप्तानगंज को पासीपुर पुलिया से गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।


कप्तानगंज थाने में गिरफ्तार अभियुक्त।

# गंभीर बीमारियों के इलाज में सहायक है होम्योपैथ

**प्रो.राजेंद्र सिंह**

**एचएल होमियो क्लीनिक का हुआ उद्घाटन**

जनसंदेश न्यूज

**आजमगढ़।** होम्योपैथ चिकित्सा पद्धति के साथ-साथ जीवन चक्र को संचालित करने वाली एक विधा भी है। जिसमें सामाजिक सरोकारों का समावेश समाज और व्यक्तियों को निरोगी रहने का सरल और सुगम उपाय बताती है। आज के इस दौर में जब जीवन शैली का बदलाव हर दिन बीमारियों को आमंत्रित कर रहा है ऐसे में होम्योपैथ की तरफ बढ़ा हुआ कोई भी कदम सामान्य ही नहीं गंभीर बीमारियों के उपचार में भी सहायक साबित हो सकता है। उक्त बातें राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज आजमगढ़ के प्राचार्य प्रो.राजेंद्र सिंह राजपूत ने एचएल होमियो क्लीनिक के उद्घाटन अवसर पर व्यक्त की। उन्होंने डॉ.सिद्धार्थ और डॉ.ज्योति खंडेलवाल के लिए उज्जवल भविष्य की शुभकामना व्यक्त करते हुए प्रोफेशन के साथ-साथ मानवता की सेवा करने का भी संकल्प लेने का संदेश दिया। नेशनल होम्योपैथिक काउंसिल के सदस्य डॉ.भक्तवत्सल ने कहा कि होम्योपैथ वह हुनर है जो अमीरी और गरीबी का भेद मिटा देती है। उन्होंने कहा कि आने वाला वक्त इस पद्धति को और मजबूत करने के साथ-साथ लोगों को मानसिक तौर पर होम्योपैथ से जुड़ने का आवाहन करेगा। जर्नलिस्ट क्लब के अध्यक्ष आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि होम्योपैथ अब सिर्फ मीठी गोली तक सीमित नहीं रह गया है बल्कि अब इसकी पहचान उच्च गुणवत्ता वाले चिकित्सा पद्धति में हो रही है। इस मौके पर डॉ.अशोक सिंह, देवेश दुबे, डॉ.नेहा दुबे आदि मौजूद रहीं। संचालन डॉ.सीजी मौर्य ने किया।


डॉ.ज्योति खंडेलवाल को सम्मानित करतीं डा.नेहा दूबे।

## संक्षेप

### डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न

मऊ। रविवार को मऊ योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन की बैठक दो तहसीलों घोसी स्थित जेपी प्लाजा में घोसी व बडरॉव के ऑब्जर्वर अरविंद आर्य के नेतृत्व में बैठक हुई। साथ ही मधुबन के ब्लॉक संसाधन केंद्र पर दोहरीघाट व फतेहपुर मंडाव ब्लॉक की बैठक



सुरेन्द्र चैहान के नेतृत्व में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार द्विवेदी ने की। उपाध्यक्ष शैलेंद्र मिश्रा बताया की डिस्ट्रिक्ट योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा जिले में योगासन खेल को लेकर एसोसिएशन बहुत ही गंभीरता से कार्य कर रही है हम जिले से योगासन के अच्छे खिलाड़ियों को तैयार करेंगे साथ ही एसोसिएशन द्वारा उनको सभी सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। मीटिंग में विभिन्न ब्लाकों से योग और खेल से जुड़े शिक्षक उपस्थित रहे। जिसमें सचिव राजन वैदिक ने योगासन के क्षेत्र में हो रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। युवा भारत राज्य प्रभारी एवं एसोसिएशन के सदस्य बृज मोहन ने बताया कि सभी शिक्षकों को योग से जोड़कर उनको युवा भारत द्वारा योग की विधिवत ट्रेनिंग दी जाएगी। आगामी 15 फरवरी से 25 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ किया जाएगा। एसोसिएशन द्वारा बडरॉव ब्लॉक का बृजेश पांडेय को कोऑर्डिनेटर व संतोष मौर्य को सब कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया। अरविंद यादव को घोसी ब्लॉक का कोऑर्डिनेटर बनाया गया।

### ईओ साहब मच्छरों के आतंक से हम हैं परेशान

कोपागंज, मऊ। कस्बा क्षेत्रो में मच्छरों का प्रकोप काफी बढ़ गया है। शाम होते ही घरों में मच्छरों की भरमार हो जा रही है। नगर पचायत क्षेत्रों में कई महिनों से मच्छर मारने वाली दवा का छिड़काव नहीं किया गया है। लोगों की मानें तो मच्छरों के बचाव के लिए निजी इंतजाम नहीं किए जाए तो रात को सोना मुशिकल हो जाता है। मच्छरो से बचने के लिए लोग क्वाइल का प्रयोग कर रहे है ,जो स्वास्थ्य के लिए बहुत हानिकारक है। कोपागंज के लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग नाली नालो में व पानी एकत्रित हुए जगह पर दवा का छिड़काव कर दे तो क्षेत्रों से मच्छरों की संख्या काफी कम हो जाएगा। कस्बे में बने अधिकांश नालियां खुली हुई है। जिससे मच्छरो का भरमार हो जाता है। शाम होते ही घरों में मच्छर के काटने के कारण लोगों का बुरा हाल है। सरकार द्वारा मच्छरों को मारने की जिम्मेदारी नगर पचायत की है लेकिन पता नहीं वह किस विभाग के भरोसे बैठे है। ऐसे में कस्बे लोगों का खून रात-दिन मच्छर चूस रहे हैं इस कारण क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप दिन दूनी रात चैगुनी की दर से बढ़ रहा है। स्थिति ऐसी है कि कहीं पर भी कोई बैठे मच्छरों के कारण सकुन से बैठ नहीं सकता है। लेकिन मच्छरों को रोक थाम करने वाले नगर पचायत का कोई पता नहीं है। मच्छरों के प्रकोप से लोग बीमार हो रहे हैं कोई मलेरिया तो कोई अन्य मच्छर जनित बीमारियों कि चपेट में ले सकता है। कोपागंज नगर पचायत सभी लोगों ने अधिशासी अधिकारी का ध्यान आकृष्ट करते हुए दवा छिड़काव की मांग किया है।

### तीन दिन पहले हुई छिनैती मे पुलिस के हाथ खाली

**कोपागंज, मऊ।** क्षेत्र के कुथीजर्जाफरपुर निवासी आयुष सिंह से फैजुल्लाहपुर के बिते बुधवार की देर रात करीब 10 बजे दो बाइक सवार चार बदमाशों ने मारपीट कर नगदी सहित मोबाइल व अन्य सामान लूट कर फरार हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर थाना प्रभारी अमित मिश्रा पुलिस बल के साथ पहुंचे। पीड़ित ने अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी है। आयुष सिंह घोसी के मझवारा स्थित हीरो मोटर कंपनी में गाड़ी फाइनेंस का काम करता है। देर रात पैसा कलेक्ट करने के बाद वह अपने घर आ रहा था। अभी वह फैजुल्लाहपुर के पास पहुंचा था कि सड़क पर बांस लगाकर दो बाइक सवार चार बदमाशों ने उसे रोक लिया। वह अभी कुछ समझ पाता कि बदमाशों ने उसके हाथ और सिर पर डंडे से प्रहार कर दिया। इससे वह घायल हो गया। बदमाशों ने 10 हजार नकदी, 30 हजार कीमत की मोबाइल और पांच हजार की घड़ी लूट लिए। इसी दौरान कोपागंज की तरफ से गौहरपुर निवासी कीमत सिंह अपने चार पहिया वाहन से आ रहे थे। वाहन की रोशनी देख बदमाश वहां से फरार हो गए। घायल आयुष ने कीमत सिंह को पूरा घटनाक्रम बताया। इसके बाद कीमत सिंह की मोबाइल से ही डायल 112 को सूचना देकर स्वजन को इसकी जानकारी दी। देर रात पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर सामान बरामदगी की गुहार लगाई लेकिन 3 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। थाना प्रभारी अमित मिश्रा ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच चल रही है, जल्द ही मामले का पदार्फाश होगा।

## कार्यकर्ता ही पार्टी की जानः ऋषि कांत राय

**संजरपुर (आजमगढ़)।** पवई लाडपुर स्थित भाजपा कार्यालय पर रविवार की देर शाम सरायमीर भाजपा मंडल में मंडल कार्यसमिति की बैठक हुई। मुख्य अतिथि के रूप में लालगंज जिलाध्यक्ष ऋषिकांत राय व आजमगढ़ के संघ के कार्यवाहक निश्चल चंचल उपस्थित रहे। अध्यक्षता सरायमीर भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुपम पाण्डेय तथा संचालन संदीप अस्थाना ने किया। कार्यक्रम में पण्डित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर बन्दे मातरम कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ऋषि कांत राय ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की जान होता है। कार्यकर्ता के बिना सब कुछ अधूरा है। उन्होंने कहा कि पार्टी के अंदर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि पार्टी के जितनी भी पदाधिकारी हैं सभी लोग अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए लोगों से ज्यादा से ज्यादा संपर्क बनाने का काम करें। बैठक में मंडल के पदाधिकारी बूथ अध्यक्ष राम प्रकाश यादव, राम गोपाल विश्वकर्मा, शैलेश प्रजापति, बेचू यादव, एहतेशाम जैदी, नीरज मौर्या, चंद्रेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# संवेदनशील व अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों पर रखें कड़ी निगरानी

**डीएम का निर्देश**

**परीक्षा केंद्र के एक किमी की परिधि में बंद रहेंगी फोटोकापी की दुकानें**

**खेतों की तरफ न खुली हों परीक्षा कक्ष की खिड़कियां**

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की अध्यक्षता में शनिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा आयोजित वर्ष 2023 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाओं को नकल विहीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने की तैयारी के संबंध में बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम को निर्देश दिया कि जो अति संवेदनशील एवं संवेदनशील परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, उसका कड़ाई से निगरानी रखेंगे। सेक्टर में तैनात किए गए अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित विद्यालयों में बाउंड्रीवाल, वॉइस रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरा, डीवीआर के साथ लगाए गए राउटर, परीक्षा केंद्र बनाए गए अलग डबल लॉक स्ट्रांग रूम, मूलभूत व्यवस्था, विद्युत, फर्नीचर, शौचालय, पंखों की व्यवस्था की जांच कर लें, यदि कहीं कोई कमी हो तो उसको पहले ही ठीक करा लें। उन्होंने समस्त एसडीएम को निर्देश दिए कि पेपरों की हैंडलिंग संवेदनशीलता के साथ एसओपी के आधार पर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि समस्त एसडीएम एवं खंड विकास अधिकारी परीक्षा के दौरान निरीक्षण करने जाएंगे तो निरीक्षण पुस्तिका पर हस्ताक्षर, दिनांक व समय का उल्लेख अवश्य करेंगे, यदि किसी परीक्षा केंद्र पर नकल की सूचना होती है तो अनुचित साधन नकल निवारण अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही करेंगे। परीक्षा केंद्रों से एक किलोमीटर के अंदर समस्त फोटोकॉपी की दुकानें बंद रहेगी। डबल लाख स्ट्रांग रूम में कोई अधिकारी, कर्मचारी मोबाइल लेकर प्रवेश नहीं करेंगे। पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने एएसपी को निर्देश दिया कि समस्त परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कराएं, जिसमें यह सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा कक्ष की खिड़की खेतों की तरफ न खुले और बाउंड्रीवाल है कि नहीं आदि। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र पर जिस कमरे में परीक्षा नहीं चल रही होगी, उसको सील किया जाएगा। परीक्षा केंद्र के बाहर ही मोबाइल लॉक रूम बनवा लें, जिसमें कर्मचारियों का मोबाइल रखा जा सके। यदि कोई परीक्षार्थी बैग आदि सामान लेकर आते हैं, तो उसको रखवाने का स्थान सुनिश्चित करा लें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनिल कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व आजाद भगत सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी जेपी सिंह, आईएएस प्रशिक्षु प्रखर कुमार सिंह, समस्त एसडीएम, डीआईओएस, बीएसए, समझ खंड शिक्षा अधिकारी, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# रूट मार्च कर पुलिस ने दिया शांति का संदेश


माहुल बाजार में रूट मार्च करती पुलिस।

**माहुल (आजमगढ़)।** संत रविदास जयंती पर रविवार को शांति और सौहार्द बनाए रखने हेतु क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। प्रभारी निरीक्षक अहरौला के नेतृत्व में पुलिस और पीएसी बल ने क्षेत्र की माहुल, निजामपुर, फुलवरिया आदि बाजारों में रूटमार्च कर शांति और सुरक्षा का संदेश दिया।

रविदास जयंती के अवसर पर एक तरफ जहा क्षेत्र के विभिन्न गावों में सुबह से ही पुलिस बल की तैनाती रही। वहीं दोपहर को पुलिस और पीएसी बल द्वारा बाजारों में किए गए रूट मार्च से हड़कंप की स्थिति रही। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक अहरौला योगेंद्र बहादुर सिंह ने जनता को संदेश देते हुए कहा कि जयंती को पूरे उत्साह और निडरता के साथ मनाने में पुलिस जनता के साथ खड़ी है। इसमें किसी भी प्रकार की खलल बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस मौके पर सब इंस्पेक्टर धनराज सिंह, अभय सिंह, अक्षय कुमार, सुनील कुमार, सतेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

# बैंड बाजे के साथ निकली कलश यात्रा

**मऊ।** नगर के तमसा तट के हनुमान घाट पर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर के स्थापना समारोह को भव्य बनाने के लिए मंदिर परिसर से रविवार को प्रातः 8 बजे से 151 महिलाओं द्वारा पंचांग पूजन व मंडप पूजन के पश्चात कलश यात्रा सज धज कर बैंड बाजा के साथ श्री हनुमान घाट से भजन कीर्तन व मंगल गीत गाते हुए धूम धाम से। टीसी आई मोड़ होते हुए आर्य समाज होकर बल्ली पुरा मोड़ से डीएवी बालिका विद्यालय होते हुए बंधा मार्ग से पुनः मंदिर तक जाकर मंडप पूजन किया गया। कलश यात्रा का नेतृत्व श्री सालासर भक्त मंडल तथा श्री हनुमत कृपा सेवा समिति तथा श्री सुंदर काण्ड पाठ परिवार के विजय तुलस्यान, दिनेश बरनवाल, डा राम गोपाल, रवि प्रकाश बरनवाल, आनंद गुप्ता व मंदिर समिति के प्रमुख कैलाश चंद जायसवाल के अगुआई में पूरा मोहल्ला का परिक्रमा किया। पूरे रास्ते हनुमान जी महाराज श्री लक्ष्मी नारायण जी श्री शीतला माता श्री दुर्गा श्री काली माता का जयकारा लगाते हुए हर हर महादेव का नारा लगाते चल रहे थे।



सबसे आगे मुख्य यजमान अंकित बरनवाल आशीष उमर प्रेम वर्मा दीपक जायसवाल आदि कलश व पुराण सिर पर धारण कर चलते हुए अदभुत शोभा बढ़ा रहे थे। स्थापना समारोह 12 फरवरी तक मनाया जाएगा। जिसमे आगामी 8 फरवरी को मूर्ति का नगर भ्रमण तथा मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा व 12 फरवरी को विशाल भंडारा और प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस अनंतर प्रति दिन सायंकाल अयोध्या धाम से आए हुए पूज्य किशोरी शरण जी महाराज द्वारा श्री राम कथा का श्रवण कराया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से योगेंद्र मौर्य, मनीष कुशवाहा, रवि प्रकाश, आनंद गुप्ता, अभिषेक शर्मा, पंचानन वर्मा, संजू सिंह, आशुतोष ओमर, दीपक जायसवाल, मनोज जायसवाल, ओम प्रकाश साहनी, सत्यजीत राय, रवि चैरसिया, अनिल शर्मा, दीपू बरनवाल, संजीव मद्धेशिया, तरुण कुमार, ओम प्रकाश पांडेय, मनोज जायसवाल, अजय गुप्ता समेत हजारों भक्त गण मौजूद रहे।

# न्याय पाने के लिए पत्रकारों ने बैठक कर बनाई रणनीति

**मऊ।** नगर क्षेत्र के एक प्लाजा में मऊ के पत्रकारों ने रविवार को दोपहर दो बजे एक बैठक की, जिसमें पत्रकारों के ऊपर हो रहे हमले एवं लग रहे फर्जी मुकदमों पर चर्चा की गई। बताते चलें विगत दिनों जिला चिकित्सालय मऊ के इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी से नदारद डॉक्टर सौरभ त्रिपाठी ने न सिर्फ पत्रकार की मोबाइल तोड़ दी थी बल्कि मारा, मोबाइल छीना और उल्टे पत्रकार के ऊपर ही फर्जी मुकदमा करा दिया। जिसके बाबत पत्रकार लगातार पुलिस एवं प्रशासन से लेकर सरकार तक अपनी मांग सोशल प्लेटफॉर्म एवं खबरों के अन्य माध्यम से पहुंचा रहे थे तथा मिलकर न्याय की गुहार लगा रहे थे। परंतु शासन प्रशासन द्वारा अब तक इस मामले पर कोई प्रभावी एवं संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गई उल्टे मऊ पुलिस द्वारा पत्रकार के ऊपर न सिर्फ फर्जी मुकदमा पंजीकृत किया गया बल्कि दोषी डॉक्टर को बचाते हुए डाक्टर के ऊपर लगे गंभीर धारा को बिना जांच कराए और पीड़ित पत्रकार अमित चैहान का बयान लिए धारा कम कर दी गई। इतना ही नहीं डॉक्टरों का एक प्रतिनिधिमंडल जब जिला अस्पताल में तैनात और पत्रकार पर हमले का आरोपी सौरभ त्रिपाठी को लेकर पुलिस अधीक्षक मऊ से मिला तो पुलिस प्रशासन बकाएदे उनकी फोटो खींचकर पुलिस मऊ के सरकारी ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया तथा उन्हें मेडिकल प्रोटेक्शन एक्ट के तहत कानूनी सुरक्षा देने की बात कही। लेकिन पुलिस ने जो चिकित्सक समय चिकित्सा सेवा में नहीं था और पत्रकार का मोबाइल छीना और हेलमेट चलाकर मारा उस पर मऊ जिले की पुलिस ने ट्विटर पर कुछ भी कहना मुनासिब नहीं समझा तथा पुलिस मीडिया ग्रुप पर प्रचारित कर पत्रकारों को नीचा दिखाने का काम किया गया, जिसका सभी पत्रकारों ने एक स्वर में पुलिस की इस भूमिका पर विरोध व्यक्त किया। जिससे आहत पत्रकारों ने विगत 4 फरवरी को पुलिस अधीक्षक की प्रेस वार्ता का बहिष्कार कर दिया था। तथा रविवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष हरिद्वार राय की अध्यक्षता में एक बैठक कर आगामी रणनीति बनाई। ज्ञात हो कि इस मामले में कुछ पत्रकारों को पुलिस द्वारा सूचना दी गई कि पुलिस अधीक्षक महोदय पत्रकारों से मिलकर भी वार्ता करना चाह रहे हैं। जिसके क्रम में यह तय हुआ कि दिनांक 7 फरवरी दिन मंगलवार को 10 सदस्यीय पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक मऊ से मिलेगा तथा आगे की जो भी रणनीति होगी उसी दिन उस पर विचार किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता करते हुए हरिद्वार राय ने कहा कि आगामी समय में पत्रकारों को भी अपनी मयार्दा में रहने के लिए एक फोरम बनाया जाएगा तथा पत्रकारों के हित, सुरक्षा एवं सम्मान के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के सम्मान पर चोट पहुंचाने वालों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस बैठक में मुख्य रूप से नागेंद्र राय, वेद मिश्रा, रजनीकांत पांडेय, संजय राय, ब्रह्मानंद पान्डेय, सूर्यकांत त्रिपाठी, आशुतोष चतुवेर्दी, आनन्द कुमार, श्री राम जयसवाल, दुर्गाकिंकर सिंह, विनोद सिंह राहुल सिंह, हरिओम राय, रामनरेश पाण्डेय आदि मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स

## अपने रंग में लौट आया है भारत का यह गेंदबाज, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ साबित हो सकता है एक्स-फैक्टर

**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 9 फरवरी से चार टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मैच नागपुर में खेला जाएगा। ऐसे में भारत के चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के एक्स-फैक्टर बन सकते हैं। सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद, कुलदीप यादव को पिछले कुछ वर्षों में अलग-अलग कारणों से टीम में शामिल नहीं हो पाए थे, लेकिन उन्होंने दमदार वापसी की है। गौरतलब हो कि 2019 में सिडनी में 5 विकेट लेने के बाद तत्कालीन मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कुलदीप को विदेशी सरजमीं पर भारत का नंबर 1 स्पिनर करार दिया था, लेकिन इसके बाद उन्हें नियमित मौके नहीं मिले। बार-बार चोटिल होने से उनका आत्मविश्वास कम हो गया था। इस दौरान उनका खराब फॉर्म भी जारी रहा।





## भारतीय महिला टीम का फोकस आईसीसी ट्रॉफी पर, हरमनप्रीत कौर बोलीं- अंडर-19 विश्व कप देखने के बाद मिली प्रेरणा

### भारतीय टीम का फोकस पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के पहले मैच पर है जिसमें वे अंडर 19 टीम की सफलता को दोहराना चाहेंगे

**केपटाउन।** महिला प्रीमियर लीग के लिए नीलामी होने वाली है लेकिन भारतीय टीम का फोकस पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप के पहले मैच पर है जिसमें वे अंडर 19 टीम की सफलता को दोहराना चाहेंगे। महिला आईपीएल के लिए नीलामी 13 फरवरी को मुंबई में है, जबकि भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप का मैच 12 फरवरी को यहां होगा। हरमनप्रीत कौर ने टी20 विश्व कप कप्तानों की प्रेस कांफ्रेंस में कहा, नीलामी से पहले हमें काफी महत्वपूर्ण मैच खेलना है और हमारा फोकस उसी पर है। उन्होंने कहा, यह विश्व कप सबसे महत्वपूर्ण है। हमारा फोकस आईसीसी ट्रॉफी पर है। ये सब चीजें चलती रहती है और एक खिलाड़ी को पता होता है कि उसके लिए क्या अहम है और उसे फोकस कैसे बनाये रखना है। उन्होंने कहा, हम इतने परिपक्व हैं कि हमें पता है कि हमारे लिए क्या अहम है। शेफाली वर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने पिछले महीने पहला अंडर 19 विश्व कप जीता। सीनियर टीम भी इस सफलता को दोहराना चाहती है । हरमनप्रीत ने कहा, अंडर 19 विश्व कप देखने के बाद हमें प्रेरणा मिली है। उन्होंने हमें अच्छे प्रदर्शन के लिये प्रेरित किया है । हम सभी के लिये यह खास पल था और उनकी इस कामयाबी से कई लड़कियों को क्रिकेट खेलने की प्रेरणा मिलेगी जो हमेशा से हमारा लक्ष्य था। भारतीय कप्तान ने उम्मीद जताई कि महिला आईपीएल भारत में महिला क्रिकेट के विकास में उसी तरह योगदान देगा जैसे महिला बिग बैश या द हंड्रेड ने आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में दिया है। उन्होंने कहा, हमारे लिए यह बड़ा दिन है क्योंकि हम बरसों से इसका इंतजार कर रहे थे। अगले दो तीन महीने काफी महत्वपूर्ण है । हमने देखा है कि महिला बिग बैश लीग और द हंड्रेड ने कैसे उन देशों में महिला क्रिकेट के विकास में मदद की है । उम्मीद है कि ऐसा हमारे देश में भी होगा। किया सुपर लीग, महिला बिग बैश लीग, द हंड्रेड खेल चुकी हरमनप्रीत ने कहा, अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलना अलग तरह का अनुभव है । मुझे जब यह मौका मिला तो यह जीवन बदलने जैसा था । दूसरी लड़कियां भी इसे महसूस कर सकेंगी । यह अपने खेल को बेहतर बनाने का सुनहरा मौका होगा। न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डेवाइन और ऑस्ट्रेलिया की कप्तान मैग लानिंग का मानना है कि टी20 विश्व कप के दौरान नीलामी होना अजीब है । डेवाइन ने कहा कि खिलाड़ियों का ध्यान इस पर से हटाना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा, यह अजीब होगा। कुछ खिलाड़ी चुने जायेंगे और कुछ नहीं। आपको अपनी कीमत का पता चलेगा जो अजीब सा है लेकिन यह भी एक काम है और हमने भी अपने नाम लीग के लिये दिये हैं। उन्होंने कहा, यह अनूठा अनुभव है। लेकिन यह सही है कि इससे ध्यान भटकेगा लेकिन हमें फोकस रखना होगा । महिला क्रिकेट के लिए यह बड़ा पल है और मुझे इसका इंतजार है। ऑस्ट्रेलिया की पूरी 15 सदस्यीय टीम ने लीग के लिये नाम दिया है। हर टीम में सात विदेशी खिलाड़ी होंगे जिनमें से एक सहयोगी देश का होगा।

## आशु ने जीता कांस्य, अन्य पहलवानों ने किया निराश

**जगरेब।** एशियाई चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आशु ने रविवार को यहां जगरेब ओपन रैंकिंग सीरीज के समापन के दिन ग्रीको रोमन वर्ग में भारत के लिए 67 किग्रा में कांस्य पदक जीता। इस 23 साल के पहलवान ने लिथुआनिया के एडोमास ग्रिगलियुनास को 5-0 से हराकर भारत की तालिका में दूसरा कांस्य जोड़ा। फ्रीस्टाइल वर्ग में अंडर-23 विश्व चैंपियन पहलवान अमन सहरावत ने प्रतियोगिता के शुरूआती दिन पुरुषों की 57 किग्रा में कांस्य जीता था। आशु को क्वालीफिकेशन दौर में ईरान के रेजा महदी अब्बासी ने 9-0 से हराया था उन्होंने रेपेशाज दौर में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने हंगरी के एडम फोइलेक को 8-0 से हराने के बाद नॉर्वे के हावर्ड जोर्जेंसन को 9-0 से पटखनी देकर कांस्य पदक दौर में अपनी जगह पक्की की। भारतीय पहलवान ने पहले पीरियड में तीन और दूसरे पीरियड में दो अंक जुटाए जिसके बाद सभी जज ने उन्हें ह्यविन बाई डिसिजनह्न घोषित किया। ग्रीको-रोमन वर्ग में हालांकि सागर (63 किग्रा) को रेपेशाज दौर में ऑस्ट्रिया के अकेर सस्मिड अल ओबैदी ये हार का सामना करना पड़ा। उन्हें यह मौका क्वार्टर फाइनल के प्रतिद्वंद्वी ईरान के आरीफ हुसैन खौन मोहम्मदी के फाइनल में पहुंचने पर मिला था।



## झूलन गोस्वामी बनीं मुंबई इंडियंस महिला टीम की मेंटोर, चार्लोट एडवर्ड्स मुख्य कोच नियुक्त

### भारत की पूर्व हरफनमौला देविका पल्शिकर बल्लेबाजी कोच होंगी

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से हाल ही में संन्यास लेने वाली दिग्गज गेंदबाज झूलन गोस्वामी को मुंबई इंडियंस ने आगामी महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरूआती सत्र के लिए टीम का मेंटोर (मार्गदर्शक) और गेंदबाजी कोच की दोहरी भूमिका सौंपी है। इंग्लैंड की महिला टीम की पूर्व कप्तान और महिला वनडे और टेस्ट में दूसरी सबसे ज्यादा रन बनाने वाली चार्लोट एडवर्ड्स को मार्च में होने वाले उद्घाटन सत्र के लिए फ्रेंचाइजी का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। भारत की पूर्व हरफनमौला देविका पल्शिकर बल्लेबाजी कोच होंगी, जबकि तृप्ति चंदगडकर भट्टाचार्य टीम मैनेजर होंगी। इंग्लैंड के खिलाफ भारतीय टीम की श्रृंखला के बाद पिछले साल संन्यास लेने वाली 'पद्म श्री' झूलन के नाम दो दशकों से अधिक के करियर में 350 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विकेट हैं। वह महिला वनडे में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज हैं। महिला वनडे विश्व कप के इतिहास में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड भी उनके नाम दर्ज है। झूलन जनवरी 2016 में आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) महिला एकदिवसीय गेंदबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंची थी। संन्यास के बाद वह वह बंगाल की महिला टीम का मार्गदर्शन कर रही है। एडवर्ड का करियर भी लगभग दो दशक का रहा है। उनकी कप्तानी में इंग्लैंड ने एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय विश्व कप खिताब जीता है। संन्यास के बाद 43 साल की यह खिलाड़ी इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया में कई टीम के साथ कोच के तौर पर काम कर चुकी है। वह आईसीसी के 'हॉल ऑफ फेम' में भी शामिल है। देविका दायें हाथ की बल्लेबाज और लेग स्पिन गेंदबाज रह चुकी है। वह 2014 से 2016 तक भारतीय महिला टीम की सहायक कोच थी। वह बांग्लादेश महिला टीम की भी सहायक कोच रह चुकी है। उनके कार्यकाल के दौरान बांग्लादेश ने 2018 में एशिया कप का खिताब जीता था। मुंबई इंडियन्स इंडियन प्रीमियर लीग की सबसे सफल टीम है। इस समूह ने हाल ही में डब्ल्यूपीएल के लिए मुंबई महिला टीम की फ्रेंचाइजी 912.99 करोड़ रुपये में खरीदी है।



## मुश्किल में फंसे कांबली वाइफ को पीटा, केस दर्ज

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने नशे की हालत में पत्नी को कथित रूप से पीटने और अपशब्द कहने के आरोप में भारत के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को हुई इस घटना के सिलसिले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। कांबली की पत्नी एंड्रिया ने आरोप लगाया है कि कांबली ने उन पर खाना पकाने का बर्तन फेंक दिया था जिससे उनके सिर में चोट आई है। यह घटना शुक्रवार को दोपहर एक से डेढ बजे के बीच है जब कांबली बांद्रा स्थित अपने घर पर नशे की हालत में पहुंचे और पत्नी को अपशब्द कहने शुरू कर दिये। अधिकारी ने बताया कि उनकी पत्नी ने शिकायत में कहा है कि उनका बारह वर्ष का बेटा भी उस समय मौजूद था जिसने बीच बचाव की कोशिश की लेकिन कांबली ने रसोई में जाकर टूटा हुआ फ्राइंग पैन उठाया और अपनी पत्नी को मारा जिससे उसे चोट आई है। बाद में कांबली की पत्नी जांच के लिये भाभा अस्पताल गई । उनकी शिकायत के आधार पर पुलिस ने कांबली के खिलाफ आईपीसी की धारा 324 और 504 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। मामले की जांच चल रही है।



## नवाब अकबर बुगती स्टेडियम के करीब विस्फोट, बाबर आजम और शाहिद अफरीदी को सुरक्षित जगह ले जाया गया

**क्वेटा।** कप्तान बाबर आजम और शाहिद अफरीदी सहित शीर्ष पाकिस्तानी क्रिकेटरों को नवाब अकबर बुगती स्टेडियम से कुछ मील की दूरी पर रविवार को हुए आतंकी हमले के बाद सुरक्षा के लिए ड्रेसिंग रूम में ले जाया गया। ये खिलाड़ी पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) का एक प्रदर्शनी मैच खेल रहे थे जिसे इस धमाके के बाद कुछ देर के लिये रोक दिया गया। यह विस्फोट पुलिस लाइंस क्षेत्र में हुआ जिसमें पांच लोग घायल हो गये। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि बचाव कार्य पूरा हो गया है और घायलों को अस्पताल पहुंचा दिया गया। तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने रविवार को एक बयान में इस हमले की जिम्मेदारी ली है जिसमें कहा गया कि सुरक्षा अधिकारियों को निशाना बनाया गया था। पीएसएल की टीम क्वेटा ग्लैडिएटर्स और पेशावर जाल्मी के बीच एक प्रदर्शनी मैच पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा आयोजित किया गया था। पुलिस अधिकारी ने कहा, जैसे ही धमाका हुआ, ऐहतियात के तौर पर मैच रोक दिया गया और खिलाड़ियों को कुछ देर के लिये ड्रेसिंग रूम में ले जाया गया। बाद में मैच बहाल हो गया। मैच के लिये मैदान खचाखच भरा था।



## पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की धमकी, एशिया कप का वेन्यू बदला तो वनडे वर्ल्ड कप नहीं खेलेंगे

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान को भारतीय क्रिकेट से बड़ा झटका लगा है। एशियन क्रिकेट काउंसिल की बैठक में भारत ने साफ कर दिया है कि वह एशिया कप 2023 खेलने के लिए पाकिस्तान का दौरा नहीं करेंगे। बीसीसीआई और पीसीबी के बीच हुए इस बवाल के बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम अब वनडे वर्ल्ड कप 2023 से हटने की तैयारी कर रही है। पाकिस्तान की मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 'पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड एशियन क्रिकेट काउंसिल के इस फैसले से खुश नहीं है और उसने धमकी दी है कि यदि एशिया कप 2023 पाकिस्तान से बाहर न्यूट्रल वेन्यू पर शिफ्ट किया गया तो अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में वह हिस्सा नहीं लेगा। हालांकि, एशिया कप 2023 कहां आयोजित किया जाएगा, इसको लेकर आखिरी फैसला मार्च में होने वाले एसीसी और आईसीसी के बीच बैठक के बाद लिया जाएगा। लेकिन भारत के विरोध के बाद एशिया कप को यूएई शिफ्ट करने की तैयारी चल रही है। हाल ही में कतर ने फीफा वर्ल्ड कप होस्ट किया था। गौरतलब है कि बीसीसीआई सचिव जय शाह द्वारा एशियन क्रिकेट काउंसिल की बैठक में साफ कहा गया कि टीम इंडिया के खिलाड़ी पाकिस्तान ट्रैवल नहीं करेंगे। बीसीसीआई ऐसा फैसला सुरक्षा के मद्देनजर कर रहा है। एशिया कप 2023 की मेजबानी पाकिस्तान को देने या न देने का फैसला एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) मार्च में कर सकता है। उल्लेखनीय है कि 2009 में श्रीलंका क्रिकेट टीम की बस पर हुए हमले के बाद लंबे समय तक किसी देश ने पाकिस्तान का दौरा नहीं किया, हालांकि पिछले तीन सालों से एशियाई देश अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की मेजबानी कर रहा है। इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड सहित कई टीमों ने पाकिस्तान का दौरा किया है मगर इस सूची में भारत का नाम शामिल नहीं है। दोनों देशों के बीच खराब संबंध होने के कारण भारत और पाकिस्तान की टीमों ने करीब एक दशक से कोई द्विपक्षीय श्रृंखला भी नहीं खेली है।

## जब धोनी की जुल्फों के दीवाने हो गए थे परवेज मुशर्रफ, दी थी ये सलाह

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ का 79 साल की उम्र में दुबई के एक अस्पताल में निधन हो गया है। वो लंबे वक्त से बीमार चल रहे थे। मुशर्रफ को क्रिकेट का काफी शौक था। उनका एक वीडियो काफी वायरल हुआ था। जब 2005-06 में भारतीय क्रिकेट टीम पाकिस्तान दौरे पर गई थी, तब परवेज मुशर्रफ पाकिस्तान के राष्ट्रपति थे। उस समय वनडे सीरीज का तीसरा मैच के गद्दाफी स्टेडियम में खेला गया था। जो महेंद्र सिंह धोनी की तूफानी पारी की वजह से भारत लाहौर वनडे पांच विकेट से जीता था। इस मैच के बाद पूर्व राष्ट्रपति मुशर्रफ ने टीम इंडिया को सीरीज जीत के साथ ही धोनी को स्पेशल पारी के लिए बधाई दी थी और माही को कभी न बाल कटवाने की सलाह दी थी। तब मुशर्रफ ने धोनी की तारीफ करते हुए कहा था, मैंने मैदान पर कई पोस्टर देखे, जिसमें आपको हेयरकट की सलाह दी गई है। लेकिन, आप अगर मेरी राय मानेंगे तो आपको बाल नहीं कटवाने चाहिए। क्योंकि आप इस हेयर स्टाइल में काफी अच्छे लगते हैं। यह सुनकर धोनी भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए थे। ऐसे में मुशर्रफ धोनी का जिक्र करते हुए भारतीय कप्तान सौरव गांगुली से पूछ ही बैठे थे कि, 'इसे कहां से लाएं हो?' गांगुली ने कहा था, 'वाघा बॉर्डर के पास घूम रहा था, वहीं से अंदर खींच लिया।'



## टी20 विश्व कप में भारत की जीत काफी हद तक शीर्ष क्रम पर निर्भर होगी : मिताली राज

### *उन्होंने कहा, हरमनप्रीत कौर भी अच्छी फॉर्म में दिख रही है लेकिन हमें आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को हराने के लिए अन्य बल्लेबाजों के भी रन बनाने की जरूरत है*



**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान मिताली राज को लगता है कि महिला टी20 विश्व कप में भारत की जीत काफी हद तक शीर्ष क्रम की फॉर्म पर निर्भर होगी। इस महान बल्लेबाज ने साथ ही कहा कि भारतीय गेंदबाजों को दक्षिण अफ्रीका में शुक्रवार से शुरू हो रहे टूनार्मेंट में मुश्किल भरी परिस्थितियों में काफी सुधार दिखाना होगा। मिताली ने आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) में अपने कॉलम में लिखा, भारत की उम्मीदें काफी हद तक शीर्ष क्रम पर निर्भर होंगी। स्मृति मंधाना अच्छा खेल रही है और मैच विजेता है। उन्होंने कहा, हरमनप्रीत कौर भी अच्छी फॉर्म में दिख रही है लेकिन हमें आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड को हराने के लिये अन्य बल्लेबाजों के भी रन बनाने की जरूरत है। भारतीय टीम 12 फरवरी को केपटाउन में टूनार्मेंट के शुरूआती मैच में पाकिस्तान से भिड़ेगी। टीम दक्षिण अफ्रीका में खेल रही है और हाल में त्रिकोणीय श्रृंखला में उप विजेता रही जिसमें मेजबान दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज भी शामिल थे। अनुभवी शिखा पांडे को छोड़कर भारतीय टीम की तेज गेंदबाजी इकाई इतनी अनुभवी नहीं होगी। मिताली ने कहा, गेंदबाजी की परीक्षा होगी और आपको यहीं सुधार की जरूरत है। उन्हें साथ ही उम्मीद है कि अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम की सदस्य शेफाली वर्मा और ऋचा घोष उसी अनुभव का इस्तेमाल करेंगी जो उन्होंने इस आयु ग्रुप के टूनार्मेंट में ऐसी ही परिस्थितियों में खेलते हुए हासिल किया था। मिताली की राय में गत चैम्पियन आस्ट्रेलिया का शानदार बल्लेबाजी विभाग उन्हें खिताब जीतने का प्रबल दावेदार बनाता है जो छठी बार ट्राफी जीतने की कोशिश में जुटी है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हर कोई सहमत होगा कि आस्ट्रेलिया प्रबल दावेदार है और वह दावेदार बनने का हकदार भी है। मुझे कड़े और प्रतिस्पर्धी मैचों की उम्मीद है। उन्हें हराना इतना मुश्किल है क्योंकि उनकी बल्लेबाजी में काफी गहराई है और उनका बल्लेबाजी लाइन अप भी शानदार है। हालांकि मिताली को यह भी लगता है कि आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है। उन्होंने कहा, हमने हाल में देखा कि जब उन्होंने भारत का दौरा किया था तो यह श्रृंखला काफी प्रतिस्पर्धी रही थी। उन्होंने कहा, ऑस्ट्रेलिया निश्चित रूप से प्रबल दावेदार है, हमने भारत और इंग्लैंड को टूनार्मेंट के नॉकआउट चरण में अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलते हुए देखा है इसलिये मैं उन्हें हल्के में नहीं लूंगा। वैसे आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

## इंडिया VS आस्ट्रेलिया : ऑस्ट्रेलियाई टीम को झटका पहले टेस्ट से बाहर हुए जोश हेजलवुड

**नई दिल्ली।** चोट से उबर रहे ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड भारत के खिलाफ नागपुर में नौ फरवरी से शुरू हो रहा पहला टेस्ट नहीं खेल सकेंगे और दिल्ली में होने वाले दूसरे टेस्ट में भी उनका खेलना तय नहीं है। 32 वर्ष के हेजलवुड को पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वषार्बाधित टेस्ट में बायें पैर में चोट लगी थी। ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क भी पहले टेस्ट से बाहर हो चुके हैं। यह दोनों बॉलर ही ऑस्ट्रेलिया की तेज गेंदबाजी की रीढ़ माने जाते हैं, ऐसे में इन दिनों का अब नहीं होना एक बड़ा संकट हो सकता है। हेजलवुड ने बेंगलुरू के केएससीए स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के आखिरी अभ्यास सत्र के बाद क्रिकबज से कहा, पहले टेस्ट के बारे में नहीं कह सकता। अभी उसमें कुछ ही दिन बचे हैं। उसके बाद दूसरे टेस्ट में भी ज्यादा समय नहीं है। देखते हैं। हेजलवुड के नहीं खेलने पर स्कॉट बोलैंड को मौका मिल सकता है। मिशेल स्टार्क पहले ही ऊंगली की चोट के कारण पहले टेस्ट से बाहर हैं।



'अभी पूरी तरह से रिकवर नहीं हो सका हूं'

हेजलवुड ने कहा, अभी कार्यभार प्रबंधन अहम है। मैं थोड़ा बहुत अभ्यास कर पा रहा हूं। अभी पूरी तरह से रिकवर नहीं हो सका हूं। एक बार में एक टेस्ट ही खेल पाना निराशाजनक है। वेस्टइंडीज के खिलाफ भी वह एक ही टेस्ट खेल सके थे और फिर चोटिल हो गए थे। चोटों के बावजूद उनकी प्राथमिकता टेस्ट क्रिकेट है चूंकि आस्ट्रेलिया का विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल खेलना तय है और उसके अलावा एशेज श्रृंखला भी है। उन्होंने कहा, मेरी सोच नहीं बदली है। मैं मैच दर मैच सोचता हूं। यह बड़ा और लंबा दौरा है और हमें चार टेस्ट खेलने हैं। इसके अलावा एशेज भी खेलना है। ऑस्ट्रेलिया का भारत दौरा (टेस्ट सीरीज शेड्यूल)-पहला टेस्ट- 9 से 13 फरवरी, नागपुर, दूसरा टेस्ट- 17 से 21 फरवरी, दिल्ली, तीसरा टेस्ट- 1 से 5 मार्च, धर्मशाला चौथा टेस्ट- 9 से 13 मार्च, अहमदाबाद।

# पुलिस मुठभेड़ में बावरिया गिरोह के दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

**जौनपुर।** थाना लाइन बाजार, स्वाट व सर्विलांस की संयुक्त टीम ने एक मुठभेड़ में बावरिया गिरोह के दो सदस्यों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर उनके पास से असलहा मोटरसाइकिल एवं लूट के सामान आदि बरामद किया। मुठभेड़ के दौरान

**सफलता**

### एक बदमाश को लगी गोली, लूट का सामान व नकदी बरामद

एक बदमाश को पैर में गोली भी लगी है जिसे उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार नवागत पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा द्वारा बीती रात्रि अपराध गोष्ठी के दौरान जनपद को भयमुक्त शांत व सुरक्षित बनाने हेतु अवगत कराया गया था। उसी के क्रम में अपराध के प्रभावी



अस्पताल में उपचारार्थ पुलिस मुठभेड़ में घायल बदमाश

नियंत्रण व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए गए अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक लाइन बाजार मय हमराह नगर के प्रसाद तिराहे पर अपराध नियत्रण हेतु सदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग कर रहे थे उसी समय प्रभारी एसओजी, प्रभारी सर्विलांस मय टीम वहां पहुंच गये। मुखबिर खास से सूचना मिली की बावरिया गिरोह के बदमाश बलिया से आजमगढ़ के रास्ते होते हुए मड़ियाहूं जायेंगे। इस सूचना पर पुलिस टीम प्रसाद तिराहे पर सघन चेकिंग करने लगी। कुछ देर बाद एक मोटरसाइकिल पर दो की संख्या में सवार व्यक्ति आजमगढ़ से जौनपुर की ओर आते हुए दिखाई दिये जिन्हे रूकने का इशारा किया गया तो बदमाश अपनी मोटरसाइकिल तेजी से चलाते हुए चौकियाधाम जाने वाले रास्ते की तरफ मुड़ गये। मोटरसाइकिल पर बैठा पीछे वाला व्यक्ति जान से मारने की नियत से दो राउण्ड फायर किया। एक गोली प्र.नि. लाइन बाजार के बुलेट फ्रूफ जैकेट पर लगी तथा एक गोली स्वाट टीम के हे.का. गोविन्द तिवारी के दाहिने हाथ को छूते हुए निकल गयी। पुलिस टीम द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया तो बदमाश भगौतीपुर गाँव की ओर जाने वाले रास्ते पर मुड़ गये तथा रास्ता खराब होने के कारण कुछ दूर जाने पर मोटर साइकिल फिसल गयी। आत्मरक्षार्थ चेतावनी देते हुए पुलिस टीम द्वारा फायर किया गया जिससे बदमाश घायल होकर गिरे पड़े। घायल बदमाशों से नाम पता पूछा गया तो अपना नाम सोमपाल बावरिया पुत्र मुंशी निवासी अहदमगढ़ सोनारदार थाना झिंनझाना जनपद शामली व दूसरे ने अपना नाम विक्की पुत्र कालू राम निवासी खानपुर कला थाना झिंनझाना जनपद शामली बताया। उनके पास से तमंचा कारतूस, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, लूट की चैन व चैन बिक्री की नकदी बरामद हुई। घायल बदमाशों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर अभियुक्तों के विरुद्ध मुंकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में आदेश कुमार त्यागी प्रभारी निरीक्षक थाना लाइन बाजार, जयप्रकाश यादव निरीक्षक अपराध थाना लाइनबाजार, चन्दन कुमार राय प्रभारी चौकी चौकिया धाम थाना, उ.नि. धीरेन्द्र कुमार सोनकर, रामजनम यादव प्रभारी सर्विलॉस, मनोज कुमार सिंह प्रभारी एसओजी व हमराहीगण शामिल रहे।

# सूर्यबली व मो. हसन पीजी कॉलेज का फाइनल में प्रवेश

**खेल**

### 12 फरवरी को दोनों में होगा फाइनल का मुकाबला

**करंजाकला।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के स्थित एकलव्य स्टेडियम में महाविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में दो सेमीफाइनल मैच खेले गए जिसमें पहला सेमीफाइनल मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज और टीडीपीजी कॉलेजके बीच खेला गया जिसमें मो. हसन पीजी कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट गिराकर 141 रन बनाए जिसमें अनुज सिंह ने 52 गेंद पर 74 रन एवं आशीष ने 42 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में टीडीपीजी कालेज की तरफ से मिलन यादव ने 4 ओवर में 15 रन देकर 6 विकेट एवं अखिल ने 4 ओवर में 26 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीडीपीजी कालेज ने 17 ओवर में सभी विकेट खोकर 99 रन ही बना सकी, जिसमें शशांक पाण्डेय 24 गेंद पर 18 रन, अखिल ने 19 गेंद पर 17 का योगदान रहा। गेंदबाजी में मो. हसन पीजी कालेज की तरफ से शशांक ने 4 ओवर में 22 रन देकर 4 विकेट एवं किशन सिंह ने 4 ओवर में 24 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किये। मो. हसन पीजी कालेज ने 42 रन से मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरा सेमीफाइनल मैच पीजी कालेज गाजीपुर एवं सूर्यबली यादव महाविद्यालय देवकली के बीच खेला गया जिसमें पीजी कालेज गाजीपुर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 93 रन बनाए, जिसमें सौरभ त्रिपाठी ने 36 गेंदों पर 26 रन, अजय कुमार चौधरी ने 12 गेंद पर 21 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में सूर्यबली यादव महाविद्यालय देवकली के हर्ष शर्मा ने 4 ओवर 29 रन देकर 4 विकेट एवं अंकित ने 3 ओवर में 9 रन देकर 3 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सूर्यबली यादव महाविद्यालय ने 9 विकेट खोकर 93 रन ही बना पायी जिसमें मुदस्सिर खान ने 36 गेद पर 41 रन तथा आयुष ने 19 गेंद पर 17 रनों का योगदान दिया। गेंदबाजी में पीजी कालेज, गाजीपुर की तरफ से निकेश कुमार यादव ने 3 ओवर में 10 रन देकर 3 विकेट, शशांक पाण्डेय ने 2 ओवर में 16 रन देकर 2 विकेट एवं इशान मिश्रा ने 4 ओवर 14 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किये। इस प्रकार से मैच टाई हो गया। सुपर ओवर में सूर्यबली यादव महाविद्यालय ने पीजी कालेज गाजीपुर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच सूर्यबली यादव महाविद्यालय एवं मो. हसन पीजी कालेज के बीच 12 फरवरी को खेला जायेगा। अम्पायर की भूमिका में प्रदीप पटेल, राज बहादुर यादव एवं स्कोरर की भूमिका विपिन सर्राफ रहे। उक्त अवसर पर सहायक कुलसचिव दीपक कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, खेल सहायक रजनीश कुमार सिंह, सतेन्द्र कुमार सिंह, क्रिकेट प्रशिक्षक विजय प्रकाश, अल्का सिंह चौहान, भानू प्रताप शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# पांच किलो गांजा व 80 लीटर कच्ची शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार



शराब और गांजे के साथ गिरफ्तार बदमाश

**बदलापुर।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के दो अलग-अलग ग्राम पंचायतों से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए 5 किलो गांजा तथा 80 लीटर आमिश्रित कच्ची शराब बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक नवागत पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना स्थानीय टीम बनाकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार पांडेय अपने हमराहियों के साथ क्षेत्र में अवैध वाहन व संदिग्ध ब्यक्तियो की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के मछलीगांव पुराने ईंट भट्ठे के पास से 5 किलो नाजायज गांजा के साथ उक्त ग्राम पंचायत निवासी शशिकेश उर्फ गोलू शुक्ला पुत्र अजय प्रकाश उर्फ नन्हे शुक्ला तथा द्वितीय टीम प्रभारी राजेंद्र प्रसाद ने अपने हमराही कांस्टेबल के साथ मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के सरायगुंजा तिराहे से 80 लीटर आमिश्रित कच्ची शराब के साथ उक्त ग्राम पंचायत निवासी शैलेन्द्र यादव पुत्र स्व. राम अभिलाख को गिरफ्तार करते हुए बिभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर दोनों अभियुक्तों का चालान न्यायालय भेज दिया है।

# कुर्क किए गए सामानों की होगी नीलामी

**सुइथाकला।** न्यायालय के आदेश के क्रम में कुर्क किए गए सामानों की नीलामी सोमवार को दो बजे स्थानीय थाना परिसर में होगी। इस आशय की जानकारी थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

बतौर पुलिस चौकी क्षेत्र सरायमोहिऊद्दीनपुर गांव निवासी अमरेन्द्र ऊर्फ पवन पुत्र सन्तराम विन्द मुकदमा अपराध संख्या 2207/2021 धारा 128 सीआरपीसी से सम्बन्धित अभियुक्त है जिसके विरूद्ध विगत 22 अक्टूबर को माननीय न्यायालय अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय प्रथम ने आदेश कर रखा था जिसके परिपालन में कुर्क किए गए अभियुक्त के सामानों की नीलामी सोमवार को दो बजे थाना परिसर में नायब तहसीलदार सन्दीप कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में होगी। इस आशय की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने लोगों से ससमय प्रतिभाग करने की अपील की है।

# अपराधियों को किसी भी हाल में बक्शा न जाये : डॉ. अजय पाल

**आदेश**

### नवागत पुलिस अधीक्षक ने किया कोतवाली का औचक निरीक्षण

जनसंदेश न्यूज

**शाहगंज।** नवागत पुलिस अधीक्षक डा. अजय पाल शर्मा रविवार दोपहर अचानक कोतवाली पहुंचे। मौके पर पुलिस उपाधीक्षक चोब सिंह व प्रभारी निरीक्षक सदानंद राय मौजूद रहे।

कोतवाली में पहुंचे पुलिस अधीक्षक ने अभिलेखों का निरीक्षण किया। मौके पर असलहा सफाई का कार्य चल रहा था। इस बावत जानकारी लिया। कहाकि असलहे का रख रखाव बढ़िया होने पर संतोष जताया। वहीं सफाई व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। परिसर में जमा गाड़ियों के निस्तारण हेतु निर्देश दिया। वहीं बंदी गृह समेत तमाम रजिस्टर देखा। अपराध पर नियंत्रण लगाने हेतु सख्ती का निर्देश दिया। गश्त बढ़ाने, अराजक तत्वों पर नजर रखने, फरार व वारंटी को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। कहा अपराधियों को किसी भी हाल में बक्शा न जाये वे चाहें कितनी भी ऊंची पकड़ रखते हों। जन सामान्य से बेहतर संवाद स्थापित करने को निर्देशित किया। प्रथम आगमन पर पुलिस कर्मियों की सांसें अटकी रहीं। पौन घंटे निरीक्षण करने के उपरांत सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ रखने का निर्देश दे मुख्यालय हेतु रवाना हुए। आल इज वेल होने पर प्रभारी निरीक्षक समेत कर्मियों ने राहत की सांस ली।



शाहगंज कोतवाली का निरीक्षण करते पुलिस अधीक्षक

## अज्ञात वृद्ध का मिला शव

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ठकठौलिया गांव स्थित गांधी आश्रम के समीप एक अज्ञात वृद्ध का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने सूचना पुलिस को दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार को ठकठौलिया गांव के समीप गांधी आश्रम के पास एक 60 वर्षीय अज्ञात वृद्ध का शव पड़ा हुआ मिला। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त करने का प्रयास किया। शिनाख्त न होने पर पुलिस ने लिखा-पढ़ी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# विधायक निधि से बनने वाले इंटरलॉकिंग का किया शिलान्यास

**खुटहन।** पनौली गांव में रविवार को अपनी निधि से बनाए जाने वाली इंटरलाकिंग का विधायक रमेश सिंह ने वैदिक रीति से मंत्रोच्चार के साथ शिलान्यास किया। गांव के पीडब्ल्यूडी रोड से शिव मंदिर तक डेढ़ सौ मीटर इंटरलाकिंग, जिस पर लगभग सात लाख रुपए ब्यय होना है। जिसे किसी कारणवश मनरेगा से नहीं बनाया जा सका। ग्रामीणों की समस्या देख विधायक ने पूर्व में ही उसे अपनी निधि से बनाने का आश्वासन दिया था जिसकी शुरूआत कर दी गई।

गांव में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार का वादा है कि गांवों की कोई भी वस्ती ही नहीं, कोई ऐसा घर नहीं बचेगा, जहां तक मार्ग, बिजली, पानी, पात्रों को आवास, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध न? करा दी जाय। अधिकतर गांव में इन समस्याओं का निदान भी हो चुका है। जहां नहीं हुआ है, वहां अति शीघ्र काम चालू हो जाएगा। उन्होंने सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए लोगों से आह्वान किया कि आगामी 6 मार्च को जमुनिया इंटर कालेज के मैदान में भव्य सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है जिसका रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य दहेज के दानव को समाज से मिटाना है इसके लिए विशेष रूप से युवा वर्ग आगे आयें। इस मौके पर ग्राम प्रधान विंदू चौधरी, ओमप्रकाश यादव, संतलाल सोनी, पप्पू सिंह, अजीत सिंह, रामकुमार, प्रेमचंद तिवारी, गुलाब, रीगन सिंह आदि मौजूद रहे।



इंटरलाकिंग का शिलान्यास करते विधायक रमेश सिंह

# जिले को 35 हजार करोड़ की मिलेगी सौगात : सांसद

**नेवढ़िया।** भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यसमिति की बैठक और डाटा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन स्थानीय एक मैरिज हॉल में किया गया। बैठक का शुभारंम्भ पं. दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यसमिति बैठक में आगामी कार्यक्रम की रुपरेखा व संगठनात्मक चर्चा किया गया।

**बैठक**

### भाजपा की जिला स्तरीय बैठक और डाटा प्रबंधन कार्यशाला संपन्न

बैठक को सम्बोधित करते हुये मुख्य अतिथि पार्टी के काशी क्षेत्र के मंत्री अशोक तिवारी ने कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में महाशक्ति बनकर उभर रहा है। कुछ दिन पूर्व जब रुस यूक्रेन युद्ध चल रहा था उस युद्ध को रोककर अपने लोगों को वहां से सुरक्षित भारत लाया गया यह इसका जीता जागता उदाहरण है।




भाजपा की जिला स्तरीय बैठक को सम्बोधित करते सांसद मछलीशहर

अभी बीते समय गुजरात विधानसभा चुनाव में जनता का भरपूर समर्थन अपार स्नेह पार्टी को मिला जिसने विगत कई चुनावों का इतिहास ही पलट कर रख दिया। उन्होंने कहाकि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी ने 2024 लोकसभा की चुनाव की तैयारी की रणनीति बीते लोकसभा चुनाव के समय से ही बनानी शुरू कर दी थी जिसका परिणाम है कि आज हमारी जिले मंडल से लेकर बूथ स्तर तक की कमेटी बेहद संगठित और मजबूत है। विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय भाजपा सांसद बीपी सरोज ने कहा की प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की दूरवर्ती सोच के चलते आज जनपद को 35 हजार करोड़ के उद्योगों की सौगात मिलने जा रही है जिनके लगने के बाद नौजवानों को जिले से बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कहा कि पूरे जिले में छोटी-बड़ी कुल मिलाकर 500 सड़कें लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाई जानी है। जिला अध्यक्ष रामविलास पाल ने कहा कि यह भाजपा की कुशल संगठनात्मक क्षमता का ही परिणाम है कि आज समाजवादी पार्टी को विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष का स्थान तक नहीं मिल पा रहा है क्योंकि नेता प्रतिपक्ष के लिए कुल 10 सदस्यों की जरूरत है जबकि हाल ही में भाजपा ने 4 सीटें जीतकर सपा को विधान परिषद में सिर्फ 9 सीटों तक सीमित कर दिया है। भाजपा काशी क्षेत्र चुनाव प्रबंधन समिति के सह संयोजक संदीप तिवारी ने इस मौके पर कार्यकर्ताओं को सरल एप इंस्टॉल करवाया। बैठक को जिला प्रभारी केके सिंह, जिला महामंत्री राजेश श्रीवास्तव, मनोज दुबे, महिलाल गौतम ने भी संबोधित किया। इस मौके पर डॉक्टर अजय सिंह, इंदुबाला सिंह, जयेश सिंह, वंदना पटेल, डॉ. श्याम दत्त दुबे, प्रहलाद यादव, शिवम पाल, अनुराग सिन्हा, अखिल प्रताप सिंह, प्रहलाद यादव, मृत्युंजय तिवारी, शैलेश गिरी आदि लोग थे। संचालन जिला महामंत्री डॉ. अजय कुमार सिंह ने किया। जिला कार्यसमिति के बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने आये सभी अतिथियों का अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत करते हुए आभार प्रकट किया।

# समाचार पत्र कर्मी को मनबढ़ ने धमकाया

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** जनपद भर में बढ़ते अपराध के ग्राफ के बीच अब स्वतंत्र पत्रकारिता भी सुरक्षित नहीं रह गई है। आये दिन नये मामले प्रकाश में आते रहें है जिसमें हत्याओं सहित अन्य संगीन मामले बढ़ते जा रहें है। इसी बीच जौनपुर डिपो से सम्बन्धित खबर प्रकाशित करने पर समाचार पत्र कर्मी को जान से मारने की धमकी मिल रही है।

बताते चलें कि नगर कोतवाली क्षेत्र के सिपाह चाचकपुर निवासी जीशान हैदर ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि शनिवार की रात्रि लगभग 9.42 बजे एक समाचार पत्र के कार्यालय प्रभारी को जान से मारने की धमकी इस बात पर मिली कि समाचार पत्र लगातार जौनपुर डिपो में मिल रही खामियों का समाचार प्रकाशित करता चला आ रहा है जिसको लेकर भ्रष्टाचारियों में खलबली मच गई है।

**दुस्साहस**

### फोन कर दी जान से मारने की धमकी, जांच में जुटी पुलिस

इसी मामले से सम्बन्धित रोडवेज के कर्मचारी ने मोबाइल संख्या 9152283018 से फोन कर अपना नाम राजेश उपाध्याय बताते हुए चेतावनी दी कि तुमको मना किया गया था कि अब खबर नहीं चलनी चाहिये लेकिन तुम माने नहीं, अब तुमने बहुत बड़ी गलती कर दी है जिसका खामियाजा भुगतने के लिये तैयार रहो। उसने यह भी कहा कि जिस चौराहे पर मिलोगे वहीं घसीट कर पिटूंगा और कोई मेरा कुछ भी नहीं बिगाड़ पायेगा। लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस मामले की जाँच में जुट गई है और दोषी के विरूद्ध उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया है। फिलहाल देर शाम तक पुलिस की तरफ से कोई प्रगति नहीं दिखाई दी।

## संक्षेप

### स्थगन आदेश के बाबजूद बंजर भूमि पर किया जा रहा कब्जा

**केराकत।** स्थानीय क्षेत्र के नरहन गांव में स्थगन आदेश के बाबजूद भी बंजर भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष संजय सिंह के नेतृत्व में शनिवार की सुबह समाधान दिवस पर पहुंच पत्रक सौंप न्याय की गुहार लगाई। शिकायत कर्ता ने बताया कि गांव के आराजी नंबर 2184 बंजर खाते की भूमि व नाला सैकड़ों वर्ष पुराना है जिस पर क्षेत्र के जाने माने डॉ. बहादुर अली खान पुत्र मुनौवर खान व अन्य लोगों द्वारा भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। उक्त लोगों द्वारा नरहन गांव की ही अन्य बंजर, भीटा, तालाब आदि पर कब्जा कर अवैध निर्माण कराया गया है जिसको लेकर कई बार तहसील प्रशासन व जिला प्रशासन से शिकायत की गई है बाबजूद इसके भी धनबल व बाहुबल के बल पर डॉ. बहादुर खान व अन्य लोगों का कब्जा किया जा रहा है। पत्रक देने वालों में प्रदीप कुमार, अजय सोनकर, दिलीप सोनकर, मिथलेश गिरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### आमने-सामने बाइक की टक्कर, एक घायल

**मछलीशहर।** रविवार की भोर में जौनपुर-रायबरेली हाइवे के मरी माई पुलिया के निकट दो बाइकों में आमने सामने टक्कर हो गई। टक्कर में अतुल यादव 35 वर्ष पुत्र राम नारायण ग्राम मनिकापुर थाना सिकरारा गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि टक्कर के बाद दूसरा बाइक सवार फरार हो गया। अगल बगल के लोगों की सहायता से एम्बुलेंस से घायल को सीएचसी लाया गया जहाँ चिकित्सक ने नाजुक हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पांच गैरजमानती वारंटी गिरफ्तार

**पवांरा।** अपराध की रोकथाम अपराधियों की धरपकड़ व गैरजमानती वारंटियों की धरपकड़ अभियान के तहत गैर जमानती वारंटी अनिल कुमार, सुनील कुमार, हीरालाल निवासीगण बनकट, दिवाकर दूबे निवासी कुड़रिया व सन्तोष मिश्र निवासी मुड़ाव थाना पवांरा को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया, उपनिरीक्षक मंजय यादव, उपनिरीक्षक शैलेन्द्र सिंह ने पुलिस टीम के साथ रविवार की सुबह विभिन्न स्थानों से गिरफ्तार कर चालान हेतु न्यायालय भेज दिया।

# रंगारंग कार्यक्रमों के बीच मना विद्यालय का वार्षिकोत्सव

**कार्यक्रम**

### नृत्य और गीत के माध्यम से सामाज को किया जागरूक

### प्रतियोगिता में विजयी छात्र किये गए पुरस्कृत

**जफराबाद।** रविवार को कस्बे के मकतब इस्लामिया का वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रमों के बीच बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान छात्र छात्राओं ने नृत्य गीत प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। छात्रों द्वारा समाज को जागरूक, शिक्षा को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

कार्यक्रम में बतौर अतिथि शिरकत कर रहे विधायक जगदीश नारायण राय ने कहा कि शिक्षा से ही देश का विकाश संभव है। उन्होंने बच्चियों की शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि नारी शिक्षा दो परिवारों को शिक्षित करती है। मकतब के पुरातन छात्र डॉ. मोहम्मद हुसैन को



विजेता बच्चों को पुरस्कृत करते विधायक

निसारुल हक द्वारा पुरस्कृत किया गया। विधायक द्वारा प्रतियोगिता में विजयी छात्रों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करने वालो में विशेष रूप से मैनेजर डॉक्टर हुसैन अंसारी, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष उमाकांत गिरी, सपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष डॉ. सरफराज खान, जमाल हाशमी, अब्दुस्सलाम, रसूल आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य अख्तर अली ने किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सरफराज खान ने किया। कार्यक्रम में दानिश, डीके, डॉक्टर सलाम, मुस्तकीम अंसारी सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# खेल से होता है शारीरिक व बौद्धिक विकास : डॉ. आलोक

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** आर्य स्पोर्टिंग फुटबाल क्लब के नेतृत्व में मैच का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि डा. अलोक सिंह ने कहा कि खेल आयोजन से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है और शारीरिक गतिविधि से बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। प्रतियोगिता में हार हो या जीत हमें द्वेष की भावना न रखते हुए बेहतर तैयारी करनी चाहिए। इसी क्रम में अतिथि के रूप में डा. स्वाती यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख सिरकोनी सभाजीत यादव उर्फ कल्लू पहलवान, श्यामलाल पहलवान, बलिराज, राजेन्द्र प्रसाद, संतोष यादव, हिरेन्द्र यादव, बेचन यादव, प्रवीण यादव, शैलेन्द्र भारती, विनोद यादव, राहुल प्रजापति आदि उपस्थित रहे।



# शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम : डॉ. सुषमा पटेल

**आयोजन**

### वार्षिकोत्सव में छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बांधा समा

**मुंगराबादशाहपुर।** क्षेत्र के रज्जूपुर मधुपुर में एमपी इंटरमीडिएट कॉलेज का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने गीत, राधा कृष्ण नृत्य, देश भक्ति नाटिका समेत अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुतियां कर सामाजिक मुद्दों के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. सुषमा पटेल ने कहा कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है। शिक्षा समाज को गतिशील बनाती है व विकास का आधार प्रदान करती। विशिष्ट अतिथि विधायक पंकज पटेल ने कहा कि बेटियां आज किसी भी क्षेत्र में बेटों से पीछे नहीं हैं। ऐसे में समाज की जिम्मेदारी है कि लिंग भेद के चलते बेटियों के



वार्षिकोत्सव समारोह में कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र

अधिकारों को न छीनें। बेटियों के शिक्षित होने से दो घरों को रोशनी मिलती है। विद्यालय के छात्र-छात्राओं में वैभव वर्मा, सुमिता, शिवम, शिवांगी, आयुषी, ज्योति, काजल, अंजू, मनीषा, हर्ष, प्रियांशी, शिवानी, श्वेता, शुभम, स्मिता, प्राची व कोमल आदि ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति कर समा बांधा। पूर्व विधायक डॉ. सुषमा पटेल ने विद्यालय के नवनिर्मित दो कमरों का उद्घाटन करते हुए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्तीर्ण मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। प्रबंधक छोटेलाल पटेल व अध्यक्ष लालता प्रसाद पटेल ने अतिथियों को सम्मानित करते हुए आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राम इकबाल सिंह तथा संचालन प्रोफेसर विजय वर्मा ने किया। इस अवसर पर शैलेंद्र साहू, शरद पटेल, टीटी आलोक पटेल, शकल नारायण, दीपक पटेल, वीरेंद्र बिंद, राजू पटेल, नीलू पटेल, अश्वनी तिवारी, सोनी पटेल, सरोज सिंह, पूजा, प्रीति, रेनू व आंचल आदि लोग मौजूद हैं।